भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:46 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 11 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 22, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं : शाह 16

रश्मिका ने हाल ही में हुई दुर्घटना का किया खुलासा 15

## केदारघाटी में भूस्खलन, 5 श्रद्धालुओं की मौत

### सोमवार देर शाम हुआ बड़ा हादसा, रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में जुटीं

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग जिले में केदारघाटी में हुए भूस्खलन में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। गौरीकुंड क्षेत्र में सोमवार देर शाम भूस्खलन हुआ था, जिससे कई तीर्थयात्री इसकी चपेट में आ गए। मंगलवार को सुबह से ही रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में जुटी रहीं।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर सोनप्रयाग से एक किमी दूर गौरीकुंड के पास सोमवार देर शाम एकाएक भूस्खलन हो गया। इसमें केदारनाथ से लौट रहे आठ पैदल यात्री भूस्खलन जोन में पहाड़ी से गिर रहे पत्थर व मलबे में फंस गए।



कई श्रद्धालुओं के दबे होने की सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान तभी शुरू कर दिया था।

तीन मृतक मध्य प्रदेश के धार जिले के गोपाल पुत्र भक्तराम (50) व समनबाई पत्नी शालक राम (50), घाट जिले के दुर्गाबाई खापर पत्नी संघन लाल (50) हैं। इसके अलावा नेपाल के वैदेही (धनवा) तितली देवी पत्नी राजेंद्र मंडल (70) व गुजरात के खटोदरा सूरत निवासी भारत भाई निरालाल पुत्र निरालाल पटेल (52) शामिल हैं, जबकि जीवच तिवारी पुत्र रामचरित (60) निवासी धनवा नेपाल, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह (30) निवासी वेस्ट बंगाल व छगनलाल पुत्र भक्त राम (45) निवासी राजोत (धार) मध्य प्रदेश घायल हो गए।

**सोनप्रयाग से गौरीकुंड के लिए आवाजाही पर रोक : देहरादूनः** रुद्रप्रयाग प्रशासन ने केदारनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए शाम 5 बजे से सोनप्रयाग से गौरीकुंड के लिए आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**सितारगंज हाईवे और रिंग रोड में हुआ 21.52 करोड़ का घोटाला, जिलाधिकारी को सौंपी गई जांच रिपोर्ट**

## दो पीसीएस अधिकारी, तत्कालीन एक्सईएन समेत 13 दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे और रिंग रोड के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में 21.53 करोड़ का घोटाला सामने आया है। जिलाधिकारी की ओर से बनाई गई कमेटी की प्रारंभिक जांच में दोनों परियोजनाओं में इस घोटाले के लिए कुल 13 अधिकारियों को दोषी पाया गया है। इनमें तत्कालीन और मौजूदा विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (पीसीएस रैंक) के साथ पीडब्ल्यूडी से 31 अगस्त को ही सेवानिवृत्त हुए अधिशासी अभियंता शामिल हैं।

### अलग-अलग परियोजनाओं में कितना घोटाला

सितारगंज हाईवे परियोजना में सदर और नवाबगंज तहसील क्षेत्र में जान-बूझकर भू-उपयोग बदलने जाने से 11 करोड़ 13 लाख 60 हजार 466 रुपये की राजस्व क्षति हुई। इसके अलावा जमीन और परिसंपत्ति का गलत मूल्यांकन कर 1 करोड़ 68 लाख 87 हजार 384 रुपये ज्यादा का मुआवजा बांटा गया। पश्चिमी बाईपास रिंग रोड परियोजना में 8 करोड़ 70 लाख 44 हजार 133 रुपये का कुल गोलमाल हुआ। इसमें जमीन और परिसंपत्ति का गलत मूल्यांकन कर 5 करोड़ 41 लाख 31 हजार 468 रुपये अधिक का मुआवजा तय किया गया, साथ ही जान-बूझकर भू-उपयोग बदलने से 3 करोड़ 29 लाख 12 हजार 665 रुपये की राजस्व क्षति हुई। हालांकि, रिंग रोड परियोजना में तय किया मुआवजा अभी बांटा नहीं गया है।

### एनएचएआई से लेकर राजस्व विभाग तक थी साठगांठ

जांच रिपोर्ट के अनुसार एनएचएआई की नोडल एजेंसी एसए इन्फ्रास्ट्रक्चर कंसलटेंसी लिमिटेड, सांई सिस्ट्रा ग्रुप, इंजीनियर रविंद्र गंगवार (वैल्यूअर) और एनएचएआई के साइट इंजीनियर गलत मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने के दोषी पाए गए। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए अधिशासी अभियंता नारायण सिंह, सहायक अभियंता स्नेहलता श्रीवास्तव, अवर अभियंता राकेश कुमार, अंकित सक्सेना और अमीन शिव शंकर को गलत सत्यापन करने के लिए दोषी माना गया। नवाबगंज तहसील के तत्कालीन लेखपाल सुरेश सक्सेना, सदर तहसील के लेखपाल उमाशंकर, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के तत्कालीन अमीन डंबर सिंह और पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के तत्कालीन जेई सुरेंद्र सिंह को भी घोटाले का जिम्मेदार बताया गया है।

सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में बनी कमेटी जांच रिपोर्ट के मुताबिक दोनों परियोजनाओं में कुल 21 करोड़ 52 लाख 91 हजार 983 रुपये का घोटाला हुआ है। इसमें 14 करोड़ 42 लाख 73 हजार 131 रुपये की राजस्व क्षति भू उपयोग बदलने से होनी बताई गई है, जबकि 7 करोड़ 10 लाख 18 हजार 852 रुपये का नुकसान जमीन और स्ट्रक्चर का ज्यादा मूल्यांकन कर मुआवजा बांटने से हुआ है। दोनों परियोजनाओं की जांच दस दिन पहले शुरू हुई थी। जांच कमेटी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी से भूमि अधिग्रहण से संबंधित तीन हजार पन्नों का रिकॉर्ड लेकर जांच शुरू की थी।

### एक नजर

### माकपा महासचिव येचुरी की हालत गंभीर



**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर है और उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया है। उनकी पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 72 वर्षीय येचुरी का एम्स के आईसीयू में तीव्र श्वसन नली संक्रमण का उपचार किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि चिकित्सकों की एक टीम येचुरी के स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रही है और येचुरी की हालत इस समय गंभीर है। येचुरी को निमोनिया जैसे सीने के संक्रमण के उपचार के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था।

### छह अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों में सरकार का पक्ष रखने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता एस द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्यदर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे को तीन साल की अवधि के लिए नये अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है।

# एक्सपोज हो रहे तो दुष्प्रचार का लेते हैं सहारा : मुख्यमंत्री

### योगी ने बिना नाम लिए सपा मुखिया पर कसा तंज, 688 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

- कहा- 2017 के पहले अनेक कार्य व चयन संदेह के घेरे में आज भी चल रही सीबीआई जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया का नाम लिए बगैर तंज कसा कि जिन लोगों ने कभी अच्छा किया ही नहीं, उन्हें अच्छा होने पर बुरा लगेगा ही। वह एक्सपोज हो रहे हैं, इसलिए दुष्प्रचार का सहारा लेते हैं। पूछा जाना चाहिए कि जब सरकार थी तो क्या कर रहे थे? भर्ती प्रक्रिया क्यों पारदर्शी ढंग से नहीं हो पा रही थी? क्यों न्यायपालिका को बार-बार भर्ती प्रक्रियाओं को रोकना पड़ा था?

मुख्यमंत्री मंगलवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 647 वन रक्षकों व वन्यजीव रक्षकों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 41 अवर अभियंताओं को लोकभवन में नियुक्ति पत्र देने के बाद बोल रहे थे। योगी ने सपा समेत विरोधी दलों पर आरोप लगाया कि 2017 के पहले शुचितापूर्ण भर्ती संभव नहीं थी। सभी आयोग व बोर्डों पर प्रश्न खड़े हो रहे थे। उनके कार्य व चयन संदेह के घेरे में थे। आज भी तमाम मामलों में सीबीआई जांच चल रही है। योगी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जो पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगनाओं को अपना शागिर्द बनाते थे। नियुक्ति की भर्ती प्रक्रिया निकलने के बाद जिनकी सूची चली जाती थी और वसूली प्रारंभ होती थी। गरीब व मेधावी छात्र को नियुक्ति नहीं मिल पाती थी, बल्कि नियुक्ति बैकडोर से होती थी। युवा आत्महत्या को मजबूर होता था।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षकों से कहा कि जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र सौंपते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### डकैत भी बिना प्रमाण खुद को दोषी नहीं मानता

योगी ने सपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि गिरोह का व्यक्ति परेशान होगा तो सरगना भी परेशान होगा। परेशान होने पर कुछ न कुछ बोलेगा ही। डकैत भी बिना प्रमाण खुद को दोषी नहीं मानता। फुटेज दिखाने पर ही कहता है कि गलती हो गई। यह भी गलती करते हैं, लेकिन स्वीकार नहीं करते। इन्हें फुटेज दिखाते हैं, फिर अहसास कराना पड़ता है कि तुमने गलती की है। इसलिए जनता बार-बार ठुकरा रही है।

### 1.55 लाख पुलिस कार्मिकों व 1.64 लाख शिक्षकों की हुई भर्ती

योगी ने कहा कि 1.55 लाख पुलिस कार्मिकों खाली पद भरे गए। साथ ही 1.64 लाख शिक्षकों की भर्ती बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा में हुई है। साढ़े छह लाख नौजवानों को सरकार में नौकरी दी गई है। 2017 के पहले भर्ती को लेकर सरकार की नीयत अच्छी नहीं थी। घूसखोरी उनकी पहचान बन चुकी थी।

## मणिपुर: राजभवन कूच कर रहे छात्रों और सुरक्षा बलों की भिड़ंत

### झड़प में 40 घायल, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे, इंटरनेट बंद

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और राज्य के सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को राजभवन की ओर कूच करने के प्रयास के दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प में 40 से अधिक छात्र घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि हजारों छात्रों और महिला प्रदर्शनकारियों ने यहां बीटी रोड पर राजभवन की ओर मार्च करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें कांग्रेस भवन के पास रोक दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर और गुलेल से कंचे फेंके, जिसके चलते पुलिसकर्मियों को उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

अधिकारी ने कहा कि झड़पों में 40 से अधिक छात्र घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच मणिपुर सरकार ने छात्रों के उग्र आंदोलन के बीच मंगलवार को पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाओं को पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया।



राजभवन कूच कर रहे छात्रों को रोकने की कोशिश करते सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

### ड्रोन हमले के बाद अत्याधुनिक रॉकेट के अवशेष मिले

**इंफाल।** ड्रोन और हाईटेक मिसाइल हमलों के बाद अत्याधुनिक रॉकेट के अवशेष बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के सेवानिवृत्त महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर के इस दावे को खारिज कर दिया कि हमलों में किसी ड्रोन या रॉकेट का इस्तेमाल नहीं किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) के. जयंत सिंह ने कहा कि ड्रोन और हाई-टेक मिसाइल हमलों के सबूत हैं। ड्रोन बरामद किए गए हैं। नागरिक क्षेत्रों पर दागे गए अत्याधुनिक रॉकेटों के अवशेष बरामद किए गए हैं।

### सीआरपीएफ के दो हजार और जवान मणिपुर भेजे

**नई दिल्ली।** केंद्र ने जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा ड्यूटी के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो नई बटालियन की तैनाती का निर्देश दिया है, जिनमें करीब 2,000 जवान होंगे। सूत्रों ने बताया कि बटालियन संख्या-58 को वारंगल (तेलंगाना) से, जबकि बटालियन संख्या-112 को लातेहार (झारखंड) से भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक बटालियन को मणिपुर के कांगवई (चुराचांदपुर), जबकि दूसरी बटालियन को इंफाल के आसपास तैनात किया जाएगा।

## अजमेर में ट्रेन बेपटरी करने की साजिश

जयपुर, एजेंसी

- ट्रैक पर दो जगह रखे 70 किलो वजनी ब्लॉक, हादसा टला

कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर जिले में ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश सामने आई है। सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो जगहों पर असामाजिक तत्वों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ।

उत्तर पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ बदमाशों ने रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में पटरी पर सीमेंट के दो ब्लॉक रख दिए, जिन्हें एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी, लेकिन कुछ अप्रिय नहीं हुआ। फ्रेट कॉरिडोर के एक अन्य



अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। कॉरिडोर कंपनी डीएफसीसी के उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) चित्रेश जोशी ने कहा कि घटना रविवार रात को हुई, जब ट्रेन सीमेंट के ब्लॉक से टकरा गई। ट्रेन के गार्ड ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ के साथ अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे वहां सीमेंट के वजनी ब्लॉक मिले।

उन्होंने कहा कि इस घटना से रेलगाड़ियों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं आई। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी कॉरिडोर में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना कानपुर में भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश के एक दिन बाद हुई है। कुछ दिन पहले राजस्थान के पाली जिले में भी अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

## पांच और मेडिकल कॉलेजों में होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

- कानपुर देहात और ललितपुर मेडिकल कॉलेज में सीटें बढ़ीं

**लखनऊ, अमृत विचारः** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदेश के पांच और नए मेडिकल कॉलेज को मान्यता देते हुए एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है। इस कड़ी में कानपुर देहात और ललितपुर में मेडिकल कॉलेज की सीटों को बढ़ाकर 50 से 100 कर दिया गया है। साथ ही राज्य में एमबीबीएस की 600 और सीटों में बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ प्रदेश में अब कुल एमबीबीएस की 1200 नई सीटें हो गई हैं।

इससे पहले राज्य के 7 नए मेडिकल कॉलेज को मान्यता दे दी गई थी। इसमें पांच मेडिकल कॉलेज में 100-100 एमबीबीएस सीटों और कानपुर देहात और ललितपुर मेडिकल कॉलेज में 50-50 सीटों पर एमबीबीएस की मान्यता दी गयी थी। दरअसल, इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी बात की थी।

## फूल तोड़ने गईं 4 बालिकाओं की तालाब में डूबकर मौत

संवाददाता, नवाबगंज (बहराइच)

- बहराइच के नवाबगंज थाना क्षेत्र की सतीजोर गांव की घटना

**अमृत विचारः** सतीजोर गांव में बेली का फूल तोड़ने गईं चार बालिकाओं की तालाब में डूबकर मौत हो गई। शव तालाब से बरामद कर लिए गए हैं। वहीं एक बालिका दूर खड़ी होने से सुरक्षित बच गई है। मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर शोक जताते हुए मृतक बच्चियों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 4 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतीजोर में तालाब में बेली का फूल लगा हुआ है, जिसे तोड़ने के लिए मंगलवार सुबह 10 बजे गांव निवासी महक (14) पुत्री कालीन खान सहेलियों संग गई तो महक तालाब में डूबने लगी। महक को बचाने की कोशिश में सामिया (10) पुत्री इशरत, साइबा (10) पुत्री मेराज और सरिकुल खातून (13) मकबूल खां भी डूब गईं। तालाब में डूबने से तीन बालिकाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बालिका को ग्राम प्रधान और अन्य की मदद से अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी भी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई।

## अब 20 किलोमीटर तक नहीं देना होगा टोल टैक्स

- जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों को राहत

**नई दिल्ली।** वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन करने की अधिसूचना जारी की। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संशोधन नियम, 2024 के रूप में अधिसूचित नए नियमों के तहत राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने पर ही वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने जुलाई में कहा था कि उसने फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली को पायलट आधार पर लागू करने का फैसला किया है।

## जुलाना में विनेश को टक्कर देंगे भाजपा के योगेश बैरागी

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

**हरियाणा विस चुनाव**



- भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की दो मंत्रियों के टिकट काटे

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी, जिसमें दो मंत्रियों के टिकट काट दिए गए हैं। जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट से मुकाबले के लिए पार्टी ने युवा नेता कैप्टन योगेश बैरागी पर दांव खेला है।

भाजपा ने 4 सितंबर को जारी अपनी पहली सूची में कमलजीत सिंह अजराना को पिहोवा सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन दूसरी सूची में उनकी जगह जय भगवान शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने पिहोवा के मौजूदा विधायक और पूर्व मंत्री संदीप सिंह का टिकट काट दिया था। भाजपा ने मंत्री बनवारी लाल का भी टिकट काट दिया है। उनकी जगह कृष्ण कुमार को मैदान में उतारा गया है। बढ़कल की मौजूदा विधायक और स्कूल शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है।

## अवैध धर्मांतरण में उमर गौतम सहित 16 दोषी करार

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण मामले में एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने मंगलवार को मौलाना कलीम सिद्दीकी व मो. उमर गौतम समेत 16 आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपियों की सजा पर सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तारीख तय की है। एटीएस ने इन सभी को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया था। 20 जून, 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में दर्ज कराई गई थी। आरोपियों द्वारा साजिश के तहत धार्मिक उन्माद तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मांतरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था।

**दुर्लभ संयोग** पृथ्वी से देखा जा सकेगा इस घटना को, खगोलविदों को बेसब्री से इंतजार

## ब्रह्मांड में होने जा रही तारों के बीच टकराने की बड़ी घटना

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचारः** दूर आसमान में एक बड़ी खगोलीय घटना होने की संभावना खगोलविदों ने जताई है। यह घटना दो तारों के आपस में टकराने से होगी। इस दुर्लभ घटना को पृथ्वी से देखा जा सकेगा। लाल दानव तारा और सफेद बौने तारे के बीच यह खगोलीय घटना होगी।

वैज्ञानिकों के अनुसार ये घटना टी कोरोना बोरेलिस तारे के साथ होने जा रही है, जिसे आमतौर पर ब्लेज स्टार के रूप में जाना जाता है। 80 वर्षों के अंतराल में पहली बार इसके विस्फोटित होने की आशंका बनी हुई है। यह घटना कोरोना बोरेलिस के तारामंडल में होगी। इस तारामंडल को उत्तरी क्राउन भी कहा जाता है। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के खगोल विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एड मर्फी ने यह खोज की है। इस खोज में दो तारे एक-दूसरे की परिक्रमा करते हुए मिले हैं, जिसमें एक सफेद बौना तारा है और दूसरा एक लाल विशाल तारा है।

लाल तारा इतना बड़ा हो चुका है कि इसकी बाहरी परतें सफेद बौने के बेहद करीब आ पहुंची हैं और सफेद बौने की ओर खिंची जा रही हैं। इस तरह की घटना पहली बार 1866 में देखी गई थी। मगर अब होने जा रही नोवा होगी या फिर कुछ और, इसका पता घटना के होने के बाद ही लग सकेगा। यह तारामंडल हमसे 25 सौ प्रकाश वर्ष दूर है। इनके आपस में विलय की घटना दुर्लभ होगी।

इस घटना से तारों के जीवन के बारे में बहुत कुछ जानकारी हासिल की जा सकेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार ये दोनों तारे एक साथ पैदा हुए थे और उन्होंने अपना जीवन एक साथ बिताया। अब उसका साथी तारा मर रहा है, जो फूल गया है और एक दिन सफेद बौना भी बन जाएगा। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।



### तारों का आपस में टकराना ब्रह्मांड में आम बात

**नैनीताल :** तारों का आपस में टकराना ब्रह्मांड की आम घटना है, मगर ऐसी घटनाओं में करोड़ों वर्ष का समय लग जाता है। ब्रह्मांड अनगिनत तारों से पटा पड़ा है। अंतरिक्ष में जुड़वा तारों की संख्या भी कम नहीं है। तारों के अलावा अन्य की बात की जाए तो निहारिकाओं का टकराव होता रहता है। वहीं, ग्रहों व अन्य पिंडों के आपस में टकराने का सिलसिला चला आ रहा है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा।

# पंडालों में गूंजे गणपति के जयकारे, आयोजनों की धूम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गणेश चतुर्थी को लेकर पंडालों में उत्सव का माहौल है। भक्त पंडालों में पहुंच विघ्नहर्ता गणपति की सुबह शाम पूजा अर्चना कर रहे है।

गणेश महोत्सव के चौथे दिन पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। विघ्नहर्ता की आरती व भक्ति गीतों से नगर व प्रमुख बाजार गुंजायमान हैं। गणेश महोत्सव के पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। पंड़ालों में सुबह-शाम आरती के समय भीड़ बढ़ रही है। शहर के कटरा मोहल्ला, कचहरी टोला, विशुनपुर टीला, कुतुलूपुर, ठेकेदार गली, यशोदा नगर, शिवाजी नगर और हरी नगर समेत करीब 35 स्थानों पर गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। घरों में भी भक्त बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन कर रहे है।



पंडाल में गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## गणपति का किया भव्य श्रृंगार, लगाया भोग

**सौरिख, कन्नौज।** गणेश चतुर्थी के चौथे दिन नगर के गणेश पंडालों से वातावरण भक्ति मय बना हुआ है। भक्तों ने श्रीगणेश का भव्य श्रृंगार कर भोग लगाया। शाम को रंग-बिरंगे झालरों से सजे गणपति के पंडाल अनोखी छटा बिखेर रहे हैं। मंगलवार को पंडाल में हुई आरती में रौनक देखने को बनी। पहाड़ी बाबा मंदिर में मंगलवार सुबह अनुज त्रिपाठी व राधा पूजन किया। पं. अवधेश द्विवेदी ने बप्पा का दूध दही से अभिषेक करवाने के साथ पूजन करवाया। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश महोत्सव में प्रतिदिन आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर चलता है। नगर में नौ स्थानों पर गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर अखिलेश चतुर्वेदी, मयूर दुबे, आकाश चतुर्वेदी, छोटे मिश्रा, वरुण दुबे, अभिषेक त्रिपाठी, जीवन मिश्रा, भूरे अवस्थी, रंजन चतुर्वेदी, लला तिवारी, जयंत मिश्रा, आदि कई लोग मौजूद रहे।



श्री गणेश की आरती वंदना करते मलिक पांडे। अमृत विचार

## मनमोहक झांकियों ने बिखेरी अनुपम छटा

**जलालाबाद, कन्नौज।** जलालाबाद के घर व पंडालो में विराजे प्रथम पूज्य श्री गणेश की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। श्री गणेश महोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्री मंशा देवी मंदिर पर सजे पूजा पंडाल में आचार्य प्रेमी महाराज द्वारा आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आरती के समय भक्तों की भारी भीड़ उमड रही है। पंडाल में विराजे विघ्नहर्ता गणेश की प्रतिमा मनमोहक छटा बिखेर रही है। सैकड़ो की संख्या में भक्तगण आरती में शामिल हो रहे हैं। आरती के पश्चात मनमोहन संस्कृति कार्यक्रम कलाकारों के द्वारा झांकियां का प्रदर्शन किया जा रहा। इस दौरान अजय पाठक, भोला गुप्ता, रंजीत चौरसिया, सौरभ पाठक, अभिषेक पाठक, सचिन पाठक, गौरव, रणजीत, शिवम, हिमांशु गुप्ता, गोविंद, अभिषेक चक्रवर्ती आदि लोग मौजूद रहे।

## लंपी त्वचा रोग के टीकाकरण को मांगी गई वैक्सीन

**कन्नौज।** पशुओं में लंपी त्वचा रोग को रोकने के लिए टीकाकरण होगा। इसके लिए, जनपद में 1.87 लाख वैक्सीन की डोज मंगाई गई है। जल्द ही वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। 15 सितंबर से करीब एक महीने के लिए अभियान चलेगा।

सीवीओ डॉ. कर्णवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ से गोवंशों के लिए वैक्सीन मंगाई गई है। जिलेभर में 17 टीमें निशुल्क वैक्सीनेशन करेंगी। सीवीओ ने बताया कि अब तक जिले में एक भी लंपी का केस नहीं मिला है। अन्य जनपदों से कोई केस यहां न फैले इसके इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोवंशों में टीकाकरण के लिए टीमें घर-घर तो जाएंगी पशुपालक सरकारी अस्पतालों में भी वैक्सीनेशन करा सकते हैं। सीवीओ ने बताया कि लंपी में पशुओं की त्वचा पर गांठ पड़ जातीं हैं। जब यह गांठ फूटती हैं तो उसमें कीड़े होते हैं।

## सार-संक्षेप



जिला अस्पताल में गोष्ठी के दौरान जानकारी देते जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, मौजूद नोडल डॉ. ओपी गौतम व अन्य। अमृत विचार

### विश्व मानसिक रोग दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

**कन्नौज।** विश्व मानसिक रोग दिवस पर जिला अस्पताल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु व एसीएमओ डॉ. ओपी गौतम के अलावा मनु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाती कटियार व डॉ. गंगा राम ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य विकार, अवसाद या चिंता, अधिक सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। मानसिक बीमारियों के 200 से ज़्यादा प्रकार हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकारों के लक्षण आमतौर पर उपचार से ठीक हो जाते हैं, जिसमें दवा, मनोचिकित्सा, वैकल्पिक उपचार या मस्तिष्क उत्तेजना चिकित्सा शामिल होती है। यह रोग व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य विकारों से होता है। वे असमान्य जीन का परिणाम हो सकते हैं। यह जीन माता पिता से विरासत में मिल सकते हैं या अपने जीवन के दौरान जीन बदल सकते हैं। मस्तिष्क में रसायनिक असंतुलन भी मानसिक बीमारी का कारण बन सकता है। इससे मानसिक बीमारी का खतरा बढ़ जाता है यदि आप शराब का सेवन करते या मनोरंजक दवा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि मानसिक रोगी को जो समझ में आता वही काम करता है। आत्महत्या जैसा कदम भी इसी में आता है। इस मौके पर अभिषेक कुमार, चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र कटियार मौजूद रहे।

### पोस्टमैन ने सफाईकर्मी के हड़पे 1.26 लाख रुपये

**कन्नौज।** कोतवाली तिर्वा इलाके के गांव गागेमऊ निवासी जसवंत सविता ने बताया कि औरैया में वह सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। तिर्वा के डाक घर में पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (पीएलआई) कराया था। 12 मार्च 2014 से प्रति महीने की बीमा किस्त 1375 रुपये वह अदा कर रहा है। पोस्टमैन उसकी पासबुक अपने पास रखे है। वर्ष 2018 में जब पासबुक मांगी तो नहीं मिली। डाकघर से जानकारी हुई कि उसके नाम से कोई किस्त जमा नहीं हुई है। इसके बाद जब उसने पोस्टमैन से पूछताछ की तो उसे धमकी दी। इससे पीड़ित ने फर्रुखाबाद जनपद के फतेहगढ़ डाकघर अधीक्षक से पोस्टमैन की शिकायत की गई। आरोप लगाया कि डाकिया ने उसकी एक लाख 26 हजार 288 रुपये धनराशि हड़प ली है। हालांकि डाक अधीक्षक ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़ित को लिखा है। पीड़ित का कहना है कि एफआईआर दर्ज कराने की धमकी पर 10 हजार रुपये वापस किए गए हैं। जसवंत ने एसपी को संबोधित शिकायती पत्र भेजा है।

### छात्र से कुकर्म के आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर

**सौरिख कन्नौज।** सहपाठियों ने एक छात्र से कुकर्म कर मामले का वीडियों रिकार्ड का सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर देकर आरोपी छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तीन दिन दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी हाईस्कूल के छात्र के साथ 25 जुलाई को उसके तीन सहपाठियों ने उसे बाग में ले जाकर कुकर्म किया। आरोपी छात्रों ने मामले का वीडियो भी रिकार्ड कर लिया। पीड़ित छात्र को ब्लैकमेल कर हजारों रुपये वसूल लिए। मांग बढ़ने पर जब पीड़ित ने रुपये देने से मना कर दिया तो उसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। पिता ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी परिजनों के साथ फरार हो गए है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि दबिश दी जा रही हैं। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### दहेज के लिए विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी के बाद दहेज में कमी बताकर ससुरालियों ने विवाहिता से गालीगलौज कर मारपीट की और धमकी देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तरीर देकर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जुनैदपुर निवासी अनुराधा पत्नी अनिल कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी हरदोई के थाना अरवल निवासी गोपाल अग्निहोत्री के साथ हिंदू रीति से क्षमतानुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद पति गोपाल अग्निहोत्री, सास मीरा देवी, ननद नीतू, देवर अंकित ने दहेज में कार व नगदी की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गालीगलौज की और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 12 रबी उल अव्वल की तैयारियां शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ईद ऐ मिलादुन नवी 12 रवि उल अव्वल त्योहार को लेकर मस्जिदों व मुस्लिम बहुल मोहल्लों को सजाने की तैयारियां जोरों से शुरू हो गई हैं। मालूम हो कि 16 सितंबर सोमवार को जश्ने यौमे विलादत यानी आकाए कायनात हज़रत मुहम्मद सल्लललाहो अलैहे वसल्लम का जश्नें यौमे विलादत (जन्मदिन) 12 रबिउल अब्बल है। इसको लेकर नगर व आसपास के गांव देहात में 12वीं शरीफ़ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर की जामा मस्जिद बाजार कला सहित लगभग सभी मस्जिदों व मुस्लिम बहुल इलाकों के लोगों ने अपने अपने घरों को सजाने का काम शुरू कर दिया है।

## एक नजर

### हसेरन, तालग्राम लेखाकार से मांगा स्पष्टीकरण

**कन्नौज।** उपायुक्त श्रम रोजगार ने तीन ब्लॉक क्षेत्रों के दो लेखाकार को नोटिस जारी किया है। उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। आरोप है कि कर्मचारियों की ईपीएफ धनराशि यूएन में जमा नहीं हुई है। डीसी मनरेगा दिनेश यादव ने हसेरन के लेखाकार विनोद चतुर्वेदी, तालग्राम व जलालाबाद के लेखाकार संतोष कुमार को नोटिस भेजा है। इसमें कहा है कि विकास खंड व ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कर्मचारी काम कर रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक का ईपीएफ कटौती की धनराशि विकास खंड में संचालित होल्डिंग अकाउंट एडमिन व मैटेरियल में प्राप्त हो चुकी है। डीसी मनरेगा ने पत्र में कहा है कि इसको लेकर फोन से कई बार कहा गया है कि ईपीएफ की धनराशि कर्मचारी के यूएन में जमा कराई जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। नियम मुताबिक 15 दिन के अंदर यह धनराशि यूएन में जमा हो जानी चाहिए। इस पर ग्राम्य विकास आयुक्त ने नाराजगी जताई है। तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के साथ ही धनराशि भी यूएन में जमा कराने को कहा गया है।

### वेतन के लिए प्रदर्शन

**कन्नौज।** ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने वेतन को लेकर ब्लॉक कन्नौज परिसर में प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि अगस्त का वेतन अब तक नहीं मिला है। अगर 11 सितंबर तक वेतन न मिला तो सभी ब्लॉकों में आंदोलन किया जाएगा। 12 सितंबर को कलक्ट्रेट में मांगों को लेकर प्रदर्शन होगा। इस मौके पर दीपक, रामादेवी, अनूप कुमार, सीमा, किशोरी, शिवलाल, विमलेश कुमार, संतोष, सुनील कुमार व सुनीता आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों का कैंप आज

**कन्नौज।** जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत छह से 14 साल तक के दिव्यांग बच्चों को हियरिंग ऐड, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, कैलीपर आदि उपकरण फ्री में दिए जाएंगे। इसके लिए निशुल्क जांच के लिए 11 सितंबर को बीआरसी कन्नौज व 12 को बीआरसी उमर्दा में कैंप लगेगा। क्रमश: वितरण 26 व 27 नवंबर को होगा।

### देवर ने भाभी से किया दुष्कर्म, घर से निकाला

**छिबरामऊ कन्नौज।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि पति की गैर मौजूदगी में देवर ने दबाव बनाकर जबदस्ती कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वह मारपीट करता था। मामले की शिकायत सास व चचिया ससुर से की तो आरोपियों ने मारपीट कर सोमवार को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर देवर, सास और चचिया ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### हवन-पूजन कर मनायी पुण्य तिथि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मंगलवार को नगर पंचायत तालग्राम के पूर्व चयरमैन दिनेश सिंह यादव के पिता स्व. सूर्यभान सिंह की 10वीं पुण्यतिथि हवन पूजन कर मनाई गई। कस्बा के चौखटा रोड पर स्थित उनके पिता व मां के स्मारक स्थल पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कस्बा व आसपास के तमाम लोगों की भीड़ जुटी। हवन पूजन के बाद आरती हुई। इसके बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

# लापता युवती का शव खेत में पोल पर लटका मिला

## मां ने जेठ के बेटों, बहुओं पर दर्ज कराई हत्या करने की रिपोर्ट

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर से सटे एक गांव की युवती देर शाम खेतों की तरफ गई और रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने पुलिस के साथ खोजबीन की तो उसका शव खेत में खड़े बिजली के पोल पर लटकता मिला। मृतका की मां ने जेठ के दो बेटों व उनकी पत्नियों पर रंजिशन बेटी की हत्या का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मौत का कारण हैंगिंग आया है।



मृतक रागनी।



मृतका के परिजनों से जानकारी लेते कोतवाल सचिन कुमार सिंह। अमृत विचार

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरायदायमगंज की रहने वाली रागिनी (19) सोमवार की शाम अन्ना मवेशियों से खेत की रखवाली करने गई थी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने पुलिस के साथ खोजबीन शुरू की तो बिजली के पोल पर शव लटका मिला। मृतका की मां जावित्री देवी ने परिवार के लोगों पर हत्या के आरोप लगाते हुए जेठ स्व. शेर सिंह के पुत्रों विश्राम सिंह व फूल सिंह, रूबी पत्नी विश्राम सिंह, शशि पत्नी फूल सिंह के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया।

- पोस्टमार्टम में मौत का कारण हैंगिंग बताया, पुलिस बोली- जांच के बाद होगी कार्रवाई

पुलिस ने शव उतरवाने के बाद पड़ताल शुरू कर दी। बता दें कि कि मृतका रागिनी के पिता भूप सिंह व भाई अंकित व दिलीप हत्या के आरोप में जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि लगभग 9 माह पूर्व खेत की मेड़ को लेकर दोनों परिवारों में खूनी विवाद हो गया था। इसमें भूप के भाई शेर सिंह की मौत हो गई थी। उसका बदला लेने के लिए की हत्या कर शव खंबे में लटकाए जाने का युवती के परिजनों ने आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सूत्र बात रहे हैं कि वीडियोग्राफी के साथ डॉक्टरों द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया जिसमें मौत का कारण हैंगिंग आया है।

# सभासद समर्थक ने की गालीगलौज, मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगरपालिका की बिजली रिपेयरिंग करने में प्रयुक्त होने वाले हाइड्रा से सभासद ने अपने मकान के बाहर पुताई कराई। एक युवक ने इसका वीडियो वायरल कर दिया। जानकारी होने पर सभासद के समर्थकों ने युवक को फोन पर गाली दी। इसके बाद दरवाजे पर पहुंच कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर एसपी से शिकायत की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नगरपालिका सभासद नावेद ने दो दिन पहले अपने मकान के बाहरी हिस्से की पुताई नगर पालिका के हाइड्रा से कराई। सरकारी हाइड्रा का दुरुपयोग होता देख शहर के मोहल्ला हरीनगर निवासी शिवम गुप्ता पुत्र संजीव गुप्ता ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी होने पर सभासद के सहयोगी मनीष गुप्ता पुत्र रजनीश गुप्ता निवासी मोहल्ला कचहरी टोला ने 9 सितंबर को शाम 7 बजे फोन पर गालीगलौज की। इसका भी ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। 10 सितंबर की सुबह 10 बजे के करीब शिवम जैसे ही घर से निकला उसी समय मनीष गुप्ता ने उसे घेर लिया। इसके बाद गाली गलौज करते हुएमारपीट की। मामले में शिवम ने एसपी अमित आनन्द को शिकायती पत्र दिया है। इस में कहा कि वीडियो वायरल करने पर नाबेद व उनके सहयोगी रंजिश मानने लगे। इसीलिये उससे गाली गलौज व मारपीट की गई है। यही नहीं उसका मोबाइल भी छीन लिया है। मनीष जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया। आरोप लगाया कि आरोपी कई मामलो में जेल जा चुका है। उससे जान का खतरा है।



एसपी दफ्तर के बाहर खड़ा शिवंम।

- नगर पालिका के हाइड्रा से मकान की पुताई कराने का वीडियो हुआ था वायरल
- पहले दी फोन पर धमकी व गाली, एसपी से की गई शिकायत

# शुरू हुई उपभोक्ता आयोग में वादों की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में महीनों से ठप पड़े वादों की सुनवाई शुरू हो गई है। जल्द ही मामलों का निस्तारण भी होने लगेगा। प्रचार-प्रसार होने पर वादों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी की संभावना है।

दरअसल, तहसील सदर परिसर में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग है। यहां पर दुकानदार-ग्राहक से संबंधित मामले दायर होते हैं और उसकी सुनवाई होती है। कई महीनों से अध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था।



जगन्नाथ मिश्र।

31 अगस्त को अध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण किया था। मंगलवार को आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र ने बताया कि उनके पास औरैया का मुख्य चार्ज है इस वजह से वह सप्ताह में दो दिन सोमवार व मंगलवार को ही वादों की सुनवाई कन्नौज में करेंगे। सितंबर में कुछ मामलों के निर्णय आने की संभावना है।

# साइबर अटैक से बचाएगा सॉफ्टवेयर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों समेत सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों को साइबर अटैक से बचाने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों ने शोध किया है। इसमें ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया जो अटैक को पहले ही भांप लेगा। यह शोध अंतर्राष्टीय जनरल कंप्यूटर्स एवं इलेक्ट्रानिक में प्रकाशित हुआ है।

घरों में लगे इलेक्ट्रानिक सुरक्षा उपकरण भी साइबर अटैक के शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराधी उपकरणो की गोपनीय जानकारी चुरा लेते हैं। इससे संबंधित को क्षति का सामना करना पड़ता है।



अभिषेक बाजपेयी।



नवीन तिवारी।

- इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों को मिली कामयाबी

इस समस्या से निपटने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रो. अभिषेक बाजपेयी व नवीन तिवारी ने कई माह शोध कर सॉफ्टवेयर तैयार किया है। यह उपकरणों पर होने वाले साइबर अटैक को पहले भांप कर संबंधित को अलर्ट कर देगा। प्रो. बाजपेयी ने बताया कि अभी तक सीसीटीवी समेत घरों पर लगे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर साइबर हमला कर गोपनीय जानकारियां चोरी की जा सकती थीं। जो सॉफ्टवेयर तैयार किया वह प्रतिष्ठानों समेत घरों में लगे सुरक्षा उपकरणों को सुरक्षित रखेगा। उनका शोध अंतर्राष्ट्रीय जनरल कंप्यूटर्स एवं इलेक्ट्रानिक में दो दिन पहले प्रकाशित हुआ है। इससे पहले वैज्ञानिकों ने शोध को पढ़ा तथा उसका माडल देखा। प्रकाशन के बाद कोई भी कंपनी मॉडल लेकर सॉफ्टवेयर तैयार कर सकती है।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में किसी प्रकार हुई सड़क दुर्घटनाओं में करमुल्लापुर गांव निवासी अभय कुमार पुत्र रमेश चंद्र और नगला पूरन गांव निवासी आदर्श कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सख्ती आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में जिले की रैंकिंग खराब होने पर जवाब तलब

# सीएमओ समेत 10 अधिकारियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आईजीआरएस से जुड़े मामलों का समय से निस्तारण न हो पाने पर जिले की रैंकिंग प्रभावित हो गई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में सीएमओ समेत 10 जिलास्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों को तीन दिनों में नोटिस जवाब देना है।

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आईजीआरएस मामलों के निस्तारण को लेकर एडीएम आशीष कुमार व एडीएम न्यायिक देवेंद्र सिंह की संयुक्त रूप से अध्यक्षता में बैठक हुई। आईजीआरएस संदर्भो के गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में फीडबैक खराब होने और जिले की रैंकिंग प्रभावित होने की स्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, उप जिलाधिकारी कन्नौज, उप जिलाधिकारी तिर्वा, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, अधिक्षण अभियंता विद्युत, क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। तीन दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है।

- 3 दिन में अधिकारियों को देना होगा नोटिस का जवाब

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि आईजीआरएस सन्दर्भ के निस्तारण में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि, वेतन रोकने जैसी कठोर कार्रवाई की जायेगी। कहा कि जन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता लाएं। अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी के मोबाइल में आईजीआरएस ऐप इंस्टाल होना चाहिये। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिये कि एडीओ पंचायत स्तर से संबंधित शिकायतो का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाये। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को, किया गया प्रचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर को होगी। इस को सफल बनाने के एसपी ने पुलिस कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन पूरे जिले में प्रचार करेगा। लोगों को बताया जायेगा कि वह अपने मामलों को सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निपटाये।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को वरिष्ठ लिपिक संजय सिंह ने हरी जंड़ी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। इस मौके पर मोहम्मद साजिब ,मोशमीन बेगम पीएलवी एवं नगर पालिका कर्मचारी अमरदीप, प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, ज्ञानेद कुमार, रामबीर, प्रवेश यादव, रामेंद्र सिंह, दयाशंकर सैनी मनोज कुमार, अभय तिवारी, फिरोज, अमर आदि मौजूद रहे।गुरसहायगंज में नगर पालिका परिषद की ओर ईओ अनिल पंडित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सभासद उमेश चंद्र, राजा, अतुल कुमार, बहार, राजेश शर्मा रहे।

- प्रचार वाहन पूरे जिले में करेगा भ्रमण

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुरेन्द्र शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, निवासी– ए/6 श्रेयांस सोसाइटी नियर हैण्डलूम हाउस, तिलमिया वार्ड नानपुरा सूरत जिला सूरत गुजरात 395001**, मेरे बैंक खाता नम्बर 073010002902 मे मेरा नाम सुरेन्द शर्मा SURENDRA SHARMA अंकित है और आधार कार्ड गुजरात का बना हुआ है जिसमे कि मेरा नाम SHARMA SURENDRA RADHESHYAM के नाम से है। यह कि SURENDRA SHARMA व SHARMA SURENDRA RADHESHYAM यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी कि मेरे है। जो कि सत्य एवं सही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम BHEEM से बदलकर BHEEM RAJ रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। BHEEM RAJ S/O- JAG MOHAN, R/O- Vill-Sevara, Post -Darigapur Dalmau, Raebareli (U.P.)- 229125

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपने पुत्र अब्दुल कादिर को उसके गलत चाल चलन, अपराधी प्रवत्ति और आए दिन मारपीट व अमानवीय व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो मेरी और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी होगी।– **मुईद अहमद वल्द मोइन अहमद, निवासी– ग्राम अंसारी मुहल्ला, डीह थाना डीह, तहसील सलोन, जिला रायबरेली, मोबाइल नम्बर 9452048990**

**सूचना**

सर्वविदित हो की आधार कार्ड में मेरा नाम श्यामा देवी पत्नी उधवराम दर्ज है जो गलत है मेरे अन्य अभिलेखों में राजकली पत्नी ऊधौराम दर्ज है जो सही है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय। – **राजकली पत्नी ऊधौराम, नि0– बसनेरा, विशेश्वरगंज–बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि प्रार्थिनी किरन कुमारी पत्नी बृजेंद्र प्रसाद वर्मा के इलाहाबाद बैंक में संचालित खाता में नाम किरन वर्मा अंकित है। जबकि आधार में किरन कुमारी अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। पढ़ाई के समय किरन वर्मा पुत्री प्रह्लाद वर्मा की जन्मतिथि पहले 01/01/1999 और आधार कार्ड में किरन कुमारी की जन्म तिथि 08/12/1990 है। दोनों जन्मतिथि एक ही महिला के हैं। –**किरन कुमारी पत्नी बृजेंद्र कुमार वर्मा, निवासिनी– ग्राम कसियापुर पोस्ट नौबस्ता, भिनगा श्रावस्ती**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति अमर प्रसाद की एलआईसी पॉलिसी संख्या 215339605 की मृत्यु हो गई है। उक्त पॉलिसी में मुझे गीता देवी के नाम से नामित किया गया है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम कृष्ण देवी अंकित है। यह दोनों नाम मेरा ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। – **कृष्ण देवी पत्नी स्व अमर प्रसाद, निवासिनी– ग्राम जयराम पुरवा कोचवा, पोस्ट– भैरमपुर, जिला– गोण्डा**

## आज का मौसम

बुधवार को बदली रहेगी। दोपहर में हल्की बारिश की संभावना है।

| 30.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 53 | सूर्यास्त 06 : 20 |

## एक नजर

### जानवर बांधने के विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** जानवर बांधने के विवाद को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना तालग्राम के ग्राम पलरी निवासी धर्मेन्द्र यादव पुत्र कश्मीर सिंह ने बताया कि 04 सितंबर को गांव के प्रदीप पुत्र विश्राम सिंह से जानवर बांधने को लेकर उसके पुत्र अंशू का विवाद हो गय था। जिसमें प्रदीप ने उसके पुत्र से गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

### हादसों में दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में किसी प्रकार हुई सड़क दुर्घटनाओं में ग्राम करमुल्लापुर निवासी अभय कुमार पुत्र रमेश चंद्र तथा ग्राम नगला पूरन निवासी आदर्श कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### एचटी लाइन टूटी, गाय मरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कस्बा सिकंदरपुर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी जवाहर मंगलवार को अपनी गाय केवाईसी इंटर कालेज के पीछे खेतों में चरा रहे थे। तभी 11 हजार वोल्ट की लाइन में फाल्ट हुआ बिजली लाइन का तार गिर गया। चपेट में आने से गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गाय के साथ-साथ उसके पेट में बच्चे की भी मौत हो गई है। इस संबंध में जेई उमेश कुमार से फोन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि लाइन दुरुस्त करने के लिए बिजली कर्मियों को मौके पर भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री शिक्षक पुरस्कार के लिए 16 से करें आवेदन

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि स्ववित्तपोषित माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षक मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन 16 सितंबर से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन करेंगे। चयनितों को यह पुरस्कार 2024-25 के लिए दिया जाएगा।

# दिसंबर तक मोबाइल बैंकिंग एप लांच करेगा आर्यावर्त बैंक

## 14 से 16 सितंबर तक सॉफ्टवेयर का होगा टेक्निकल अपडेशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कुछ दिन दिक्कतें, महाप्रबंधक ने ग्राहकों से मांगा सहयोग

**अमृत विचार।** राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह आर्यावर्त बैंक भी मोबाइल बैंकिंग एप की सुविधा ग्राहकों को देगा। दिसंबर तक एप लांच हो जाएगा। इससे खाताधारकों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। साथ ही 14 से 16 सितंबर तक साफ्टवेयर का टेक्नीकल अपडेशन भी होगा। वर्जन बदलने से काफी बदलाव आएंगे। इसमें ग्राहकों को सहयोग करना होगा।



अरविंद सिंह, महाप्रबंधक।

मंगलवार को लखनऊ से आए महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि यूपी में आर्यावर्त बैंक की 26 जिलों में 1367 शाखाएं हैं। मुंबई से करीब तीन दिनों तक बैंक का साफ्टवेयर 10 वर्जन में आएगा। इसका तकनीकी अपेडट होगा। इससे ग्राहकों को दिक्कतें भी आएंगी। महाप्रबंधक ने कहा है कि नए अपडेशन में बैंककर्मियों व अधिकारियों को भी समझने में थोड़ा समय लगेगा। इस दौरान ग्राहक सहयोग करें। आगे चलकर सभी को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक रवि कुमार दरबारी, मुख्य प्रबंधक आरके जोशी, डीआरएम राजीव अग्रवाल, सरायमीरा शाखा प्रबंधक मेहुल वर्मा, जावेद अली व बृजेश दुबे मौजूद रहे।

## सरायमीरा आर्यावर्त बैंक शाखा मॉडल घोषित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



आर्यावर्त बैंक सरायमीरा शाखा का लोकार्पण करते महाप्रबंधक अरविंद सिंह, साथ में क्षेत्रीय प्रबंधक रवि कुमार दरबारी व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा जिले में मॉडल घोषित हो गई है। पांच अन्य शाखाएं भी इसी तरह बनाई जाएंगी। इसकी तैयारियां चल रहीं हैं। अन्य बैंकों की तरह यहां भी एसी में ग्राहकों के बैठने के बेहतर इंतजाम होंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर भी सुसज्जित होगा। यह बात महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने कही है।

दरअसल, तिर्वा क्रॉसिंग सरायमीरा के रेलवे रोड किनारे की आर्यावर्त बैंक शाखा मंगलवार से बालाजी नगर तिर्वा रोड पर शिफ्ट भी हो गई और हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। इसका लोकार्पण करने आए महाप्रबंधक अरविंद सिंह ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अब राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं से आर्यावर्त बैंक भी टक्कर ले सकेंगी। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत है। जिनके खाते एनपीए हो चुके हैं उनको समझौता से खत्म किया जा सकता है। इसमें काफी छूट भी मिलेगी।

महाप्रबंधक ने कहा कि अगर लोन समय से जमा हो जाए तो बांटने में भी दिक्कत नहीं होती है। पहले क्षेत्रीय प्रबंधक रवि कुमार दरबारी ने बताया कि जिले में आर्यावर्त बैंक की 45 शाखाएं हैं। 2.37 लाख बचत खाला खुले हैं। एक लाख रुपये तक के लोन में सुलह योजना चल रही है। इस मौके पर दीपक सेन, मनोज अग्रवाल, तिर्वागंज शाखा प्रबंधक ऋषिकांत श्रीवास्तव, सचिन कुमार, यशस्वी गुप्ता, बगीसा त्रिपाठी, रघुराज सिंह बघेल व सतेंद्र सिंह बघेल मौजूद रहे।

### ये शाखाएं भी बनेंगी मॉडल

- आर्यावर्त बैंक की छिबरामऊ, गुरसहायगंज, तिर्वागंज, कन्नौज सिटी व सौरिख की अलीपुर शाखा को भी मॉडल बनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों से चल रहीं हैं। यह शाखाएं पुरानी हैं और यहां ग्राहकों की संख्या भी अधिक है।

## धोखाधड़ी कर लिखाई जमीन

**तिर्वा, कन्नौज।** जमीन बिक्री का पैसा मांगने पर धमकी देने के मामले को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मतौली गांव निवासी जयदेवी पत्नी दुलीचंद्र ने न्यायालय को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी गागेमऊ में जमीन थी। वह जमीन की बिक्री करना चाहती थी। बिक्री की बात को सुनकर गांव निवासी भगवान दीन, धर्मेंद्र व उमरायपुर्वा गांव निवासी हरीप्रताप ने खरीदने की बात की। सौदा आठ लाख 40 हजार रुपये में तय हो गया। दो दिसंबर को जमीन का बैनामा होना था। रजिस्ट्री कराते समय आरोपियों ने कहा कि चेक नंबर बैनामा में डलवा देते हैं, घर चलकर दे देंगे। इसके बाद उसे विश्वास में लेकर बैनामा करा लिया। जब सात दिसंबर को चेक मांगा तो आरोपियों ने धमकी देकर भगा दिया। जब उसने पुलिस से शिकायत की तो कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पुलिस को रिपोर्ट लिखने के आदेश दिए।

### निजी कर्मचारियों का कार्यालय में बैठना शुरू, सीधे फाइल लेकर जाने वालों को टरका रहे बाबू

# एआरटीओ कार्यालय: दलाल फिर हुए सक्रिय, बढ़ गई फीस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एआरटीओ कार्यालय में मंगलवार को दलाल पूरी तरह दिखे सक्रिय दिये। अब दलाली की फीस भी अधिक पड़ रही है। सीधे फाइल लेकर पहुंचे लोगों को बाबुओं ने कई चक्कर कटवा दिये। यही नहीं निजी कर्मचारी फिर से कार्यालय में काबिज होकर काम में जुट गए हैं।

एआरटीओ कार्यालय में अब दलाल के माध्यम से फाइल बाबू के पटल पर पहुंचाने की अधिक फीस ली जाने लगी है। पहले कम रुपये लिये जाते थे। सूत्रों ने बताया कि छापा पड़ने के बाद से दलाली करने वालों की संख्या कम होने से दलाली का शुल्क बढ़ गया है। जो दलाल काम कर भी रहे हैं वे चोरी चुपके वाहन स्वामियों की फाइलें लेकर बाबू से काम करा रहे हैं। मंगलवार की बात करें तो कई दलाल बेखौफ होकर फाइल लेकर कार्यालय के चक्कर काटते नजर आये। दोपहर 12 बजे के बाद कार्यालय में न तो एआरटीओ मौजूद थीं और न ही आरआई टेक्निकल। इससे वाहनों की फिटनेस कराने वाहन लेकर आये लोग पूरे दिन इंतजार करने के बाद लौट गये।



एआरटीओ कार्यालय के बाहर खुले कैफे पर बैठ कर दलाली करते लोग। अमृत विचार

- दलालों की फाइलों पर धड़ल्ले से हो रहा काम
- वाहनों की फिटनेस को आए लोग निराश होकर लौटे

कार्यालय के बाहर खुले कैफे पर बैठे दलाल काम से आने वाले लोगों से मनमाने रुपये लेकर काम कराने की डील कर रहे थे। एआरटीओ कार्यालय के अंदर ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा देने वाले कक्ष में एक निजी कर्मचारी बैठा मिला। यह निजी कर्मचारी अब लगातार आ रहा है। दलालों की फाइलों पर भी काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। इन फाइलों पर बाबू से लेकर अधिकारियों तक की खासी कमाई हो रही है। हालांकि इस संबंध में एआरटीओ इज्या तिवारी दलालों के माध्यम से काम कराए जाने की बात को सिरे से नकार रही हैं। उनका कहना है कि कोई भी सीधे कार्यालय आकर अपना काम करा सकता है। कोई दलाली करते मिलता है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

### अब इस तरह बढ़े दलाली के दाम (रुपये में)

| काम | पहले | अब |
|---|---|---|
| लर्निंग डीएल मेडिकल एप्रूवल | 500 | 700 |
| परमानेंट डीएल | 1500 | 2000 |
| हैबी डीएल | 2500 | 3000 |
| कंडक्टर लाइसेंस | 700 | 1000 |
| ट्रैक्टर, कार रजिस्ट्रेशन | 110 | 2100 |
| ट्रक रजिस्ट्रेशन | 5000 | 5500 |
| ट्रक फिटनेस | 1600 | 2000 |
| बस फिटनेस | 4000 | 4500 |
| मैजिक, पिकप, आटो, टेंपो फिटनेस | 1600 | 2000 |
| कार फिटनेस | 1100 | 1500 |
| बोलेरो, निजी वैन | 800 | 1000 |
| ट्रक, बस ट्रांसफर | 5500 | 6000 |
| वाहनों का फर्म रजिस्ट्रेशन | 25,000 | 30,000 |
| वाहनों के फर्म का रिन्यूवल | 16000 | 20,000 |
| खोया ड्राइविंग लाइसेंस निकलवाने | 700 | 1000 |
| ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण | 450 | 650 |
| बंद वाहन रिलीज ऑर्डर | 1000 | 1200 |

## सार-संक्षेप




कृषकों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह। अमृत विचार

### ब्लाक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण में दीं उपयोगी जानकारियां

**जलालाबाद, कन्नौज।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम आयल सीड कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मंगलवार को जलालाबाद के राजकीय कृषि बीज भंडार में विकास खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण में अध्यक्षता कर रहे अरविन्द कुमार एडीओ (एजी) एवं राकेश कुमार एडीओ (पीपी) तथा कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने मिलेट्स की उत्पादन तकनीक विषय पर, आलू के उत्पादन तकनीक विषय व सरसों उत्पादन के विषय में जानकारी प्रदान की। जबकि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र सिंह ने मौसम से संबंधित जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम में एडीओ (एजी) अरविंद कुमार मृदा स्वास्थ्य संरक्षण व प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में किसान भाइयों को जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रभारी विमलेश कुमार, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित किसान उपस्थित रहे।

### धड़ल्ले से हो रही हरे पेड़ों की अवैध कटान



कटे पड़े हरे पेड़। अमृत विचार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बेखौफ होकर लकड़ी माफिया हरे पेड़ों को अवैध तरीके से काट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम कसावा रोड पर दिखाई दिया। लकड़ी माफियाओं को देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद माफिया मौके से फरार हो गए। एक तरफ़ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री एक पेड़ माँ के नाम से लगाकर अभियान चला रहे है वहीं दूसरी तरफ लकड़ी माफिया खुलेआम बेखौफ होकर हरे पेडों को काट रहे हैं। पता चला है कि सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम कसावा रोड स्थित कॉलोनी के पास लकड़ी माफिया अवैध तरीके से लकड़ी कटवा रहे थे। मामले की शिकायत पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही लकड़ी माफिया फरार हो गए। डीएफओ ने हरे पेड़ों के कटान को संज्ञान में लेते हुए वन विभाग की टीम को जांच के लिए मौके पर भेजा है।



लखनऊ में सम्मान प्राप्त करते युवा कवि अरुण चक्रवर्ती। अमृत विचार

### हिंदी साहित्य अकादमी भारत ने युवा कवि का किया सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं हिंदी साहित्य अकादमी भारत के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ में 5, 6, 7 सितंबर को कवि कुम्भ, सम्मेलन इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ में हुआ। इसमें शहर के युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को सम्मानित किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। शहर के युवा कवि ने काव्यपाठ किया। इसके बाद ओज के साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ जैन सुमन और कवि डॉ. हरिओम पंवार ने उन्हें प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हिंदी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओज के कवि सौरभ जैन, सुमन संगठन प्रमुख डॉ. अनामिका जैन अम्बर, राष्ट्रीय महासचिव उमंग गोयल, जयवीर सिंह मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश शामिल हुए।




दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि, साथ में मौजूद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल। अमृत विचार

# स्वास्थ्य कर्मियों को महिला सुरक्षा पर किया जागरूक

संवाददाता, तिर्वा

- मेडिकल कॉलेज ऑडीटोरियम में हुआ कार्यशाला का आयोजन
- पुरुष सहकर्मियों के बर्ताव पर नजर रखने की जरूरत

**अमृत विचार।** महिला सुरक्षा को लेकर मेडिकल कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को लेकर महिला स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक किया गया।

बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज में एसोसिएशन फार एडवोकेसी एंड लीगल इनीशिएटिव ट्रस्ट (आली) महिला एवं बाल विकास कन्नौज द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ सी पी पाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर प्रोग्राम कोआर्डीनेटर नीतू ने कहा कि पहले सिर्फ दुष्कर्म की घटनाएं होती थी किंतु अब सामूहिक दुष्कर्म के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की घटनाएं रोजाना होने लगी हैं। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था नेप्रदेश में 25000 महिलाओं को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें न्याय दिलाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता आलिमा जैदी ने कहा कि वर्क प्लेस पर सभी महिला महिलाएं यह देखें कि पुरुष सहकर्मी किस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं। गाना गाकर, आपत्तिजनक ढंग से छूने एवं इशारों द्वारा अगर कोई हरकत कर रहे हैं। वह भी वर्कप्लेस पर लैंगिक अपराध माना जाएगा ।

बताया कि किसी भी संस्थान पर 10 से अधिक लोग काम करते हैं तो वहां पर आंतरिक कमेटी का गठन होना चाहिए। जहां पर एक वरिष्ठ महिला अध्यक्ष होगी वह किसी भी महिला की शिकायत पर कार्रवाई करेगी कमेटी को 60 दिन में मामले का निस्तारण करना होगा। कार्यक्रम में सिमरन, डी जी वर्मा,तथा संजय वर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर डा दिलीप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित सभी चिकित्सक मौजूद रहे।

## जूते से पीटने का वीडियो वायरल

**तिर्वा, कन्नौज।** रंजिश के चलते एक दबंग युवक ने एक अन्य युवक को बीच सड़क पर रोककर उसे जूते से पीटना शुरू कर दिया। इस घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ दिख रहा कि किस तरह दबंग जूता उतारकर युवक को बीच सड़क पर पीट रहा है। यह वीडियो लोग तिर्वा कोतवाली के डढ़ियन गांव का बता रहे हैं। वीडियो वायरल हुआ (अमृत विचार पुष्टि नहीं करता) तो पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाल जितेद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने वीडियो के आधार पर जांच के लिए डढियन गांव पुलिस टीम भेजी। न तो कोई शिकायतकर्ता मिला, न कोई मारने वाला। वीडियो दस से पंद्रह दिन पुराना लग रहा है। तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म मामला: आज 6 घंटे तक नीलू और बुआ से होगी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



नीलू यादव।

- न्यायालय ने बुधवार को सुबह 10 से शाम चार बजे तक मंजूर की रिमांड

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सहआरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव व पीड़िता की बुआ की कस्टडी रिमांड अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने पुलिस को बुधवार के दिन छह घंटे की कस्टडी रिमांड दे दी है। वहीं बुआ की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई होगी।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में जेल गए पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के छोटे भाई व सह आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव और पीड़िता की बुआ से पूछताछ के लिए पुलिस ने छह सितंबर को पॉक्सो एक्ट कोर्ट में दो दिन की कस्टडी रिमांड अर्जी कोर्ट में दाखिल की थी। मंगलवार को पॉक्सो एक्ट कोर्ट में कस्टडी रिमांड पर सुनवाई हुई।

- सह आरोपी बुआ की जमानत पर आज होगी सुनवाई

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि पॉक्सो एक्ट कोर्ट में सोमवार को किशोरी से दुष्कर्म के सहआरोपियों की कस्टडी रिमांड पर सुनवाई हुई। इसके बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मंगलवार को विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश अलका यादव ने पुलिस को 11 सितंबर को छह घंटे की कस्टडी रिमांड मंजूर की है। बुधवार सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक पुलिस दोनों की रिमांड लेकर दोनों से एक साथ पूछताछ करेगी।

चार बजे तक पुलिस को दोनों आरोपियों को जिला कारागार अनौगी में दाखिल करना होगा। वहीं मामले की सहआरोपी पीड़िता की बुआ की जमानत याचिका पर बुधवार को न्यायालय में सुनवाई होगी। बताया जा रहा है कि पूछताछ की औपचारिकता के बाद जल्द से जल्द पुलिस चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इसके बाद तेजी से सुनवाई कराते हुए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्तों को सजा दिलाने का प्रयास करेगी।

खेलकूद

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# हैंडबाल प्रतियोगिता में जसोदा की टीम ने हासिल की फतह

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा कन्नौज मे प्रथम जनपद स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को डीआईओएस ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।

मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज समधन कन्नौज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा कन्नौज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली तालग्राम कन्नौज, आकाश एजुकेशन सेंटर गुरसहायगंज की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमे अंडर 17, अंडर 19 बालक वर्ग मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा की टीम विजेता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली तालग्राम कन्नौज उपविजेता रही। अंडर 14 बालक वर्ग मे राजकीय इंटर कॉलेज समधन उपविजेता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा कन्नौज विजेता रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव मोहन सिंह कुशवाहा, स्पोर्ट्स फॉर स्कूल के जनपद नोडल अजय कुमार यादव, क्रीड़ा सचिव सुनील यादव, निर्णायक मण्डल में चंद्रभान यादव, अभिषेक वर्मा, आदित्य गंगवार, नरेंद्र खैरवार, कोषांक यादव, राहुल त्रिपाठी, संगीता वर्मा, फैज़ सिद्दीकी जी, राजकुमार, विष्णुकान्त गुप्ता आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर जनपद स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीआईओएस। अमृत विचार

# वाहन के साथ 20 मीटर घिसटी वृद्धा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



आरोपी को पुलिस को सौंपते लोग। अमृत विचार

- स्वास्थ विभाग के अधिकारी की गाड़ी ने मारी थी टक्कर
- सीएचसी राजेपुर से दवा लेकर बाहर निकल रही थी

**अमृत विचार।** सीएचसी राजेपुर से दवा लेकर जा रही वृद्धा को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी की गाड़ी ने टक्कर मार दी। आरोप है कि इसके बाद कार चालक ने महिला को काफी दूर तक घसीटता ले गया जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोट आई है। शहर के निजी अस्पताल में उसका उपचार जारी है। वही कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी मुन्नी देवी (55) को कई दिन से बुखार आ रहा था। मंगलवार को वह राजेपुर सीएचसी गई हुई थी। दवा लेकर वह वापस आ रही थी। इस दौरान जिला कम्युनिटी स्पेशलिस्ट सुखबीर सिंह बिना नंबर प्लेट की कार से सीएचसी में एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने पहुंचे। कार के चालक ने लापरवाही से वृद्धा को टक्कर मार दी और पहिया वृद्धा के कान पर चढ़ गया। आरोप है की कार चालक ने एक्सीडेंट के बाद भी गाड़ी को नहीं रोका और करीब 20 मीटर तक गाड़ी से महिला को घसीटता रहा। जब आसपास के लोगों ने दौड़कर गाड़ी को रुकवाया तो महिला को बचाया जा सका। इसके बाद लोगों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान लोगों ने कार चालक की धुनाई कर दी। जिला कम्युनिटी स्पेशलिस्ट सुखबीर सिंह ने घायल वृद्ध महिला का हाल-चाल लेना भी उचित नहीं समझा और चिकित्सक के कक्ष में जाकर बैठ गए।

# साहब, 3 दिन से अस्पताल का चक्कर लगा रहे, नहीं मिल पाया इलाज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



दवा के इंतजार में बैठी महिला। अमृत विचार

- जिला अस्पताल: कभी नंबर नहीं आता, डॉक्टर नहीं मिलते
- बाढ़ग्रस्त इलाकों से आने वाले मरीजों को रही परेशानी

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ के चलते कई मरीज अस्पताल से दवा लिए बिना लौट रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से आने वाले मरीजों को हो रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में दोपहर को मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। एक बुजुर्ग महिला छोटे बच्चे को लिए फर्श पर बैठी थी। जब उससे पूछा तो बोली, साहब, पिछले तीन दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी नाती का इलाज नहीं हो पा रहा है। गांव में बाढ़ का पानी भरा है, बहुत समस्याओं से जूझ कर अस्पताल आना पड़ता है, इसके बाद भी दवा नसीब नहीं हुई है। कमोवेश यही हाल कई अन्य मरीजों का भी दिखा जो कई दिन से इलाज के अभाव में भटक रहे हैं।

तहसील अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम सराह निवासी उषा देवी अपने 2 साल के नाती शिवदोष को लेकर मंगलवार को जिला अस्पताल आई थी। वह पिछले कई दिन से लगातार चक्कर लगा रही है। नाती के मुंह में दिक्कत है जिससे उसे खाने में काफी परेशानी हो रही है। उषा देवी ने बताया कि शनिवार को आए तो लाइन में लगे इतना टाइम हो गया कि डॉक्टर चले गए। सोमवार को आए तो पता चला कि नाक कान गले के डॉक्टर बैठे ही नहीं है। मंगलवार को जब आए तो डॉक्टर तो मिल गए और उन्होंने जांच लिख दी। जांच के लिए सैंपल देने गए तो पता चला इसकी रिपोर्ट अगले दिन मिलेगी। उनके गांव और आसपास बाढ़ का पानी भरा हुआ है जिससे बड़ी मुश्किल से आवागमन हो पाता है। बच्चों की तबीयत खराब है लेकिन 3 दिन से चक्कर लगाने के बावजूद दवा नहीं मिल पा रही है। ऐसे कई और मरीज अस्पताल में घूमते मिले जो अपनी बीमारी का दो से तीन दिन तक इलाज नहीं करा पाते हैं। कारण यह कि पर्चा बनवाने और लाइन में लगने के बाद घंटों लग जाते हैं। जब डॉक्टर जांच लिखते हैं तब तक 12 बज चुका होता है और 12 बजे के बाद लैब में सैंपल नहीं जा लिया जाता। मरीज को अगले दिन सैंपल देने आना पड़ता है, फिर उसके अगले दिन रिपोर्ट मिलती है यानी एक मरीज तीन दिन चक्कर लगाता है, तब वह पुनः लाइन में लगकर डॉक्टर से दवा ले पाता है। सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि जल्द ही सेंट्रल लैब शुरू होने वाली है जिससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी। समय पर जांच की रिपोर्ट मिल सकेगी।

## एक नजर

### सांड़ों ने पटक-पटककर वृद्ध को मार डाला

**फर्रुखाबाद।** सरकार की आवारा गोवंशो को पकड़ने की योजना की पोल खोलती घटना प्रकाश में आई है। दो आवारा गोवंशों ने टहलने निकले वृद्ध को पटक पटक कर मार डाला। थाना कादरी गेट के गांव देवरामपुर निवासी 98 वर्षीय राजाराम मंगलवार सुबह टहलने निकले। उसी दौरान दो सांड़ अचानक सामने आ गए। उन्होंने राजाराम पर हमला कर दिया। सांड़ों ने पटक–पटक कर राजाराम को मार डाला। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पंहुचे तो सांड़ भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची। मृतक के पौत्र मोहित जाटव निवासी भोपतपट्टी ने पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी जिसमें मुआवजा की मांग की गई है।

### बुढ़वा मंगल पर किया संकटमोचन का श्रृंगार

**फर्रुखाबाद।** प्राचीन मंदिर बूढ़े हनुमान जी अडितयान स्ट्रीट में पांच दिवसीय बुढ़वा मंगल उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान अखंड रामायण पाठ, श्री चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर भजन–कीर्तन व महाआरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर पं. चंद्र प्रकाश औदिच्य, पं. दीपक हिमांशु अरुण, हिंदू महासभा के युवा अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, घनश्याम बाजपेई, अनूप मिश्रा, निर्मल दीक्षित, प्रशांत सिंह, नवीन गुप्ता, अशोक वर्मा, पवन गुप्ता रहे।

# तूफान से भीषण तबाही, खेतों में खड़ी फसलें मटियामेट

## फर्रुखाबाद छिबरामऊ मार्ग पर कई पेड़ टूट कर गिरने से लगा रहा जाम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



सड़क पर टूटा पड़ा पेड़। अमृत विचार

- कई गावों में बिजली के पोल गिरे, आपूर्ति व्यवस्था चौपट

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की रात आए भीषण तूफान ने तबाही मचा दी। तेज गति से आई आंधी पानी से फर्रुखाबाद छिबरामऊ रोड पर दर्जनों पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिर गए। धान की फसल खेतों में बिछ गई। बिजली के खम्भे टूट गए। सड़क पर पेड़ गिरने से रात भर जाम लगा रहा। पुलिस ने जैसे तैसे पेड़ों को हटा कर यातायात बहाल कराया।

थाना क्षेत्र के रुनीचुरसाई, नौधापुर, सितौली, चौकीमहमदपुर, कुंदन गनेशपुर आदि गांवों में सोमवार की रात के समय तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश हुई, जिससे कई पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से छिबरामऊ फर्रुखाबाद मार्ग जाम रहा। कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। गांव चौकी महमदपुर के नारद सिंह कश्यप व रुनी चुरसाई अरविंद राजपूत ने बताया कि यहां आए चक्रवात ने भीषण तबाही मचाई। चक्रवात से बिजली के पोल टूट गए व पेड़ जड़ से उखाड़ कर सड़क पर गिर गए। पोल टूट जाने से सोमवार से इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठप है। इससे पेयजल संकट पैदा हो गया है। भीषण चक्रवात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। किसानों की फसलें धान, मक्का आदि को भारी नुकसान हुआ है । किसान नेता पूर्व प्रधान अरविन्द राजपूत ने जिला प्रशासन से शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है । किसानों का कहना है कि केवल 5 मिनट में ही चक्रवात ने खेत में खड़ी फसलों को मटियामेट कर दिया। जहानगंज थानाध्यक्ष हरश्याम सिंह ने बताया कि चक्रवात से पेड़ सड़क पर गिर गए थे जिन्हें रात में कटवा कर हटा दिया गया और यातायात बहाल कर दिया गया।

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज।** भारतीय किसान यूनियन भानू ने जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम कायमगंज को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गांव भगौतीपुर में दबंग सरकारी जमीन पर कब्जा किए हुए है और गांव के सड़क किनारे ग्राम समाज की जगह जहां खाद के गड्ढे हैं, उन पर भी अवैध कब्जा है। गाटा संख्या 114 में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लोग दुकानों व मकानों का निर्माण करवा रहे हैं। सक्षम अधिकारियों से जांच कराकर उक्त स्थान से अवैध कब्जा हटवाया जाये व कार्रवाई की जाये। कस्बा कायमगंज व देहाती क्षेत्रों में मीटर रीडर अधिक कमीशन के चक्कर में मीटर रीडिंग अधिक निकाल रहे हैं। आरोप है कि जब उपभोक्ता एक्सईएन के पास बिल सही कराने जाता है तो रीडिंग में सौदेबाजी का खेल चालू हो जाता है। इसकी जांच कराकर एक्सईएन और मीटर रीडर को दंडित कर मीटर के अनुसार रीडिंग से बिल वसूला जाये। इस मौके पर प्रदेश सचिव गोपाल तिवारी, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला महासचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार आदि लोग रहे।

# मानक के अनुरूप निर्माण नहीं मिलने पर जिलाधिकारी नाराज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



गोशाला की जांच पड़ताल करते जिलाधिकारी वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने मंगलवार को निर्माणाधीन गौशाला अचरौड़ा विकासखंड मोहम्मदाबाद का औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से संतुष्ट न होने पर उन्होने नाराजगी जताई और उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए।

जिलाधिकारी को गोशाला के निरीक्षण में निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब मिली। पिलर की ढलाई ठीक तरह से नहीं की गई थी। दो शेड का काम अधूरा पड़ा था व दो शेड का काम शुरू ही नहीं हुआ था। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को अगस्त तक कार्य समाप्त करना था। अब तक केवल 25 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। डीपीसी की क्वालिटी भी खराब पाई गई। दीवारों की चिनाई सही तरीके से नहीं की गई है। इसमें दोयम दर्जे की ईंटों का प्रयोग किया गया था।

मौके पर कार्यदायी संस्था का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उपस्थित नहीं था। वर्कमैनशिप, कार्य की क्वालिटी मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कार्य रुकवाने व कार्य की उच्चस्तरीय कमेटी द्वारा जांच के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले की रैंकिंग खराब होने पर जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। बैठक में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। समीक्षा में चिकित्सा विभाग की एंबुलेन्स सेवा, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, जलजीवन मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन विभाग, एनआरएलएम का कार्य अत्यंत खराब पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को रैंक खराब होने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवनींद्र कुमार मौजूद रहे।

# बंदियों ने किया सुंदरकांड का पाठ

## गणेश महोत्सव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



जेल में लगाए गए पंडाल में गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की गई। अमृत विचार

- फतेहगढ़ जेल में बह रही भक्ति रस की गंगा

**अमृत विचार।** जिला जेल फतेहगढ़ में आजकल भक्ति रस की गंगा बह रही है। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि जेल में विगत दिवस गणेश चतुर्थी पर गणेश पंडाल सजाया गया है जिसमें प्रतिदिन बंदी अपनी श्रद्धा अनुसार पूजा पाठ कर रहे हैं। बंदियों के मुलाकाती परिवारीजनों को भी गणेश वंदना में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वे लोग भी गणेश पूजन का प्रसाद पा रहे हैं। इसी क्रम में बंदियों ने सुंदरकांड का पाठ लोगों को प्रसाद वितरित किया।

मंगलवार को जिला जेल फतेहगढ़ में बंदियों ने सुंदरकाण्ड का आयोजन किया। जेल के बंदी लोकेश, अतुल, अमित, संजू, नीतेश, राहुल, पवन, कुलदीप, ॠषिपाल आदि ने सुंदरकाण्ड का पठन किया। जेल अधीक्षक ने विधिवत पूजन कर सुंदर काण्ड पाठ का आरंभ किया। समाप्ति पर आरती की गई । सभी बंदियों और मुलाकातियों को प्रसाद का वितरण किया गया। जेल वार्डन संजय, गौरव, सोनू और लज्जा राम ने सभी व्यवस्था और सुरक्षा को पूर्ण सतर्कता से पूर्ण किया। कारापाल गिरीश कुमार और उपकारापाल मुकेश गौड़, सरोज देवी, कृष्ण कुमारी, वैभव कुशवाह, ओमप्रकाश ने भी पूजा अर्चना की ।

## श्रीललिता सखी पूजन समारोह में उमड़ी महिलाएं

**फर्रुखाबाद।** श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर युगल जयन्ती के अन्तर्गत अष्ठ साखियों में सबसे बड़ी सखी श्री ललिता देवी का पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान मां का पंचामृत से अभिषेक, सोलह श्रृंगार, दिव्य झांकी दर्शन के बाद आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। सुरेन्द्र सफ्फड़ ने बताया श्री ललिता देवी श्री राधा रानी की आठ सखियों में एक ललित कलाओं की देवी हैं। इनकी आराधना करने से मनुष्य का जीवन सुखमय एवं आनन्दमय होता है। श्री राधा रानी की भक्ति एवं शक्ति में श्री ललिता देवी सहायक दैवीय शक्ति है। इस दौरान प. आनन्द मिश्रा, पं. सोनू त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, रेनू खेमका, हर्षित सिंगतिया, जितेन्द्र अग्रवाल, संजीव सिंगतिया, अश्वनी गुप्ता रहे।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पहले काम दिलाने के नाम पर बनाए शारीरिक संबंध
- शादी के अगले ही दिन युवती की कर दी गई हत्या

**अमृत विचार।** थाने में शादी के बाद युवती की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाना नवाबगंज के ग्राम बर्तल निवासी अजय पाल सिंह उर्फ छोटे सिंह की पत्नी सिया देवी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में थाना शमसाबाद के मोहल्ला चौखंडा निवासी नितिन मिश्रा उर्फ सत्यम पुत्र सर्वेश मिश्रा व उसके परिजनों को आरोपी बनाया गया है। इसमें शमसाबाद थानाध्यक्ष की लापरवाही के कारण युवती की हत्या होने का आरोप भी लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटी पुत्री के पति विनोद ने दूसरा विवाह कर लिया था। इस कारण पुत्री मायके में रहकर काम की तलाश कर रही थी। इसी दौरान उसका सम्पर्क नितिन मिश्रा पुत्र सर्वेश मिश्रा निवासी मोहल्ला चौखंडा से हुआ। उसने काम दिलाने का झांसा देकर शमसाबाद में ही उसे किराये पर कमरा दिला दिया और मौका पाकर जबरन पुत्री के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। विरोध करने पर शादी का झांसा देकर पुत्री के साथ ही रहने लगा और करीब 10 माह तक पुत्री के साथ रहकर लगातार उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। पुत्री के गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। पुत्री ने नितिन पर विवाह का दबाव बनाया तो नितिन पुत्री को अपने घर मोहल्ला चौखंडा ले गया। यहां पर नितिन एवं उसके छोटे भाई जय ने कई बार पुत्री से जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाये। इसकी शिकायत पुत्री ने नितिन मिश्रा के पिता सर्वेश मिश्रा, माता रेखा व बहन नेहा से की। उक्त सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट कर 1 सितंबर को घर से निकाल दिया और घर चले जाने की धमकी दी थी कि अश्लील वीडियो वायरल कर देंगे। पुत्री ने 4 सितंबर को एक शिकायती प्रार्थनापत्र थाना शमसाबाद में दिया था, जिस पर वे लोग (मायका पक्ष) उसी दिन थाना शमसाबाद गये थे। थाने पर नितिन, सर्वेश व जय ने षड्यंत्र के तहत सुलह करके पुलिस की मौजूदगी में वहीं परिसर में नितिन व पुत्री का विवाह करा दिया और थाने से ही अपने घर मोहल्ला चौखंडा ले गये थे। अगले दिन पुत्री ने मायके काल करके बताया कि नितिन, सर्वेश, देवर जय, सास रेखा व ननद नेहा ने मारपीट कर उसे कमरे में बन्द कर दिया व हत्या की साजिश कर रहे हैं। इतना कहते ही फोन छीन लिया गया और काल काट दी गयी। 5 सितंबर को ही दोपहर पिंटू सिंह से सूचना मिली कि पुत्री की हत्या हो गयी है, शव सीएचसी शमसाबाद में है। वह परिजनों के साथ सीएचसी शमसाबाद गयी तो देखा कि पुत्री के शरीर पर चोटें थी वहां पर नितिन व उसके परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट में कहां है कि यदि 4 सितंबर को पुत्री द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर निष्पक्ष कार्रवाई की गयी होती तो पुत्री की हत्या नहीं होती। थानाध्यक्ष शमसाबाद की लापरवाही से प्रार्थिनी की पुत्री की हत्या हुई है। एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट में नितिन मिश्रा उर्फ सत्यम, सर्वेश मिश्रा, जय मिश्रा, रेखा व नेहा को आरोपी बनाया गया है। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**मौका मुआयना** संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी देने पर इनाम दिए जाने की घोषणा

# एडीजी और डीआईजी ने की जांच, कहा, बड़ी साजिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार



झाड़ियों में खोजबीन करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में बरेली मंडल के एडीजी रेलवे और डीआईजी रेलवे ने रेल अधिकारियों और आरपीएफ के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया। दोनों अफसरों ने देखा कि ट्रेन से टक्कर के बाद सिलेंडर 50 मीटर तक स्लीपर में किस-किस जगह पर रगड़ खाते हुए झाड़ियों में गिरा। अफसरों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी देने पर इनाम दिया जाएगा।

दोपहर करीब 12 बजे के आसपास बरेली मंडल के एडीजी रेलवे प्रकाश डी आलाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। एडीजी ने आरपीएफ और एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र से हादसे की जानकारी ली। एडीजी ने ट्रैक पर बारीकी से जांच की। उन्होंने बड़ी साजिश का अंदेशा जताया है। वह मुडेरी क्रासिंग पहुंचे और वहां केबिन में मौजूद रेल कर्मियों और गैंगमैन से पूछताछ की।

वहीं करीब 2 बजे के आसपास डीआईजी रेलवे राहुल राज भी पहुंचे। उन्होंने भी घटनास्थल से लेकर काफी दूर तक रेल ट्रैक को चेक किया। इसके बाद अगल-बगल की झाड़ियों को देखा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से घटना हुई है, उसके बाद पूरी पुलिस फोर्स को अलर्ट मोड पर किया है।

मैं अपील करता हूं कि जो भी पैसेंजर और लोग हैं, वह किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु को देखें तो तत्काल इसकी सूचना दें। 139 पर रेलवे और 112 पर सूचना दे सकते हैं। ट्रैक की मानिटरिंग के लिए भी काम किया जा रहा है। पूरे रेंज को अलर्ट पर रखा गया है।

> एटीएस, एसटीएफ, सिविल पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी सभी जांच में जुटी हैं। कुछ लोगों को चिन्हित किया है, उन पर काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि बहुत जल्द पूरी घटना का पर्दाफाश होगा। यदि किसी के पास कोई सूचना है तो जीआरपी कंट्रोल रूम नंबर 9454402544 में दे सकता है। जो लाभप्रद सूचना देगा उसे पुरस्कार देंगे। उसका नाम गुप्त रखा जाएगा।
> –प्रकाश डी, एडीजी रेलवे, बरेली मंडल

## आठ टीमें अब घर-घर जाकर लेंगी तलाशी

**कानपुर।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में पुलिस की आठ टीमें अब घटनास्थल से करीब एक किमी के दायरे में आ रहे पांच गांवों में घर-घर जाकर तलाशी लेंगी। शिवराजपुर, चौबेपुर और बिल्हौर थाने के इंस्पेक्टर के नेतृत्व में तीन टीमें बनाई गईं हैं, जो जिले के बाहर जाकर छापेमारी करेंगी। इसके साथ ही सर्विलांस और स्वाट टीम भी लगाई गई हैं।

**मुस्लिम बहुल इलाकों में शुरू हुई कांबिंग:** मंगलवार शाम को मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस समेत अन्य टीमों ने सक्रियता बढ़ाई। घटनास्थल के पास के मुडेरी, दरिया निवादा, सानिवादा, उधौनिवादा, बंशीनिवादा, शिवराजपुर, बहेरी, काकूपुर आदि गांवों में टीमों ने काबिंग शुरू की। इन गांवों में यह पता किया गया कि कौन-कौन मुस्लिम परिवार हैं। इनके यहां कितने लोग रहते हैं, और क्या करते हैं। गांवों में हड़कंप मचा रहा।

# कई जिलों में छापेमारी एक संदिग्ध रडार पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

> हाईवे पर टोल और कई स्थानों पर टीमों ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए हैं। कई लोगों को पूछताछ के लिए भी उठाया गया लेकिन अभी तक कोई संदिग्ध हाथ नहीं लगा है।
> –राजेश कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम

**अमृत विचार।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में सोमवार शाम से लेकर मंगलवार तक पुलिस, एनआईए, आईबी, एटीएस और एसटीएफ की टीमों ने कई जिलों में छापेमारी की। सौ से ज्यादा लोगों को उठाकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि मुडेरी गांव निवासी एक युवक को एजेंसियों ने बाहर से उठाया है। उसके परिजन बोले कि वह पिछले एक वर्ष से घर नहीं आया। शादी के बाद से उसकी पत्नी से बनती नहीं थी। आए दिन झगड़ा होता था। इस कारण वह पत्नी को लेकर कहीं चला गया। सूत्रों ने बताया कि वह कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इस बात की पुष्टि किसी भी अधिकारी ने नहीं की है।

एनआईए, आईबी, एटीएस और एसटीएफ की टीमों ने सोमवार शाम से मंगलवार रात तक कानपुर, कानपुर देहात, कन्नौज, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ में छापेमारी की। कई लोगों को उठाया और पूछताछ शुरू की। सूत्रों ने बताया कि शिवराजपुर स्थित टोल प्लाजा से दोनों तरफ 15 किलोमीटर के क्षेत्र में होटल, रेस्तरां, ढाबा, कोल्डस्टोरेज, फैक्ट्री और अन्य प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। वहीं टोल प्लाजा पर भी पहुंचकर सीसी फुटेज देखे गए। टीमों के हाथ करीब 400 से ज्यादा फोटो हाथ लगी है उस पर जांच की जा रही है।

एडीसीपी एलआईयू राजेश कुमार श्रीवास्तव 10 सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की।

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट में जेल में बंद युवक ने पी फिनायल

इटावा। पॉक्सो एक्ट के मामले में जिला कारागार में बंद आरोपी युवक ने क्षुब्ध होकर फिनायल पीली जिससे उसकी हालत खराब हो गई, उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में जिला कारागार में एक महीने पहले से अपहरण और विवाह के लिए मजबूर करने के मामले में औरैया जिले का रहने वाला नौशाद जेल भेजा गया था। जेल प्रशासन ने एंबुलेंस से उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### जलभराव पर एसडीएम से मिले लोकपुरा गांव के लोग

जसवंतनगर, इटावा। जलभराव की समस्या को लेकर लोकपुरा गांव के दर्जन भर ग्रामीण एसडीएम से मिले। उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों द्वारा घरेलू और बरसाती पानी को रोके जाने की शिकायत की। एसडीएम कुमार सत्यम जीत को सौंपे ज्ञापन में जगसौरा ग्राम पंचायत के लोकपुरा गांव निवासी बृजेश जाटव, सूरजभान, राजवीर सिंह, संतोष कुमार, मुन्नालाल, मोहर सिंह, समरथ सिंह, सुभाष चंद्र, रामबाबू, वीरेंद्र सिंह, फूलन सिंह व राजेश आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत के तालाब में गांव का घरेलू व बरसाती पानी पूर्वजों के समय से जाता रहा है, किंतु गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने उस पानी के निकास को बंद कर दिया है। उन्होंने ग्राम पंचायत के तालाब में पानी का निकास कराने की मांग की है।

### करंट से मजदूर की मौत

इटावा। सदर क्षेत्र के अंतर्गत लालपुरा तवैला पजैया निवासी युवक अभय शंखवार की बलराम सिंह चौराहा पर स्थित एक होटल में काम करते समय फ्रीजर का करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। होटल कर्मचारी व परिवारीजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने सैफई पीजीआई रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### स्कूल जाने को कहकर निकले 2 छात्र हुए लापता

जसवंतनगर, इटावा। दो छात्र घर से स्कूल जाने की कहकर निकले लेकिन वे स्कूल नहीं पहुंचे। उनकी आसपास तलाश की गई पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। थाना क्षेत्र में गांव कुड़ाखर नगला रामसुंदर के कुलदीप सिंह का 17 वर्षीय बेटा आकाश सिंह और शिशुपाल सिंह का 18 वर्षीय बेटा मानवेन्द्र सिंह जसवंतनगर के एक स्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार सुबह साढे आठ बजे स्कूल जाने के लिए घरों से निकले थे, लेकिन वे देर शाम तक घर नहीं लौटे दोनों के मोबाइल फोन हैं बंद बता रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह बताया कि मामला दर्ज किया गया है, दोनों की तलाश की जा रही है।

### क्षतिग्रस्त चंबल पुल की मरम्मत का काम पूरा

इटावा। चंबल पुल की क्षतिग्रस्त बैयरिंग को सही करने का काम मंगलवार को पूरा हो गया। उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित चंबल पुल पर 6 सितंबर को पीएनसी के ब्रिज सीनियर मैनेजर भीमसेन पाढी के नेतृत्व में दिल्ली की टीम द्वारा बी.आई.यू मशीन को लगाकर क्षतिग्रस्त चंबल पुल के छठवें नंबर की रोलर बियरिंग की गाइड प्लेट का कार्य जैक माध्यम से शुरू किया गया था। इस दौरान कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर 6 सितंबर से 10 सितंबर तक रोक लगा दी गई थी। हालांकि इस अवधि मे किसी भी प्रकार के वाहनों को रोका नहीं गया। वहीं 10 सितंबर मंगलवार को रोलर बियरिंग का काम पूरा कर लिया गया। पीएनसी के ब्रिज सीनियर मैनेजर भीमसेन पाढी ने बताया कि चंबल पुल की क्षतिग्रस्त रोलर बियरिंग की गाइड प्लेट का काम पूरा कर दिया गया है। पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन चालू है।

# जहर खिलाकर हत्या करने में दोषी को आजीवन कारावास

## 11 साल पुराने मामले में एडीजे (12) कोर्ट ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, इटावा



● 20 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 12 अशोक कुमार दुबे ने ग्यारह साल पुराने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी करार दिया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर बीस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि शहर के मोहल्ला पंजाबी कालोनी निवासी किरन सिंह पत्नी अनिल प्रताप सिंह ने 12 अगस्त 2013 को दर्ज कराए मामले में आरोप लगाया कि 11 अगस्त 2013 को उसका पुत्र अंकुर उर्फ नितिन भदौरिया अपने घर पर था। मूंज थाना चौबिया निवासी विनोद अवस्थी अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसे घर से ले गए। इन लोगों ने उसे कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में उक्त लोग उसके शव को उसके दरवाजे पर रखकर फरार हो गए। इन लोगों ने बताया कि उसकी करंट लगने से मौत हो गई। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट नही हो सका। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए उसके बिसरा को सुरक्षित कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। बाद में बिसरा की रिपोर्ट आने पर उसमें जहर से मौत होना पाया गया। पुलिस ने मामले के आरोपी विनोद अवस्थी व निक्की पंडित के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 12 में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए साक्ष्य व गवाह पेश किए। सुनवाई के दौरान निक्की पंडित गायब हो गया। जिस कारण से उसकी पत्रावली अलग कर दी गई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने विनोद अवस्थी निवासी मूंज को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर बीस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

## 2027 में भाजपा का होगा सफाया, बनेगी सपा की सरकार

इटावा। जिला पंचायत सभागार में अनु जाति जनजाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी विस्तार करने के संबंध में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव अंशुल ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए के तहत सभी फ्रंटल संगठनों और प्रकोष्ठों को मिलजुलकर काम करना होगा। आने वाले 2027 में सपा की सरकार बनेगी और बीजेपी का सफाया होगा।

जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि सपा आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़ी है। एससी एसटी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रूपेश कठेरिया और उनकी टीम ने अध्यक्ष जिला पंचायत अंशुल यादव, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, बाबू सुरेंद्र सिंह यादव, पूर्व चेयरमेन हाकिम सिंह, उदयभान सिंह यादव, लल्ला कठेरिया, प्रवक्ता विक्की गुप्ता का स्वागत किया गया।

# श्री विन्देश्वर महादेव मंदिर में गणेश महोत्सव में लग रही भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लालपुरा बरकाटोला स्थित श्री विन्देश्वर महादेव मंदिर पर पांचवाँ गणेश महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में सुबह की आरती सुधीर चौरसिया ने परिवार सहित की। आरती में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो गया। मंदिर में घंटे घडियालों के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिर में महिलाओं द्वारा गणेश जी के भजन कीर्तन किये जा रहे है। शाम की आरती राजेश कुशवाह द्वारा की गई। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के भक्त ज्ञानेश सक्सेना, अमित कुमार, आदेश सक्सेना, बंटी गुप्ता, बंटू राजपूत, हिमांशु सविता, सुनील कुशवाह, तारबाबू, रानू सिंह, हरीश वर्मा आदि ने बताया कि आयोजन का समापन गणेश जी के विर्सजन के बाद 17 सितम्बर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।



श्री विन्देश्वर महादेव मंदिर पर गणेश जी की आरती करते सुधीर चौरसिया।

● महिलाओं द्वारा किये जा रहे गणेश जी के भजन कीर्तन

इसी प्रकार रामलीला रोड स्थित शिवाजी पुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गणेश महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। गणेश महोत्सव में सुबह शाम भक्तों द्वारा गणेश जी की आरती की जा रही है। गणेश महोत्सव में आज बजरिया डाकघर के पोस्टमास्टर ज्ञानेश सक्सेना द्वारा अवनीश एण्ड पार्टी द्वारा भजन कीर्तन के साथ सुंदरकांठ पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा किया गया। ज्ञानेश सक्सेना ने बताया कि गणेश महोत्सव में महिलाओं द्वारा भगवान गणेश का भजन कीर्तन कर रही हैं। इस अवसर पर डॉ. राजू का सम्मान कालोनी के निवासियों द्वारा किया गया। शिवकुमार शुक्ला डी जी सी, आलोक कटियार अगम परिहार, अंशु शुक्ला, रामू ठाकुर, राजू भगवान, अल्लू ठाकुर, अंशु अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कमल किशोर माथुर, मंगू ठाकुर सभासद आदि लोग उपस्थित रहते हैं।

# हमसफर एक्स. की चपेट में आने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। ट्रेन से उतरकर फोन पर बात कर रहे युवक की तेज गति से गुजरी हमसफर ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। जीआरपी ने परिवार वालों को सूचना दी थी।

अवध एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में सफर कर रहे जिला सिद्धार्थ नगर के थाना इटवा के गांव लिटरा में रहने वाले जगदंबिका प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र विश्वकर्मा मुंबई से वापस अपने घर जा रहा था। इकदिल स्टेशन से पहले अवध एक्सप्रेस ट्रेन कुछ देर के लिए रुक गई जिसके बाद कानपुर की तरफ से तेज गति से आ रही हमसफर एक्सप्रेस की ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने उसके बैग से आधार कार्ड और मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी।

जिस पर भाई सुरेंद्र कुमार चाचा प्रिंस कुमार और अन्य परिजन पोस्टमार्टम हाउस आए। उन्होंने बताया कि मृतक वीरेंद्र विश्वकर्मा मुंबई में एसी और फ्रिज रिपेयरिंग का काम कर रहा था। वह अन्य लोगों के साथ मुंबई से अवध ट्रेन में बैठकर साथ आ रहा था। इकदिल स्टेशन से पहले अवध एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी हुई थी और इसी दौरान हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन से वह हादसे का शिकार हो गया।

# परिषदीय विद्यालयों को बनाया जाए निपुण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के तत्वाधान में समग्र शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का दो दिवसीय नवाचार मेला नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने शुरुआत की।

उन्होने शिक्षण नवाचार मेला में उत्कृष्ट नवाचार प्रेक्टिसेज वाले शिक्षकों की पहचान करने के लिए परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा तैयार शैक्षिक वीडियो, पीपीटी तथा शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम का अवलोकन कर सुझाव भी दिए।



मेले का निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने शिक्षण अधिगम सामग्री का विद्यालयों में प्रयोग कर जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। बालक विद्यालयों में न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त कर सकें। निर्णायक मंडल में पूर्व प्राचार्य डायट कृष्ण पाल सिंह, चौ. चरण सिंह डिग्री कालेज हेंवरा के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र शर्मा, आगरा के असि. प्रोफेसर प्रमेश पाल ने परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में से श्रेष्ठ टीएलएम का चयन किया। डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह ने शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की।

## सार-संक्षेप

### अदब-ओ- एहतराम से 16 को निकलेगा जुलूसे मोहम्मदी

इटावा। जश्ने ईद मीलादुन्नबी के खुशनुमा मौके पर हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ. की पैदायश की खुशी में आगामी 16 सितम्बर दिन सोमवार को शहर में अदबो एहतराम के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकलेगा। यह जानकारी जुलूसे मोहम्मदी के संयोजक कारी सरफ़राज़ आलम निजामी एंव अंजुमने हुसैनियां कमेटी के अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा ने दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरान आजाद नगर नई बस्ती में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि जुलूसे मोहम्मदी 16 सितम्बर को सुबह 7 बजे दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरान आजाद नगर नई बस्ती से शानो शौकत के साथ उठेगा साथ ही अंजुमने हुसैनियां कमेटी की ओर से जुलूसे मोहम्मदी नया शहर से उठेगा दोनों जुलुस झम्मन लाल करारी पर मिल जाएंगे और शहर का भ्रमण करने के बाद दोपहर एक बजे अपने अपने स्थान पर पहुंच कर समाप्त होंगे। जुलूसे मोहम्मदी का शुभारंभ शहर के उलेमा ए किराम द्वारा झंडी दिखाकर किया जाएगा। जुलूसे मोहम्मदी में शहर की लगभग 70 अंजमनों द्वारा चौकियों के साथ प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने जुलूस में शामिल होने वाली अंजमनों से अपील की है कि वह डीजे का साउंड इतना तेज नहीं करें जिससे शहर के लोगों को दिक्कत हो। बैठक में हाजी अजीम वारसी, हाजी रईस चिश्ती, हाजी दिलशाद खां, मोहम्मद सलीम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### मंगल कलश यात्रा के साथ बुढवा मंगल महोत्सव शुरू

भरथना, इटावा। भरथना में 108 मंगल कलश यात्रा के साथ शक्तिपीठ श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढी (छोला मन्दिर) पर 43वें मंगल महोत्सव का शुभारम्भ हो गया। कलश यात्रा के दौरान पीताम्बर धारण किये महिलाओं-युवतियों ने अपने-अपने सिर पर कलश रखकर सम्पूर्ण मन्दिर परिसर में भ्रमण किया। तदुपरान्त आचार्य राहुल दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भागवत पाण्डाल में विधिवत कलशों की स्थापना करवायी। इस दौरान बुढवा मंगल के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के साथ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन कराया जायेगा। साथ ही अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न होगें। कलश यात्रा के दौरान परीक्षित दिनेश मिश्रा, मन्दिर प्रबन्धक राजू चौहान, राजेश चौहान, अनिल पोरवाल, सनी श्रीवास्तव, राजू दीक्षित, पंकज चौहान, आशीष पोरवाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



मंगल कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

### वकीलों के विरोध से कचहरी में पुलिस नहीं पकड़ पाई आरोपी

इटावा। दो साल पहले चोरी के मामले में कोर्ट में सरेंडर करने आए आरोपी को कचहरी परिसर में पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया। वकीलों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। जिससे पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं का कहना था कि पुलिस नियम कानून के खिलाफ गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। कोर्ट में सरेंडर करने आए अभियुक्त को गिरफ्तार करने का पुलिस को कोई अधिकार नहीं है। इस पर पुलिस ने विरोध किया, तो अधिवक्ताओं से नोकझोंक होने लगी। जिससे पुलिस को लौटना पड़ा। डीबीए के उपाध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र सिंह ने बताया कि चकरनगर थाना क्षेत्र में जुलाई 2022 में एक चोरी हुई थी। जिसमें औरैया के मोहल्ला बनारसी दास के भैरव उर्फ बहरू के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को भैरव को वह कोर्ट में सरेंडर कराने ले जा रहे थे। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया। आरोपी का कोर्ट में सरेंडर करा दिया गया।

### यमुना में नहाने के दौरान युवक डूबा, खोज जारी

चकरनगर, इटावा। चकरनगर थाना क्षेत्र के गांव चांदई निवासी रामवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह व नहार सिंह तीनों भाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर मठ के पास यमुना नदी किनारे पहुंचे। 21 वर्षीय रामवीर नदी में नहाने लगा और अचानक गहरे पानी में जाने से गुम हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों को खोजने में लगाया।

# बच्चे न चलाएं फेसबुक, ट्विटरः एसपी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। साइबर क्राइम से बचने के लिए फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम का उपयोग आवश्यकतानुसार व सोच समझ कर करें और बच्चे तो कतई न करें।

यह उद्गार सेंटमेरी इंटर कॉलेज में साइबर बचाव और सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार में एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साइबर क्रिमिनल्स द्वारा मोबाइल में कई तरह से लालच देकर लोगों को ठग लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल में बात करते समय ओटीपी और पासवर्ड शेयर नहीं करना चाहिए, यदि जाने अनजाने आप ठगी का शिकार हो गए हैं तो तुरन्त बिना समय गंवाए साइबर थाने में आकर अपनी कंप्लेंट दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी थानों में साइबर सेल बनी हुई है। उन्होंने साइबर ठगी से बचने के लिए कई टिप्स दिए।



सेंट मेरी में साइबर सुरक्षा गोष्ठी का उदघाटन करते एसपी क्राइम सुबोध गौतम।

नेशनल साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट डा. रक्षित टंडन ने कहा कि मोबाइल का इस्तेमाल बहुत सोच समझ कर करें और किसी अनजान लिंक को क्लिक नहीं करें। किसी अनजान व्यक्ति से दोस्ती नहीं करें और अपना पासवर्ड तथा ओटीपी किसी के साथ कतई शेयर न करें। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर कहा कि अपने मोबाइल में टू स्टेप पासवर्ड वेरिफिकेशन रखना चाहिए और आनलाइन बेटिंग (सट्टेबाजी, जुआ) नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने ज्यादा देर स्क्रीन टाइम को जीवन के अनेक आयामों के लिए घातक बताया।

प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज एवं वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने एसपी क्राइम सुबोध गौतम व साइबर एक्सपर्ट डा. रक्षित टंडन को पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सेमिनार का साइबर क्लब की अध्यक्ष मीमांशा चतुर्वेदी (छात्रा) ने संचालन किया। साइबर सेमिनार कार्यक्रम के प्रारंभ में अर्तिका ने वेलकम स्पीच दी।

# समस्या का समाधान नहीं आत्महत्या, जागरूक करें

संवाददाता सैफई, इटावा

● विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

अमृत विचार। यूपीयूएमएस में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मंगलवार को एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस वर्ष की थीम आत्महत्या की सोच को बदलना है, जिसमें बातचीत शुरू करना है, इस पर मंथन हुआ।

कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि अक्सर जीवन में अकेलापन और अवसाद का सामना हर किसी को करना पड़ता है। आत्महत्या समस्या का कोई समाधान नहीं है इसीलिए लोगों को आत्महत्या से बचाने के लिए समाज में जागरूकता लानी बहुत आवश्यक है। संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार ने कहा क जब कभी भी आप मानसिक तनाव अवसाद से ग्रसित हो तो व्यक्तिगत रूप से भी आकर संपर्क कर सकते हैं, अपनी समस्या बता सकते हैं। स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो डॉ आलोक दीक्षित ने भी छात्रों से कहा कि आपस में सभी छात्र आपसी समन्वय व संवाद बनाए रखें। मानसिक स्वास्थ्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि सुझावों के अनुसार हम मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए बेहतर मेंटल हेल्थ प्रोग्राम्स के संदर्भ में रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। जिससे स्टूडेंट में अकेलापन, अवसाद तनाव कम किया जा सके। फार्माकोलॉजी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय कुमार गुप्ता, एमबीबीएस फाइनल ईयर के अदिति, वर्षा, शोएब, जेमन द्वारा 'छात्र का अवसाद' नाटक की प्रस्तुति कर आत्महत्या रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ रमाकांत, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, रजिस्टर डॉ चंद्रवीर, डॉ प्रशांत चौधरी व अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

अच्छी पहल | जिले के शिक्षकों ने किया है निर्माण, उच्च शिक्षा मंत्री ने किया पोस्टर का विमोचन

# बालिकाओं को जागरूक करेगी फिल्म सोनचम्पा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने संवेदनशील मुद्दों पर बालिकाओं और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए फिल्म सोनचंपा का निर्माण किया है। इसके पोस्टर का विमोचन केंद्रीय हिंदी संस्थान में किया गया। खास बात यह है कि इस फिल्म के निर्माण से लेकर अभिनय के क्षेत्र में भी बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने भागीदारी की है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, केन्द्रीय राज्य एसपी सिंह बघेल, पूर्व शिक्षा मंत्री रवीन्द्र शुक्ला ने इस फिल्म के पोस्टर का विमोचन किया। इसमें विधायक खैरागढ़ भगवान सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय कवि ओमपाल निडर, पूर्व सांसद तथा राजेश शर्मा मौजूद रहे।



फिल्म के पोस्टर का विमोचन करते प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री। अमृत विचार

फिल्म के निर्माता निर्देशक रामजन्म सिंह ने बताया कि एक अध्ययन के अनुसार, भारत की 355 मिलियन मासिक धर्म वाली महिलाओं में से केवल 36 प्रतिशत ही सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करती हैं, जबकि बाकी महिलाएं अपने रक्त प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए पुराने अस्वच्छ कपड़े, आदि सामग्री का उपयोग करती हैं। आंकड़े बताते हैं कि लड़कियां अपने मासिक धर्म से जुड़ी शर्म के कारण हर महीने 6 दिन की पढ़ाई छोड़ देती हैं।

इन सभी मुद्दों को तथा बालिका शिक्षा व स्वास्थ्य विषय में जागरूकता बढ़ाने का कार्य फिल्म सोनचम्पा करेगी। सह निर्मात्री मंजू भदौरिया ने बताया कि इस फिल्म में इटावा के बेसिक शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने कार्य किया है। फिल्म के मुख्य पात्रों में मंजू भदौरिया, वीनस सेंगर, आरिफ शहडोली, रामजनम, दिनेश माथुर, संजीव यादव, अनुपम कौशल, संदीप यादव, शहनवाज, सतीश कुमार अंकित चौहान है। कहानी शिक्षक शिव अवतार पाल ने लिखी है।

# सीबीएसई ईस्ट जोन प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाएंगे इटावा के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा के ताईक्वांडो खिलाड़ी सीबीएसई की ईस्ट जोन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए खिलाड़ियों ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है।

जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि इटावा के विभिन्न सीबीएसई स्कूल से इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ी वैष्णवी यादव, वैष्णवी वर्मा, तृषा सिंह, आराध्या सिंह, आयुष सिंह, शौर्य सिंह, अभिनव कुशवाहा, रुद्र प्रताप, हर्षित भदौरिया, सिद्धी त्रिपाठी, सानिध्य कटियार, बनारस के सनबीम बाबतपुर में आयोजित होने वाले सीबीएसई के ईस्ट जोन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए तैयार है। इटावा संघ की कोषाध्यक्ष महिला मुख्य कोच नबीला ने बताया कि यह प्रतियोगिता बावतपुरा में हो रही है। पिछली वर्ष इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के 10 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया था। संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी, उपाध्यक्ष प्रत्युष तिवारी, मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता ने बताया है कि बच्चों की तैयारी को देखते हुए इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।




खेल में प्रतिभा दिखाने को तैयार खिलाड़ी। अमृत विचार

● 10 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया

### पीएम आवास के लिए गोष्ठी आज :

महेवा। पीएम आवास के लिए ग्राम पंचायत राहतपुर में 11 सितंबर को तथा ग्राम पंचायत महेवा में दोपहर दो बजे से ग्राम प्रधान महेवा कुमुद सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी होगी।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अन्र्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्र्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री शहजाद वारसी पुत्र श्री गनी वारसी निवासीगण- मो0 कटरा पुर्दलखस, इटावा तहसील इटावा, जनपद-इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम** में **आराजी विकेता** उत्तर में **खेत बाल कृष्ण दक्षिण** में **प्लाट विकेता ..... मोहल्ला श्री श्रीमती मंजू गुप्ता पत्नी जयकृष्ण गुप्ता निवासी- मोहल्ला- अर्जुन नगर पक्का बाग शहर, इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

## एक नजर

### साइकिल व नल चोरी की पुलिस कर रही जांच

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र की घसारा गांव निवासिनी पुष्पा देवी पत्नी राम औतार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 9 सितंबर की रात्रि मकान के बाहर लगे हैंडपंप को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।वही भतीजे राकेश कुमार के घर का ताला तोड़ साइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। थानाप्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अछल्दा,औरैया।** पुलिस चेकिंग के दौरान चोरी की बाईक सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार शाम को थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह ने निर्देश पर अहनैया नदी के पुल के पास एचपी पैट्रोल पम्प के पास पर थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक बाइक की चैकिंग की गई तो बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने पवन कुमार शर्मा उर्फ सिंटू निवासी खानजहां चिरकुआ बिधूना एवं विष्णु तिवारी पुत्र नन्द किशोर निवासी खानजहाँ चिरकुआ थाना बिधूना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि 2 बाइक चोरों को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# कार में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 1 की मौत, 4 घायल

## हालत चिंताजनक होने पर दो घायलों को हैलट अस्पताल रेफर किया

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित गढ़िया ओवर ब्रिज के पास देर रात अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार घायल हो गए। वहीं एक की मौके पर ही मौत हो गई । जबकि चार घायलों को अस्पताल भेजा गया। घायलों में 2 की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

कानपुर से दिल्ली जा रहे स्विफ्ट डिजायर कार सवार को कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर बीती रात किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सवार पांच युवक कार में दब कर घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी अजीतमल भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। कानपुर के दर्शनपुरवा निवासी अंकित गुप्ता



एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त कार।

अपने भाई पवन गुप्ता (40) तथा साथी सुमित कश्यप (35) निवासी 13 ब्लॉक गोविंद नगर कानपुर, व लखविंदर सिंह निवासी गोविंद नगर ब्लॉक 8 कानपुर, अखिलेश शर्मा पुत्र निवासी केडीए कॉलोनी गल्ला मंडी नौबस्ता के साथ अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से दिल्ली जा रहे थे। मंगलवार की रात्रि समय करीब 2 बजे जैसे ही उनकी कार कोतवाली अजीतमल क्षेत्र के हाईवे बाईपास के गढ़िया ओवर ब्रिज के पास पहुंची। तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे सभी लोग घायल होकर कार में फस गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी अजीतमल भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने पवन गुप्ता को देखते ही मृत घोषित कर दिया। लखविन्दर सिंह व अखिलेश शर्मा की हालत बेहद गम्भीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वही सीएचसी पहुचे परिवारी जन घायलो को लेकर कानपुर चले गए।

कोतवाली पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि रात्रि में एक स्विफ्ट डिजायर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा दो लोग गम्भीर घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लोगों से ठग लिए लाखों रूपये

संवाददाता अजीतमल,औरैया

● ठग ने मुंबई सहित नासिक कैंट में कटवाए 11 दिन चक्कर

**अमृत विचार।** आये दिन कही न कही लोग ठगी का शिकार होते देखे जा सकते है वही एक घटना अजीतमल कस्बे की है जिसमे नौकरी का झांसा देकर 3 लोगों से लाखों रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने नामजद दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

अजीतमल कस्बे के गांधीनगर निवासी ओम जी दुबे ने अजीतमल कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया कि उनकी मुलाकात गोविंद त्रिपाठी निवासी आर्य नगर अजीतमल व असीम नाम पता अज्ञात से इंदौर मध्य प्रदेश में मुलाकात हुई। गोविंद ने बताया उनके एक परिचय के व्यक्ति हैं जो उत्तर प्रदेश सचिवालय तथा दिल्ली डिफेंस में नौकरी लगवाते हैं। उसने भी अपनी पत्नी की नौकरी बाल विकास पुष्टाहार विभाग में लगवाई है। जो इंदौर में ट्रेनिंग कर रही हैं। इस पर अपने छोटे भाई शिवाजी दुबे की नौकरी लगवाने के लिए 11 लाख रुपए में बात हो गई। जिसमें नौकरी लगवाने के बाबत उसने दो लाख तथा शांति स्वरूप राजपूत निवासी अजीतमल ने डेढ़ लाख रुपए व शांति स्वरूप के रिश्तेदार अजय कुमार ने डेढ़ लाख रुपए दे दिए। उसने बताया शांति स्वरूप की नौकरी लखनऊ सचिवालय में तथा शिवाजी की नौकरी थल सेवा में लग गई है। उसे 50 हजार और दो, 02 अप्रैल 23 से 31 अप्रैल 2023 तक समय 11 से 4 बजे तक लखनऊ डिफेंस में उसे ज्वाइन करना है। इसी के चलते उसे मुंबई पहुंचने की बात की गई। शिवाजी दुबे मुंबई पहुंच गया जहां से एक व्यक्ति उसे नासिक ले गया 11 दिन तक नासिक के कैंट एरिया में घूमाता रहा। तभी ठगी का एहसास हुआ। नौकरी लगवाने के नाम पर ओम जी दुबे से अलग अलग खातों में 6 लाख 85 हजार और 5 लाख 79 हजार खाते में ट्रांसफर कर दिए। अजीतमल पुलिस ने ठगी करने वाले मोबाइल नंबरों के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सार-संक्षेप

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर मनाएं ईद मिलादुन्नबी: अख्तर चिश्ती

**फफूंद,औरैया।** आगामी 16 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया जायेगा जिसको लेकर आस्ताना आलिया के सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने नबी की अजमत बयान करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी आगामी 16 सितंबर को मनाया जाएगा। जिसको लेकर आस्ताना आलिया समदिया के सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती साहब ने पत्रकारों को बुलाकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि ईद मिलादुन्नबी का जश्न हम अपने नबी की पैदाइश पर मनाते हैं । उन्होंने अपने नबी की अजमत बयान की और लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हर मुसलमान अपने नबी की याद में एक पेड़ जरूर लगाए। पौधे की ऐसी देखभाल करने के लिए कहा जैसे हम बच्चे की देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम में पेड़ लगाना बहुत बड़ा सबाब का काम माना जाता है। ये महीना हमारे नबी की पैदाइश का महीना है हम सभी लोग उनकी पैदाइश का जश्न बड़ी ही धूम धाम से मनाते हैं। जुलूस निकालते हैं घरों में चिरागा करते हैं लंगर करते हैं। उसी में इसको भी जोड़ दो कि हम सब लोग ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर जश्न ईद मिलादुन्नबी मनाएंगे।



जानकारी देते हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती।



कथा सुनते दूर-दूर से आए भक्त। अमृत विचार

### भक्त प्रहलाद के चरित्र को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**फफूंद,औरैया।** नगर के कटरेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्री मद भागवत कथा में आचार्य सतीश जी महाराज ने भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद ने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए।

### किशोरी से छेड़खानी करने के दोषी को 3 वर्ष का कारावास

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना बेला क्षेत्र में करीब आठ वर्ष पूर्व एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी पुष्पेन्द्र को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया। मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्र ने बताया कि पीड़िता की मां ने उक्त मामला थाना बेला में पंजीकृत कराया। वादिनि ने लिखा कि 25-11-2016 को दोपहर 12 बजे उसकी 15 वर्षीया पुत्री साइकिल से खेत पर चारा लेने गई थी। जैसे ही वह खेत पर पहुंची तो उसके ही गांव के सोनू व पुष्पेंद्र ने खेत पर पुत्री को पकड़ लिया और बुरी नीयत से खींच कर छेड़खानी करने लगे। कोर्ट ने एक आरोपी सोनू के नाबालिग होने के कारण उसकी पत्रावली पृथक कर किशोर न्याय बोर्ड औरैया भेज दी। यह मुकदमा पुष्पेंद्र निवासी ग्राम झबरा बेला के विरुद्ध चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने दोषी को कठोर दण्ड देने की बहस की। वहीं बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी पुष्पेंद्र को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई व उस पर कुल 25 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश दिया।

### पति को छोड़कर प्रेमी का थामा दामन, अब लिखाई रिपोर्ट

**अजीतमल, औरैया।** कस्बा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपने पति को छोड़कर प्रेमी का दामन थाम लिया। आरोप है कि प्रेमी उसकी अश्लील वीडियो पोस्ट कर बदनाम कर रहा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अंतर्जातीय विवाह किया। दो वर्षों तक दाम्पत्य जीवन गुजारा। एक पुत्री को जन्म दिया। पति के घर आने जाने वाले पति के एक रिश्तेदार से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पुत्री को लेकर वह प्रेमी के साथ बतौर दंपति रहने लगे। आरोप है कि प्रेमी ने उसकी अश्लील वीडियो बना लिए। और उसी के नाम से इंस्टा और फेसबुक बनाकर उस पर वायरल कर रहा है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

### मां पीतांबरा महायज्ञ का आज होगा भूमि पूजन

**बिधूना औरैया।** कस्बा में श्री वनखंडेश्वर शिव मंदिर पर आगामी 3 नवंबर से 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के अनुष्ठान को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की जा रही हैं। महायज्ञ को लेकर चल रही तैयारियों को लेकर मन्दिर परिसर में पहुंचे बाल्मीकि समाज की महिलाओं और पुरुषों का तिलक कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महायज्ञ में उनसे सहभागिता करने का अनुरोध भी किया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के संरक्षक सुनील मिश्रा ने बताया की 11 सितंबर को सुबह 10 बजे महायज्ञ का भूमि पूजन किया जायेगा। उन्होंने कहा यह महायज्ञ राष्ट्र हित, क्षेत्र हित तथा समाज हित के लिये हो रहा है साथ ही सर्व समाज के लोगों के सहयोग और सहभागिता के साथ यह महायज्ञ संपन्न होगा।

### पत्नी से तंग आकर सफाईकर्मी ने फांसी लगा दी जान

**बिधूना,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिकूपुर गांव के एक सफाई कर्मी ने अपनी पत्नी द्वारा आए दिन पुलिस से की गई शिकायतों से तंग आकर बीते दिवस अपनी झोपड़ी में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक कुदरकोट में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था और अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र था। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जहां चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसने के चलते मृत्यु का होना पाया गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिकूपुर निवासी एवं विकासखंड ऐरवाकटरा की ग्राम पंचायत कुदरकोट में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत लगभग 40 वर्षीय श्रीदयाल वाल्मीकि पुत्र राम रतन वाल्मीकि ने बीती रात अपने खेत पर स्थित झोपड़ी में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिजनों के अनुरोध पर चिकित्सकों के पैनल द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला कसने एवं दम घुटने के चलते आया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपों की जांच होगी।



मॉडल प्रस्तुत करते शिक्षक नरेंद्र कुशवाहा। अमृत विचार

### ब्लॉक स्तरीय नवाचार मेले में शिक्षकों ने प्रस्तुत किए मॉडल

**अजीतमल, औरैया।** बीआरसी अजीतमल में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय नवाचार मेले का आयोजन किया गया। मेले में ब्लॉक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग कर नवाचार प्रस्तुत किए। मंगलवार को बीआरसी अजीतमल में डायट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत के निर्देशन पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार की देखरेख में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक - शिक्षिकाओं की ओर से कक्षा शिक्षण में प्रयोग किए जाने वाले नवाचारों को प्रस्तुत अपने अपने तरीके से प्रस्तुत किए। जिससे बच्चे रोचक तरीके से स्वयं करके अधिक से अधिक सीख सके। बच्चे नई विधाओं द्वारा जो सीखते है,वो स्थाई होता है और कक्षा शिक्षण को रुचिकर बनाने में मदद करता है। बीआरसी की 5 सदस्यीय टीम जितेंद्र पाल सिंह,सूर्य कुमार पुष्कर ,ज्योति राजपूत, निधि श्रीवास्तव, बृजराज सिंह के निर्णय के आधार पर नरेंद्र सिंह कुशवाहा प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर प्रताप सिंह प्रथम स्थान, रचना सैनी प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर द्वितीय स्थान, ब्रजेंद्र दीक्षित उच्च प्राथमिक विद्यालय भीखेपुर कंपोजिट तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एआरपी अमित कुमार पोरवाल, प्रशांत शुक्ला,अमर सिंह, अनुराग शर्मा, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।



बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल पूछते जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

## नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा गुणवत्तापूर्ण दिए जाने पर नींव होती है बहुत मजबूत

● जिलाधिकारी ने कहा, बच्चों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि पैदा करें शिक्षक

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) तुर्कीपुर में पहुंचकर बारी-बारी से कक्षाओं में मौजूद छात्र-छात्राओं से गिनती, पहाड़ा तथा गणित के सवालों के बारे में पूछा जिस पर बच्चों ने सही-सही उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि पैदा की जाए जिससे वह मन लगाकर पढ़ें और आगे बढ़ सकें। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बच्चों से मिड डे मील में दिए जाने वाले भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि शिक्षा तथा मिड डे मील की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी दी जाए तथा आपस में ब्लैक बोर्ड पर बुलाकर उनसे गणित,सुलेख तथा इमला आदि लिखाई जाए। जिससे उनका संकोच दूर हो साथ ही आपस में एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ भी लगेगी। ऐसी स्थिति में वह कम समय में अधिक पढ़ेंगे और आगे चलकर अपना भविष्य बनाने में सफल होंगे। खंड शिक्षा अधिकारी, अध्यापक, अध्यापिकाओं सहित छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## कच्चा मकान गिरने से बाल-बाल बचा परिवार, गृहस्थी दबी

**फफूंद,औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम हुई तेज बारिश से एक गरीब का कच्चा मकान गिर गया। जिसके मलवे में सारी गृहस्थी दब गई और परिवार बाल बाल बच गया।मौके पर ग्राम प्रधान और लेखपाल भी पहुंच गए और नुकसान का आंकलन किया।

थाना क्षेत्र के गांव केशमपुर, पसईपुर निवासी रमाकांत बेहद गरीब है।और कच्चे मकान में छप्पर डाल कर परिवार के साथ रह रहा है।सोमवार की शाम हुई तेज बारिश से मकान की दीवारें भर भराकर गिरने लगी। जिससे उस पर रखा छप्पर भी गिरने लगा।यह देख रमाकांत की पत्नी प्रीति अपने बच्चो को लेकर बाहर भागी बाहर निकलते ही दीवारें और छप्पर तेज आवाज के साथ गिर पड़ा जिसके मलवे में सारी गृहस्थी दब गई और परिवार खुले आसमान तले आ गया। जानकारी पर ग्राम प्रधान राजेश पाल भी पहुंच गए और लेखपाल को बुलाकर नुकसान का आंकलन किया। ग्राम प्रधान ने बताया की पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

# कुछ दुकानदारों ने खोली दुकानें

संवाददाता ककोर,औरैया

● दिबियापुर में साप्ताहिक बाजार बंदी का पहली बार दिखा असर | ● जिलाधिकारी के आदेश पर 97 फीसदी दुकाने बंद नजर आईं

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में मंगलवार के दिन साप्ताहिक बाजार बंदी का आज पहली बार असर दिखाई पड़ा है। तो आज बाजार बंदी के कोरोना काल जैसे हालात बने नजर आए हैं ।लेकिन इसके बावजूद भी कुछ दिबियापुर के दुकानदार बेखौफ होकर दुकान खोलने से भी बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। दिबियापुर की सबसे बड़ी दुकान सहायल रोड पर स्थित ओमप्रकाश कृष्ण मुरारी को जिलाधिकारी के आदेश का कोई फर्क नहीं पड़ता है, और ना ही किसी का आदेश मानते हैं। अपनी दुकान खोलकर जिलाधिकारी के आदेश का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। जबकि 97 प्रतिशत दुकानें बंद नजर आईं।

साप्ताहिक बाजार बंदी होने से कुछ लोगों को खरीदारी के लिए दिक्कतें उठानी पड़ी है। लेकिन दुकानों पर महीने के तीसों दिन काम करने वालों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश नसीब होने से दुकानों पर काम करने वाले श्रमिकों ने भी भारी राहत की सांस



साप्ताहिक बंदी पर बाजार में रहा सन्नाटा। अमृत विचार

ली है। यूं तो दिबियापुर नगर में साप्ताहिक बाजार बंदी का दिन लंबे अर्से से निश्चित है। किंतु इस बाजार बंदी के नियम का दुकानदारों द्वारा लगातार उल्लंघन किया जा रहा था। जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा साप्ताहिक बाजार बंदी के नियम का कड़ाई से पालन कराने और बाजार बंदी का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना के सख्त निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को आदेश पालन करने के लिए कहां गया था।आज आलम यह था कि जिस तरह से बाजार बंदी नजर आ रही थी। वह कोरोना काल जैसी बाजार बंदी के हालात की याद दिला रही थी। यही नहीं सबसे गौरतलब बात तो यह भी है। नगर पंचायत में कुछ ऐसे दुकानदार भी आज नजर आए हैं जो साप्ताहिक बाजार बंदी के कड़ाई से पालन के बावजूद भी अपनी दुकान खोले नजर आए। लेकिन अब देखना यह है कि इन बेखौफ दुकानदारों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर पुराने ढर्रे पर ही साप्ताहिक बाजार बंदी का मामला चलता रहेगा।

# गेल डीएवी में दिखा ग्रैंड पेरेंट्स डे का उत्साह

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** गेल डीएवी पब्लिक के प्री प्राइमरी वर्ग द्वारा आज ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया।इस अवसर पर नौनिहाल अपने दादा दादी और नाना नानी को अपने स्कूल में देख कर बहुत उत्साहित दिखे। दूसरी ओर बच्चों के वरिष्ठ अभिभावक अपने नाती पोतों के साथ विद्यालय में आ कर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। उनके चेहरे की चमक देखते ही बनती थी। बच्चों ने ग्रैंड पैरेंट्स का स्वागत तिलक लगा कर तथा पुष्पांजलि से किया।



ग्रैंड पेरेंट्स डे पर कार्यक्रम की प्रस्तुति करते बच्चे। अमृत विचार

इस अवसर पर छोटे छोटे नौनिहालों ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स के समक्ष रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए । प्री प्राइमरी वर्ग के शिक्षक भी इस अवसर पर ग्रैंड पैरेंट्स और उनके नौनिहालों के साथ फोटो खिचाते और उत्साहित दिखे। इस अवसर पर गेल इंडिया से मुख्य अतिथि अंजलि त्रिपाठी, चरुमति वेलमुरूगन विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद थीं। उन्होंने बताया की दादा दादी और नाना नानी के साथ रहने वाले बच्चे सुसंस्कृत होते हैं। इस वर्ष नेशनल ग्रैंड पैरेंट्स डे का थीम 'बुढ़ापे में मुझे मत त्यागो' है।

कार्यक्रम गेल गांव स्थित सरगम सभागार में आयोजित किया गया। प्राचार्या दीपा शरण ने आगंतुको का स्वागत किया। कहाकि विद्यालय परिवार में ग्रैंड पैरेंट्स की मौजूदगी को एक दिव्य अनुभूति बताते हुए छोटे छोटे विद्यार्थियों को अपने नाना नानी, दादा दादी का ध्यान रखने और उनके जीवन के अनुभव से सीखने को प्रेरित किया।

## वाहन चेकिंग अभियान चलने से लोगों में मचा हड़कंप

**अजीतमल, औरैया।** पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में मंगलवार को टोल प्लाजा पर यातायात प्रभारी देवेंद्र कुमार एवं चौकी इंचार्ज जयेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया। चेकिंग अभियान में कुल 50 से अधिक वाहनों का चालान हुआ।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देश पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहन चालकों पर शिकंजा कसा। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा के साथ सफर करने का संदेश दिया गया। यातायात प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने अपनी टीम एवं अनंतराम चौकी इंचार्ज जयेन्द्र सिंह के साथ मंगलवार को अनंतराम टोल प्लाजा पर अभियान चलाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की। इस दौरान दो वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## ताइक्वांडो में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बना चैंपियन

संवाददाता बिधूना,औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिधूना में गणपति माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चैंपियन बना। प्रतियोगिता का आरंभ जिला विद्यालय क्रीड़ा सचिव उदय प्रताप सिंह जादौन, प्रजेश सेंगर प्रधानाचार्या ,सुरेंद्र प्रकाश पाठक स्काउट प्रमुख,संजय कुमार सिंह प्रधानाध्यापक ,प्रधानाचार्य प्रजेश सेंगर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में 4 विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिका की प्रतियोगिता हुई।

सब जूनियर में तमी, अनभा व अनन्या ने प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग में सपना, प्रतिज्ञा, श्रष्टि व प्रांशी प्रथम रहीं एवं सीनियर वर्ग



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

में आकांक्षा व छाया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में सब जूनियर में सेजल सिंह, श्रेयश श्रीवास्तव, मृत्युजय, अंकुल बाबू, मयंक सिंह, देवांश एवं श्रेयांश अग्निहोत्री प्रथम रहे। सर्वाधिक अंक पाकर राजकीय बालिका इंटर कालेज ने ओवर ऑल चैंपियन बन कर प्रथम स्थान पर कब्जा किया। वही पराग इंटर कालेज को द्वितीय स्थान एवं राजकीय उ.मा. विद्यालय भैंसोल को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

निपुण भारत मिशन | नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों के द्वितीय बैच का 4 दिवसीय एफएलएन शुरू

# बच्चों को दक्ष बनाने के लिए शिक्षकों को दी ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण करने वाले शिक्षकों के 4 दिवसीय प्रशिक्षण द्वितीय बैच की मंगलवार को शुरुआत हुई। स्थानीय जे पी इंटरनेशनल विद्यालय में दो अलग अलग कक्षों में 50 -50 शिक्षकों का बैच बना कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ अजय विक्रम सिंह व एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने की। प्रशिक्षण में सन्दर्भ दाताओं द्वारा अकादमिक वर्ष 2024-25 में अपनाई जाने वाली रणनीतियों, कार्यपुस्तिकाओं, शिक्षण अधिगम सामग्री से शिक्षकों को परिचित कराया गया।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन संदर्शिका की समग्र समझ पर चर्चा हुई। बीईओ अजय विक्रम सिंह ने कहा कि चार दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य



प्रशिक्षण में जानकारी देते बीईओ व एसआरजी व मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

उद्देश्य बच्चों को आरंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित में मजबूती प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस मौके पर सन्दर्भदाताओं में एआरपी अश्वनी त्रिपाठी, ओम नारायण दुबे, अभिषेक औदीच्य, तथा केआरपी नित्यानंद शुक्ला व दिनेश चतुर्वेदी ने अलग अलग सत्र लेकर प्रशिक्षणार्थियों के अंदर समझ विकसित की। सन्दर्भदाताओं ने नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं परिचय, अकादमिक वर्ष 2024-25 में पाठ्यपुस्तक, कार्यपुस्तिका एवं अन्य शिक्षण अधिगम सामग्रियों के उपयोग की रणनीति, एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों को समझने, पाठ्यपुस्तक आधारित कार्यपुस्तिका की समग्र समझ, पठन अभ्यास एवं प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास को समझने, अकादमिक वर्ष 2024-25 के शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने बताया कि कक्षा एक और दो में हिंदी भाषा के लिए कलरव के स्थान पर एनसीईआरटी आधारित सारंगी पुस्तक चलेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान संदर्शिका को पाठ्य पुस्तक के पाठों एवं शैक्षिक सामग्री के साथ पूरी तरह से संरेखित किया गया है व किस कालांश में कौन सी शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग किया जाना है इन संदर्शिकाओं में पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया गया है। इस मौके पर विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण करने वाले शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रताप के नाम पर जयराम चौराहा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मंगलवार को हंगामे के बीच कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। शहर के जयरामनगर चौराहा को महाराणा प्रताप चौराहे के रूप में तब्दील किया गया जाएगा। इसके अलावा मलिन बस्ती का कायाकल्प, जलनिकासी के लिए नाला एवं पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई वार्डो में नए नलकूप स्थापित करने के लिए सहमति बनी।


बोर्ड की बैठक में वार्ड की समस्याओं को अवगत कराते सभासद। अमृत विचार

नगर पालिका कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक शुरू हुई। सभासदों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर सर्व सम्मति से पारित किया गया। हालांकि बैठक के दौरान कई सभासदों ने हंगामा भी किया। कई सभासदों ने वार्ड में विकास न होने तो किसी ने सफाई व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। सभासदों के प्रस्ताव पर तय किया गया कि नगर के सभी 34 वार्डो में 20-20 लाख के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। वहीं 15वां वित्त आयोग से 500 स्ट्रीट लाइट में सभी सभासदों को 13-13 लाइट दिए जाने का फैसला लिया गया। अध्यक्ष के कोटे में 58 लाइट रहने का प्रस्ताव पास हुआ। राजवित्त आयोग से शहर के पत्थरकटा चौराहा से पटेल नगर चौराहे तक फुटपाथ पर इंटरलाकिंग लगाने, प्रत्येक वार्ड में पांच लाख रुपये से पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी समेत अन्य तमाम प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। बोर्ड की बैठक में अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार समेत सभासद विनय कुमार तिवारी, मो. आरिफ आदि रहे।

# हादसे में महिला की मौत से गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

## हाईवे पार कर रही महिला को ट्रक ने रौंदा, थरियांव थाना क्षेत्र की घटना

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में महिला की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने हाइवे की एक लाइन पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत कराया और जाम खुलवाया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

हाईवे पर सड़क पार कर रही भरतपुर गांव की रहने वाली माया देवी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में माया देवी की मौके पर ही मौत हो गई और चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने गुस्से में हाईवे की एक लाइन को जाम कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


घटनास्थल पर खड़े गमगीन परिजन। अमृत विचार

### बाइकों की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

गाजीपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकी गांव निवासी भोली (60) बाइक से दुकान का सामान लेने गाजीपुर चौराहा आया था। जहां से वह वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी वह डडीवा मोड़ के पास ही पहुंचा था कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि भोली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक में सवार गाजीपुर निवासी शिवम (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घायल शिवम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

# रोजगार के बहाने युवकों को बनाया गया बंधक

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार, सभी को मुक्त कराने का मिला भरोसा

**अमृत विचार।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भलेवा गांव निवासी राजू पासवान ने एसपी धवल जायसवाल को दिए गये लिखित शिकायती पत्र में थाना क्षेत्र के ही बजरंगापुर गांव निवासी अजय पुत्र बिहारीलाल के ऊपर दस माह पूर्व दोनों पुत्रों रामबाबू व शिवबाबू को अपने साथ लेकर कहीं चले जाने व 18 हजार प्रति माह की सैलरी दिलाए जाने की बात तय होने के बाद वेतन न देने व दोनों को बंधक बना आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शोषण करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित पिता ने आरोपी को जालसाज बताते हुए उसके द्वारा दवा कम्पनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई दर्जन अन्य युवक युवतियों को भी बंधक बना उनका आर्थिक शारीरिक व मानसिक शोषण करने की बात कही है। पीड़ित पिता ने एसपी से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर उसके दोनों बेटों को सकुशल वापस घर लाने व उसके साथ बंधक बनाए गए अन्य युवक युवतियों को भी मुक्त करवा घर भेजवाए जाने की गुहार लगाई है जिसने स्थानीय पुलिस पर मामले को अनसुना कर आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही करने की बजाय उसे संरक्षण देने का भी गम्भीर आरोप लगाया है।

एसपी धवल जायसवाल ने पीड़ित पिता को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, बंधक बनाए गए सभी युवक-युवतियों व उसके दोनों पुत्रों को मुक्त करवाने का भरोसा दिलाया है।

## विवाहिता की मौत पर छह पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। महिला के भाई की तहरीर पर सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कौशांबी जिला सैनी थाने के परास गांव निवासी सरवन कुमार ने बताया कि कि बहन शिवदुलारी की शादी तीन साल पहले सुल्तानपुर घोष थाने के हैबतपुर निवासी प्रदीप कुमार के साथ की थी। बहन के ससुर जयचंद्र ने रविवार सुबह फोन किया। फोन पर सूचना दी कि बहन ने कमरे में पंखे के कुंडे से लटक कर खुदकुशी कर ली है। वे लोग परिवार समेत बहन की सुसराल आए जहां बहन का शव दरवाजे पर रखा था। बहन को उसका ससुर जयचंद्र, देवर जय सिंह, सास आशा देवी, परिवार के रामचंद्र, राजू, राजपति उल्टे सीधे आरोप लगाकर प्रताड़ित करते थे।

**गणेश महोत्सव** जगह–जगह हो रहे अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम

# पंडालों में गणपति के जयकारों की गूंज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सजा दो घर को गुलशन सा मेरे गणराज आये हैं, देवा हो देवा गणपति देवा तुम से बढ़कर कौन... जैसे भक्ति गीतों से शहर में गणपति बप्पा के पंडाल गुंजायमान हो रहे हैं।

महोत्सव के चौथे दिन भी पंडालों में अनूठी भक्तिरस की छटा बिखरी। घरों पर भी श्रद्धालु गणपति बप्पा को प्रसन्न करने में जुटे रहे। पंडालों में गणपति बप्पा को समर्पित भजन कीर्तन का दौर देर रात तक चलता रहा। आरती में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति से माहौल आनंदित हो रहा है। जिले में गणपति बप्पा का महोत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।


पूजा–अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

करीब 30 से अधिक प्रतिमायें पंडालों में स्थापित की गयी हैं। पंडालों में रौनक देखते ही बन रही है। सुबह और शाम को पंडालों में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति धार्मिक अनुष्ठान में हो रही है। पंडालों में भक्त गणपति बप्पा को प्रसन्न करने के लिए हर तरह से यत्न कर रहे हैं।

## किशोरी जेवरात व नकदी लेकर प्रेमी के साथ भागी

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी दो दिन पूर्व अपने कथित प्रेमी के साथ जेवरात व नकदी लेकर चली गई। फरार किशोरी के परिजनों ने आरोपी प्रेमी संजय पुत्र राम बहादुर प्रजापति निवासी पढ़नी थाना चांदपुर के खिलाफ लिखित तहरीर देकर किशोरी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने के साथ ही जेवरात व नकदी भी ले जाने का आरोप लगाया है। जिन्होंने किशोरी के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए फरार किशोरी की जल्द बरामदगी व आरोपी कथित प्रेमी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दी

**कानपुर।** सोमवार रात फतेहपुर जनपद निवासी प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। दोनों के बीच फेसबुक के जरिये दोस्ती हुई थी, जिसके बाद प्यार परवान चढ़ा। युवक के घर वालों ने किशोरी के पिछड़ी जाति होने पर शादी से इंकार किया तो सोमवार रात दोनों पनकी पड़ाव क्रासिंग के पास गरीब रथ के आगे कूद गए। फतेहपुर, बिंदकी के खजुहा निवासी गिरीश मिश्र ने बताया कि उनका पुत्र अनुभव बांदा में रहकर हाइड्रा चलाता है। अनुभव की फेसबुक के जरिये करीब 6 महीने पहले किशनपुर थानाक्षेत्र की 17 साल की किशोरी से दोस्ती हो गई थी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद–चित्रकूट

पत्र संख्या– 1340 /2024–25 दिनांक– 10 सितम्बर, 2024

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज व जिला पंचायत कार्यालय के सामने निर्माणाधीन 38 दुकानो में से 07 दुकानो को आरक्षित वर्ग की शेष 02 दुकानो के अतिरिक्त 31 (इकतीस) दुकान में से पूर्व में आवंटित 08 दुकानो (19, 20, 28, 30, 32, 33, 34 व 35 ) को छोडकर शेष 23 दुकाने, जिनको किराये पर उठाये जाने हेतु नान–रिफण्डेबिल प्रीमियम (पगड़ी) की खुली नीलामी हेतु बोली करायी जानी है। उक्त नीलामी बोली के इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकानों को किराये पर आवंटन चाहते हो वो व्यक्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में दिनांक 13 सितम्बर 2024 से 23 सितम्बर 2024 तक आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू0 2000.00 नगद जमा कर प्राप्त कर दिनांक 25 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्ण विवरण भरकर आवेदन पत्र जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त निम्न विवरण के अनुसार तहसील सभागार में नियत तिथि व समय पर उपस्थित होकर जमानत धनराशि जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते है।

| क्र. सं. | स्थल का नाम | रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क | जमानत धनराशि | निर्धारित मासिक किराया | नीलामी प्रीमियम (पगड़ी) की न्यूनतम विभागीय / बोली धनराशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय बालिका इण्टर कालेज व जिला पंचायत कार्यालय के सामने | 2000.00 (प्रति फार्म) | 50000.00 (प्रति दुकान) | 2500.00 (प्रति दुकान) | 8000000.00 | 27 सितम्बर 2024 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार कक्ष में |
| 2 | आरक्षित दुकानो की लाटरी प्रक्रिया हेतु | 500.00 (प्रति फार्म) | 25000.00 (प्रति दुकान) | 2500.00 (प्रति दुकान) | 5000000.00 | 27 सितम्बर 2024 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार |

**नीलामी शर्ते –**

1. नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम क्षेत्र का मूल निवासी ही बोली में प्रतिभाग कर सकेगा।
2. बोलीदाता को आयकर रिटर्न पंजीकरण अनिवार्य होगा।
3. पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क वापस नही की जायेगी। जमानत धनराशि के रूप में नगद धनराशि दिनांक 25 सितम्बर 2024 तक पालिका कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
4. दुकान किराये की अवधि 29 वर्ष 11 माह होगी (प्रत्येक 5 वर्ष के उपरान्त किराये पर 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी)
5. नीलामी प्रीमियम (पगड़ी) पर होगी, जो नान–रिफण्डेबिल होगी अर्थात यह वापिस नही होगी।
6. पालिका के किसी भी बकायेदार, निकायकर्मी अथवा बोर्ड के किसी सदस्य को बोली मे भाग लेने का अधिकार नही होगा।
7. आवंटित दुकान का निर्धारित किराया प्रत्येक माह की 07 तारीख तक पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की दशा में 03 माह तक किराया जमा न करने पर किरायेदारी स्वतः समाप्त को जायेगी तथा निकाय को अधिकार होगा कि वह प्रीमियम (पगड़ी) जब्त करके दुकान खाली करा लें।
8. विद्युत बिल, जल संयोजन, जलकर व अन्य शासकीय देय किरायेदार स्वयं वहन करेगा। यदि दुकान किसी कारणवश क्षतिग्रस्त होती है तो उसके निर्माण एवं मरम्मत का व्यय आवंटी स्वयं से वहन करेगा। दैवीय आपदा की स्थिति में किसी भी प्रकार की हानि होने पर पालिका उत्तरदायी नही होगी।
9. दुकान आवंटन के समय आवेदन फार्म पर उल्लेखित व्यवसाय (जिस व्यवसाय के लिये लिया जाये) वही व्यवसाय किया जायेगा। व्यवसाय परिवर्तन की अनुमति पालिका से लेना अनिवार्य होगा।
10. दुकान के अतिरिक्त किसी भूखण्ड / रास्ते पर अतिक्रमण नही किया जायेगा तथा बगैर पालिका की अनुमति दुकान में कोई रद्दो बदल नही किया जायेगा।
11. किरायेदार के अतिरिक्त किसी अन्य सिकमी किरायेदार या व्यवसाय में साझेदारी होने पर मूल किरायेदार के अतिरिक्त किसी को किरायेदारी का अधिकार नही होगा और न ही इस तरह के किसी व्यक्ति को दुकान हस्तान्तरित की जायेगी।
12. किरायेदार की किसी प्रकार के ऐसे दस्तावेज करने का अधिकार न होगा जिससे नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम के अधिकार प्रभावित हो।
13. यदि दुर्भाग्य से किसी किरायेदार की मृत्यु हो जाती है तो नियमानुसार न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर कोई प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न न होने पर उत्तराधिकारी को दुकान आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। किरायेदार को रजिस्ट्रर्ड किरायानामा उपनिबन्धन कार्यालय द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पर कराना अनिवार्य होगा। आवेदक द्वारा बोली के समय जमा जमानत धनराशि प्रीमियम (पगड़ी) दुकान आवंटन होने पर जमा जमानत की धनराशि को प्रीमियम (पगडी) में समायोजित की जायेगी। प्रीमियम धनराशि किसी भी दशा में वापिस नही होगी तथा प्रीमियम की राशि सरकारी बोली से कम आने पर स्वीकार नही की जायेगी।
14. किरायेदार को रजिस्ट्रर्ड किरायानामा उपनिबन्धन कार्यालय द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पर कराना अनिवार्य होगा।
15. आवेदक द्वारा बोली के समय जमा जमानत धनराशि प्रीमियम (पगडी) दुकान आवंटन होने पर जमा जमानत की धनराशि को प्रीमियम (पगडी) में समायोजित की जायेगी। प्रीमियम धनराशि किसी भी दशा में वापिस नहीं होगी तथा प्रीमियम की राशि सरकारी बोली से कम आने पर स्वीकार नहीं की जायेगी।
16. नीलामी बोली स्वीकृत होने पर आवंटी को प्रीमियम (पगड़ी) धनराशि का 50 प्रतिशत तत्काल/ उसीदिन एवं अवशेष धनराशि 07 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी अन्यथा निकाय को अधिकार होगा कि जमानत राशि जब्त करके पुनः नीलामी कराये या दूसरे नम्बर के बोली दाता को दुकान आवंटित कर दें।
17. दुकान के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय का खर्च दुकानदार से वसूल करने का अधिकार निकाय को होगा।
18. नीलामी बोली हेतु एक परिवार एक ही दुकान के लिये अनुमन्य होगा। एक से अधिक दुकानों पर प्रतिभाग नहीं किया जा सकता है।
19. शर्तो का उल्लंघन होने पर प्रीमियम (पगड़ी) धनराशि जब्त करते हुए आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।
20. जमानत जमा करने वाले को स्वयं उपस्थित होकर बोली बोलनी होगी। अधिकृत प्रतिनिधि को बोली बोलने का अधिकार नही होगा।
21. दुकानो की नीलामी बोली / संख्या का निर्धारण (दुकान नम्बर 1) पश्चिम से पूरब की ओर लक्ष्मणपुरी की तरफ से एल0आई0सी0 की तरफ माना जायेगा एवं आरक्षित दुकानो की संख्या का निर्धारण दुकान सं0 1 से होगा।
22. जिस दुकान नम्बर हेतु पालिका में पंजीकरण कराया जायेगा उसी नम्बर की दुकान की नीलामी बोली में प्रतिभाग कर सकेंगे। अन्य दुकानो की नीलामी बोली में प्रतिभाग नही कर सकेंगे।
23. आरक्षित वर्ग की दुकानो के लिए लॉटरी प्रक्रिया आवंटन के तत्काल उसी दिन 50 प्रतिशत एवं शेष 50 प्रतिशत 15 दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में आवंटन स्वतः निरस्त माना जायेगा।
24. नीलामी बोली में मात्र आवेदक की ही प्रतिभाग किये जाने हेतु अनुमन्य होगा अपने साथ अन्य व्यक्ति / सहायक का प्रवेश मान्य नहीं होगा। प्रवेश हेतु पंजीकरण शुल्क एवं जमानत धनराशि की पावती लाना अनिवार्य होगा।
25. किसी भी विवाद की स्थिति में अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम का निर्णय अन्तिम होगा।
26. भविष्य में उक्त स्थल पर जनहित में किसी कार्य हेतु निकाय को भूमि की आवश्यकता होती है तो भूमि का अधिग्रहण कर लिया जायेगा। आवंटी का कोई दावा मान्य नही होगा, लेकिन 29 वर्ष से पहले यदि अधिग्रहण किया जाता है तो मूल्यह्रास (अपक्षय) का आगणन करते हुए निकली हुई धनराशि समायोजित की जायेगी।
27. आरक्षित दुकानो में प्रतिभाग किये जाने वाले व्यक्तियो के परिवार में यदि कोई सरकारी सेवा में कार्यरत है तो लाटरी प्रक्रिया में प्रतिभाग नही कर सकेगा तथा प्रतिभागी को आवेदन के साथ अनूसूचित जाति का तहसील द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र सलंग्न करना अनिवार्य होगा।
28. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र चित्रकूट ही होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**चित्रकूटधाम**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**चित्रकूटधाम**

न सुहृद्यो विपन्नार्था दिनमभ्युपपद्यते।
स बन्धुर्योअपनीतेषु सहाय्यायोपकल्पते॥

सुहृदय वही है, जो विपत्तिग्रस्त दीन मित्र का साथ दे और सच्चा बंदु वही है, जो अपने कुमार्गगामी बंधु (बुरे रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति) की भी सहायता करे।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा की चुनौती

हर देश अब डिजिटल क्षेत्र पर निर्भर है। डिजिटलीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति और डिजिटल दुनिया पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप साइबर खतरे बढ़ गए हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने में भारत अकेला नहीं है, साइबर खतरे एक विश्वव्यापी और राष्ट्रीय चिंता का विषय है जो सीमाओं से परे है। साथ ही साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता देश है। देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक है। आज देश की 2,13,000 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी हैं। साइबर स्पेस का दुरुपयोग कोई नई बात नहीं है और विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध अक्सर देखे जाते हैं जिनमें मैलवेयर हमले, फिशिंग, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले, डेटा चोरी, ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी, बाल पोर्नोग्राफी आदि शामिल हैं। बढ़ते साइबर खतरों का जवाब देने के लिए संगठनों के पास प्रभावी साइबर सुरक्षा नीतियां होनी चाहिए। साइबर हमले काफी नुकसान पहुंचाते हैं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को जोखिम में डालते हैं। भारत की अपर्याप्त साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता के कारण हैकर्स के लिए सिस्टम की खामियों और कमजोरियों का फायदा उठाना आसान हो जाता है। तंत्र को सभी प्रकार के साइबर खतरों के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा नीति की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है और नरेंद्र मोदी सरकार इसे मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह में कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। 2015 में केंद्र की स्थापना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की गई थी। ऐसे समय में जब देश में प्रौद्योगिकी को जमीनी स्तर तक ले जाया जा रहा है और अगर साइबर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो यह देश के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें सटीक तरीके से रणनीति बनाकर और उस पर एक साथ, एक ही दिशा में आगे बढ़ना होगा। साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और आई4सी के अन्य प्लेटफॉर्म्स के बारे में जागरूकता फैलाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी और अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए सभी राज्य सरकारों को अभियान से जुड़कर गांवों और शहरों तक जागरूकता फैलाने का काम करना होगा।

# निर्यात में कृषि उपजों की बढ़ती भूमिका


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

कृषि उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश द्वारा एक रोड मैप निर्धारित कर मॉडल बनाने का काम किया गया है। एक सुदृढ़ और विकासपरक नीति के चलते उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पादों का निर्यात काफी तेजी से बढ़ा है।

स्वतंत्रता प्राप्ति काल से लेकर 1980 के दशक तक भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर नहीं था और यह एक प्रमुख खाद्यान्न आयातक देश के रूप में जाना जाता था, परंतु हरित क्रांति के बाद स्थिति पलट सी गई है। भारत अब आयातक से अन्नदाता और निर्यातक बन गया है। भारत के निर्यात में कृषि उपजों का हिस्सा निरंतर बढ़ रहा है। भारत का कृषि क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि और संबद्ध उत्पाद, समुद्री उत्पाद, डेयरी उत्पाद और कपड़ा और संबद्ध उत्पादों का निर्यात करता है। चावल भारत से सबसे अधिक निर्यात किया जाने वाला कृषि उत्पाद है। वर्ष 2024 में चावल और समुद्री उत्पादों का कृषि निर्यात में 35 प्रतिशत हिस्सा था। जनवरी 2024 तक भारत के कृषि उत्पादों के सबसे बड़े आयातक देश अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका 4.20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ भारतीय कृषि उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक देश है, जिसकी कुल निर्यात में 10.89 प्रतिशत भागीदारी थी। भारत ने वर्ष 2023 में कृषि उत्पादों में दुनिया के आठवें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। हालांकि इस वर्ष भारत के निर्यात में गिरावट का कारण भू-राजनीतिक समस्या उदाहरण स्वरूप लाल सागर संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध को माना जा सकता है, जिसने वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त, भारत ने गेहूं, गैर-बासमती चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिया, जिससे समग्र रूप से कृषि निर्यात में कमी आई है।

यह सब भारत सरकार के द्वारा अपनाई गई एक सशक्त कृषि निर्यात नीति की बदौलत हो पाया है। भारत सरकार ने कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि लाने के उद्देश्य से मजबूत निर्यात क्षमता वाले 50 कृषि उत्पादों के लिए एक सशक्त नीति बनाई है। निर्यातकों को तकनीकी और व्यावसायिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने के लिए कृषि उत्पादों के परीक्षण की सेवाएं प्रदान करने के लिए लगभग 220 प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की है। इतना ही नहीं वियतनाम, अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, सऊदी अरब, मलेशिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर, चीन, जापान और अर्जेंटीना आदि देशों के भारतीय दूतावासों में कृषि-प्रकोष्ठों की स्थापना भी की है। सरकार द्वारा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई कृषि निर्यात नीति का मुख्य उद्देश्य कृषि निर्यात बास्केट और निर्यात क्षेत्रों में विविधता लाना, उच्च मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा देना, स्वदेशी, जैविक, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना, बाजार तक पहुंच बनाने के लिए एक संस्थागत तंत्र प्रदान करना और किसानों को विदेशी बाजार में निर्यात अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाना है। इन सबके चलते अप्रैल-नवंबर 2023 की अवधि में कई प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। भारत द्वारा पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में आज 111 देशों को कृषि उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है।

> उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न देशों को अपने अधिकारी भेजकर न सिर्फ वहां से इंवेस्टमेंट प्राप्त करने का प्रयास किया है, बल्कि उत्पादों के लिए मार्केट भी तलाश किया है। विदेशी मांगों के अनुरूप प्रदेश में बेहतर क्वालिटी के उत्पाद तैयार करने पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने के कारण भी यह सफलता हासिल हुई।

जिन कृषि उत्पादों के क्षेत्र में अभी निर्यात वृद्धि की संभावनाएं हैं, उनमें पशुपालन, डेयरी, फिशरीज और बागवानी का क्षेत्र है। बागवानी का क्षेत्र पूरी तरह से खुला पड़ा हुआ है। हरित क्रांति की सफलता के बाद ग्रीन रिवोल्यूशन प्लस की बात चल रही है, जो बागवानी से संबंधित है। भारत के पास अंगूर और केलों के निर्यात में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर है। 2023-24 में देश ने 41.71 करोड़ डॉलर के चार लाख टन अंगूर का निर्यात किया। ऐसा सब कुछ विश्वसनीय कोल्ड चेन के साथ ट्रेसेबिलिटी के सिस्टम से यह संभव हो सका। इसके अतिरिक्त जिन उत्पादों में हम वैश्विक रूप से अन्य देशों के प्रतिस्पर्धी हैं, उनको मजबूत बनाने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा बनाना आवश्यक है। हालांकि भले ही फसलों में विविधता लाने के प्रयास सफल हो जाएं, फिर भी चावल उत्पादन और निर्यात घटने की संभावना नहीं है, क्योंकि यह किसानों के लिए लाभकारी है और पश्चिम एशिया, यूके तथा अमेरिका में इसकी काफी ज्यादा मांग भी है। इसके लिए यूरोप और अमेरिका में जिन कीटनाशकों की मंजूरी नहीं है, उनके प्रयोग पर रोक लगानी होगी। यूरोपीय यूनियन ने अभी तक बासमती चावल को जीआई उत्पाद के रूप मान्यता नहीं दी है। इससे इसकी अनूठी पहचान, प्रीमियम स्टेटस और बाजार मूल्य पर विपरीत असर पड़ता है। गत वर्ष कम निर्यात का कारण गैर बासमती सफेद चावल और टूटे चावलों पर प्रतिबंध लगाना भी था, जो मुख्य रूप से अफ्रीका को निर्यात किया जाता है। मसालों के निर्यात से देश को 2023-24 में 4.5 अरब डॉलर की कमाई हुई, लेकिन कीटनाशक अवशेषों, माइक्रोबॉयल प्रदूषण और शुद्धता के सख्त वैश्विक मानकों के कारण यह और ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। मई 2024 में हांगकांग, सिंगापुर और नेपाल ने प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों से मसाले आयात करने पर रोक लगा दी थी, क्योंकि उनमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा सीमा से अधिक थी। विश्व में प्रसंस्कृत खाद्य के निर्यात में भारत का हिस्सा इस समय मात्र 1-2 प्रतिशत है। सरकार को इसके लिए निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करते हुए विकसित बाजारों में मजबूत ब्रांडिंग अभियान चलाने की दिशा में काम कर रही है। इसके अंतर्गत भारतीय उत्पादों की विविधता और उनकी गैर जीएमओ (जेनेटिक रूप से संशोधित ऑर्गेनिज्म) क्वालिटी पर जोर दिया जा रहा है।

कृषि उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश द्वारा एक रोड मैप निर्धारित कर मॉडल बनाने का काम किया गया है। एक सुदृढ़ और विकासपरक नीति के चलते उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पादों का निर्यात काफी तेजी से बढ़ा है। पिछले वर्ष यूपी देश में पांचवें स्थान पर था, लेकिन अपने संसाधनों को बेहतर बनाकर व सही दिशा में प्रयासों के बल पर पहली बार इस वर्ष तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब कृषि निर्यात के क्षेत्र में सिर्फ उत्तर प्रदेश से आगे महाराष्ट्र और गुजरात हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि निर्यात के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को रिकॉर्ड साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त वृद्धि मिली है। इस प्रकार प्रदेश के निर्यात मूल्य में 18.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष प्रदेश से 18,991.45 करोड़ रुपये के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया था, जो 2023-24 में बढ़कर 22,528.56 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें सबसे अधिक फल एवं सब्जियों के निर्यात में 475 प्रतिशत एवं गेहूं के निर्यात में 144.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुछ अन्य कृषि उत्पाद जैसे प्रसंस्कृत फलों के निर्यात में 44.45 प्रतिशत तथा फ्लोरीकल्चर के निर्यात में 37.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्रीअन्न (मोटा अनाज) के निर्यात में 36.05 प्रतिशत, बासमती चावल में 33.63 प्रतिशत, आम के निर्यात में 28.34 की वृद्धि हुई है। इधर मोटा अनाज अर्थात श्री अन्न की पश्चिमी देशों में जबरदस्त मांग बढ़ी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न देशों को अपने अधिकारी भेजकर न सिर्फ वहां से इंवेस्टमेंट प्राप्त करने का प्रयास किया है, बल्कि उत्पादों के लिए मार्केट भी तलाश किया है। विदेशी मांगों के अनुरूप प्रदेश में बेहतर क्वालिटी के उत्पाद तैयार करने पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने के कारण भी यह सफलता हासिल हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताजी और उच्च गुणवत्ता की सब्जियां एवं आम वाराणसी पैक हाउस के माध्यम से लंदन समेत यूरोप के अन्य देशों को निर्यात शुरू किया गया है। वाराणसी हवाई अड्डे से सीधे दुबई व खाड़ी के अन्य देशों को भी सब्जियां व अन्य फल भेजे जाने लगे हैं। चंदौली से काला चावल ऑस्ट्रेलिया को निर्यात किया गया है, जबकि वाराणसी से कतर को तथा मिर्जापुर से सेनेगल को चावल का निर्यात किया जा रहा है। बलिया, भदोही, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ से हरी मिर्च एवं अन्य ताजी सब्जियां, मेरठ, रामपुर, सहारनपुर और लखनऊ से आम, फर्रुखाबाद व आगरा से आलू, बागपत से शहद, कानपुर से मूंगफली, बिजनौर से खाड़ी देशों को गुड़ तथा हाथरस से न्यूजीलैंड को मक्खन का बड़े पैमाने पर निर्यात किया जा रहा है। इन निर्यातों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक भंडारण के लिए ग्रामीण गोदामों की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं, साइलो स्थापित किए जा रहे हैं। अगले वर्ष से जेवर में एयरपोर्ट शुरू हो जाने के बाद कृषि निर्यात में और अधिक वृद्धि होगी। असल में उत्तर प्रदेश ने जिस तरह कृषि उत्पादों के निर्यात में प्रगति लाई है उस मॉडल को अपनाकर देश के अन्य राज्यों में भी प्रगति लाई जा सकती है।

## प्रसंगवश

# ठसक ठाकुरों की


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के खंडकाव्य "सिद्धराज" में एक पंक्ति आई है, 'ठेका ले लिया है ठाकुरों ने ही ठसक' का। यही नहीं लाला भगवानदीन 'दीन' ने ठाकुर नामधारी कवियों की रचनाओं का एक संकलन संपादित किया है, जिसका उन्होंने नाम ही रखा है 'ठाकुर ठसक'।

शास्त्रोक्त वर्ण व्यवस्था में ठाकुर यानी क्षत्रिय वर्ग के कर्तव्यों में ही योद्धा वन रक्षा करना, शौर्य प्रदर्शन आदि आते हैं और उनका जन्म भगवान की भुजाओं से माना गया है। परशुराम ने जब विशेष कारणों से दुष्ट राजाओं का संहार किया, जिनमें क्षत्रिय ज्यादा थे, और भूमि ब्राह्मणों को दे दी तो शासन-प्रशासन की दिक्कत हुई थी, क्योंकि ब्राह्मण वैरागी स्वभाव के होते हैं। सामंत काल में तो क्षत्रियों की युद्धप्रियता इतनी बढ़ी कि आह्ला में एक पंक्ति आई है, "जो मरि जैहैं माहिल मामा तौ खुटिया मा टंगी रही तलवार"। ऐसा तब कहा गया, जब झूठ चुगली करके उरई के राजा माहिल (परिहार) ने महोबे वाले आह्ला ऊदल का दिल्ली से अनावश्यक युद्ध करा दिया था और सच्चाई मालूम होने पर ऊदल उन्हें मारने पर उद्यत हो गए। राजसत्ता पर काबिज होने के कारण 'ठाकुर' राजा का पर्यायवाची बन गया। जगन्नाथदास 'रत्नाकर' के 'उद्धव शतक' में पंक्तियां आई हैं, 'प्यारो नाम गोविंद गोपाल को विहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाइ करिहैं कहा'। यह भगवान श्रीकृष्ण कह रहे हैं और ठाकुर का मतलब तीनों लोकों के स्वामी से हैं। कवि सेनापति ने भगवान की चरण पादुकावों (खड़ाऊं) का वर्णन करते हुए उन्हें 'तीन लोक ठकुरानी' कहा है। (वेद में बखानी तीन लोक ठकुरानी सब जग जानी 'सेनापति' के सहाय की)।

'ठाकुर जी' भगवान का पर्याय भी हैं और राजा, जमींदार आदि के लिए भी प्रयुक्त होने लगा। मुहावरे बन गए, 'ठकुरन टोली याकै बोली', 'ठकुर सोहाती', 'जौनै ठाकुर मरै, ओही कै जोहार टूटै'। ठाकुर को गंभीर होना जरूरी माना गया है। कहा गया है 'हंसुवा ठाकुर खंसुवा चोर" असफल रहता है। मुंशी प्रेमचंद की एक कहानी है, 'ठाकुर का कुआं'। कहानी में जमींदारी युग के एक बड़कौले ठाकुर के कुएं से छोटी बिरादरी के लोगों को पानी भरने का अधिकार न होना दिखाया गया है।

# अति पर्यटन की संस्कृति यानी विनाश को न्यौता


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> पर्यटन किसी न किसी रूप में पहाड़ को नुकसान ही पहुंचा रहा है। दरअसल विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर ही पर्यटन को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

हिमालय क्षेत्र में यात्रा के संदर्भ में तीर्थाटन और पर्यटन दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची लगते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं। तीर्थाटन में जहां आस्था और आध्यात्मिकता का समावेश है वहीं पर्यटन मौज मस्ती और घुमक्कड़ी का प्रतीक है। दोनों अलग हैं, इसलिए इन्हें एक साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। पर्यटन में एक तरह का उन्माद है तो तीर्थाटन आत्मकेंद्रित है, लेकिन उत्तराखंड के संदर्भ में पर्यटन और तीर्थाटन को एक ही चश्मे की नजरों से देखा जा रहा है।

उत्तराखंड देवभूमि है, जहां चार धामों का समावेश है। आदिगुरु शंकराचार्य ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए इस अंचल में चार धामों की महत्ता को स्वीकार किया था। बद्रीनाथ मंदिर में दक्षिण भारत के पुजारी हैं और यह व्यवस्था आदिगुरु शंकराचार्य ही कर गए थे। निश्चय ही इसके पीछे मानव धर्म-सेवा का भाव रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से बड़ी संख्या में पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों ने उत्तराखंड के माहौल और यहां के पर्यावरण को बिगाड़ रखा है वैसा आदि गुरु शंकराचार्य ने कभी सोचा भी नहीं होगा।

चार धाम ही नहीं, बल्कि हिल स्टेशन नैनीताल, मसूरी सहित देहरादून-हरिद्वार आदि क्षेत्रों में अति पर्यटन की संस्कृति ने कई तरह के विनाश को न्यौता दिया है। अकेले अगर बात नैनीताल की करें तो यह अति संवेदनशील क्षेत्र है। यहां निरंतर हो रहे भूस्खलन इस संवेदनशीलता को दर्शाते हैं, पर इसकी चिंता किसी को नहीं है। यहां पर्यटन की चिंता में होटलों के जंगल उग आए हैं। बाहरी लोग यहां जमीनों की खरीद फरोख्त में लगे हैं। जाहिर है मानव अपने स्वार्थ और अज्ञानवश अपनी स्वयं की कब्र खोदे जा रहा है। उत्तराखंड के चार धाम यात्रा मार्ग पर जैसी गंदगी और गड़बड़ी पर्यटकों ने फैलाई है वैसी दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलेगी। जितनी तेजी से यहां मानव का आगमन बढ़ा है उसी तेजी से यहां आपदाएं भी बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ सालों से चार धाम की यात्रा पर पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक इजाफा हुआ है। रात-दिन गाड़ियों का शोर, होटलों में आपाधापी, सड़क बनाने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल और पर्यटकों के लिए अनुकूल चीजे परोसने की रुचि ने पहाड़ की प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाया है। जैव विविधता के नष्ट होने से यहां मौसम परिवर्तन देखा गया है। कहीं बर्फ कम गिरती है तो कहीं अतिवृष्टि होती है। इसका उदाहरण हाल ही में देखने को मिला जब ओम पर्वत से बर्फ पूरी तरह से गायब हो गई थी।

इधर भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ी हैं और पहाड़ पहले से ज्यादा दरकने लगे हैं। शिवालिक पर्वतमालाओं में सदियों से भूस्खलन का विनाशकारी सिलसिला चला आ रहा है। यह भूस्खलन प्राकृतिक आपदा तो है ही, लेकिन भूमि कटाव और निजी स्वार्थ में लिप्त इस क्षेत्र में किया गया वन दोहन भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेतरीब सड़कें काट देने का प्रभाव पर्वतमालाओं को झेलना ही पड़ता है। नतीजा प्रकृति का मृत्यु तांडव, लेकिन सरकार तो यात्रियों की संख्या बढ़ने से खुश है और उसने कभी भी पर्यटन और तीर्थाटन में भेद करने की कोशिश नहीं की। आने वाले विनाशकारी कल के बारे में सोचने का समय किसी के पास नहीं है। आज केवल पैसा कमाना है, यात्रियों की बढ़ती संख्या देखकर खुश होना है। क्या खोकर क्या पाया को सोचने वाले सोचेंगे।

सतर-अस्सी के दशक तक यात्री ज्यादातर पैदल ही चारधामों की यात्रा करते थे। तब अधिकांश सड़कें नहीं बनी थीं और कई दिनों में यात्रा पूरी होती थी। तीर्थ यात्री अपने साथ चना, चबाना, सत्तू आदि रखते थे तथा जहां भी वे रुकते थे, हंडिया में खिचड़ी उबालकर खा लेते थे। तब तीर्थ यात्रा का मतलब ही पैदल यात्रा था, पर आज तो अपनी गाड़ी में आइए, हेलीकॉप्टर में बैठिए और पहुंच जाइए केदारनाथ या हेमकुंड। यात्रा सुगम हो गई है तो तीर्थाटन के मतलब भी बदल गए हैं।

पर्यटन की यह संस्कृति भले ही विकास की झलक दिखलाए, लेकिन न्यौता यह विनाश को ही है। विकास जरूरी है, पर यह सोचना भी जरूरी है कि किस कीमत पर। मौजूदा दौर में पहाड़ में विकास के कार्यक्रम का जो दौर चल रहा है, उसके पीछे पहाड़ के लोगों का हित चिंतन नहीं, बल्कि पर्यटकों को सुविधा मुहैया कराने का भाव ज्यादा है। यह सही है कि पर्यटन पहाड़ की आर्थिक स्थिति के लिए जरूरी है, लेकिन अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से विकसित किया गया पर्यटन स्वीकार नहीं है। यह किसी न किसी रूप में पहाड़ को नुकसान ही पहुंचा रहा है। दरअसल विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर ही पर्यटन को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# आस्था का मामला


अशोक पांडे
हल्द्वानी

हमारे पहाड़ों में आम है कि कोई बच्चा बीमार पड़े तो उसे सबसे पहले नजर उतारने के लिए किसी नजदीकी विशेषज्ञ के पास ले जाया जाता है। घर आई नवेली बहू को दौरे पड़ने लगते हैं तो गोल्ल-गंगनाथ जैसे स्थानीय देवताओं की जागर लगाई जाती है। पता लगता है पांच पीढ़ी पहले मरी किसी बाल विधवा अम्मा का सलीके का संस्कार नहीं हुआ था। बहू को वही लगी है।

घर से कुछ गायब हो जाए तो पुछ्यार के पास जाकर पूछ अथवा गंत कराई जाती है। दोबाटे से पश्चिम दिशा में सातवें घर के आसपास माल पाए जाने की संभावना बताई जाती है। काम हो जाने की सूरत में उसी देवता के नाम की एक और जागर लगानी होती है कि हे देवता, हमेशा दाहिने हो रहना। हल्द्वानी में एक दोस्त की अम्मा थीं, जो नमक की डली से माइग्रेन का इलाज करती थीं। पच्चीस-तीस बरस पहले मुझे हुआ था तो उनके पास ले जाया गया। उन्होंने पहले मेरे गांव के इष्ट देवता का नाम पूछा फिर नमक की एक बड़ी सी डली को मेरे माथे पर फिराते हुए देर तक उस देवता का नाम जपती रहीं। यह थेरेपी कुछ दिन चली। फिर किसी ने मुझे रामनगर भेजा जहां कानिया-गौजानी के पास रहने वाले एक वैद्य ने मुझे किलमौड़े की जड़ से बना एक ताबीज पहनने को दिया। तीन हफ्ते बाद उस ताबीज को अपने पैतृक गांव में बहने वाली जलधारा में बहाया जाना था। उसके पश्चात मंदिर जाकर अपने कुल देवता का आह्वान करना था।

सुदूर घाटियों में मान्यता है कि ग्राम देवता के थान में अगर कोई आदमी काले बकरे को छूकर कोई बात स्वीकार करता है तो उसकी मान्यता सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए एफीडेविट से ज्यादा होती है। फर्ज कीजिए कोई आपकी खड़ी गाड़ी से म्यूजिक सिस्टम चुरा ले जाए। आप धर्मात्मा हैं तो आपके इष्ट की ऐसी महिमा रहेगी कि चोर बीमार पड़ जाएगा, दर्द से बिलबिलाने लगेगा। बचने की उम्मीद न बचेगी। देवभूमि का वासी पहाड़ी आदमी भला आदमी होता है। दर्द से बिलबिला रहा मरणासन्न डैक-चोर ठीक कैसे होगा, इसकी सूचना बाकायदा पेंटर बुलवाकर सार्वजनिक जगहों पर छपवा देता है। -**फेसबुक वॉल से**

# सठिया जाना उतना बुरा भी नहीं


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

सठिया जाना उतना भी बुरा नहीं जितना आप समझ बैठे हैं। साठ का बंदा यदि गांठ का पूरा हो तो वो आपके चरण स्पर्श का अधिकारी भी है और आपको सरेबाजार गरिया देने का हक भी रखता है। इस उम्र में वो कुछ कहता नहीं, आकाशवाणी करता है। उसके बाल धूप में सफेद नहीं होते उसकी अकलमंदी की डाई से जगमगाते हैं। पुराने जमाने में इस उम्र तक आते-आते बंदा या तो दीवार पर टंगी फोटो का हिस्सा होता था या खांसते खखराते किसी खटिया पर झूला झूलता था, पर आजकल ऐसा है नहीं।

आजकल इस उम्र वाले पार्कों में दौड़ते हैं, दौड़कर सीढ़ियां चढ़ते हैं और वो सब करते हैं, जिसकी हसरत उनकी अपनी नौजवानी के दिनों में बाकी रह गई थी। हिंदी फिल्मों के टॉप स्टार वही हैं और मोटे मेहनताने के साथ अपने से आधी उम्र की लड़कियों से इश्क फरमाने के मजे भी वही लूट रहे हैं। आजकल किसी भी टूरिस्ट प्लेस पर चले जाइए। पहाड़ हो, समंदर हो या रेगिस्तान हो। आप वहां रंगीन फूलदार टी शर्ट पहने बुजुर्गवारों का जमावड़ा ही पाएंगे। वो दुनिया देख रहे हैं और दुनिया उन्हें देख रही है। बीयर बार रेस्टोरेंट होटले इन्हीं की दम पर गुलजार है आजकल। उनकी जेबें भरी हुई हैं। उन्होंने खर्च करना सीख लिया है और बाजारों में जितनी भी दम बची है, उनकी वजह भी यही हैं। मंदिर-मस्जिद नई उम्र के लड़कों के लिए छोड़ देता है वो। खुद किसी ऊंची इमारत के टॉप फ्लोर पर रहता हुआ कभी कभार भगवान को धन्यवाद कहता है। किताबें पढ़ता है। लता- रफी के साथ सुनिधि चौहान को सुनता है। थियेटरों में जाने के बजाय नेटफ्लिक्स पर हॉलीवुड की मूवीज देखता है। दवाएं लेने के बावजूद मनचाहा खाता-पीता है। घूमता है, मौज करता है और खर्च करता है। किसी से नहीं डरता। अपने नाती-पोतों के साथ खेलता है और उससे भी ज्यादा सुखी होता है, जितने की आप उम्मीद नहीं कर रहे होते हैं।

वो बस इतना चाहता है कि लोग उसे पचास का समझे। पैंतालीस टाईप की निगाह से देखें। साठ का समझे भी तो मुंह बंद रखें। उससे उसके रिटायरमेंट बीमा और बीमारियों की चर्चा न करें। वसीयत की बात करना तो जहर होगा आपके लिए। उसकी तारीफ करें पर मन में उसके प्रति दया-करुणा जैसे विचार न रखें। यकीन करें वो भी कभी जवान था और आपसे ज्यादा ही था और इस बात की भी पूरी गुंजाइश है कि वो आज भी आपसे ज्यादा ही हो। साठ साल का बंदा यदि खुशमिजाज है और फिर यदि ताने देने में माहिर और जेब से भरा पूरा भी है तो उसे बुजुर्ग मानना आपको दिक्कत में डाल सकता है। खुद को बुजुर्ग मानने में उसकी हेठी होती है। वो होता है, पर मानता नहीं। यदि वो नहीं मानता तो उससे इन सभी नाजुक मुद्दों पर चर्चा करना नुकसान का सौदा हो सकता है। ऐसे में आपकी जान-पहचान के, आसपास के खानदान का कोई बंदा साठ का हो जाए तो ऊपर लिखी मेरी ये हिदायतें जरूर पढ़ लें। यह यकीनन आपके हक में अच्छा होगा।

# भूत के पांव उल्टे


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> गरज यह कि सोचो मत–दिमाग पर जोर मत डालो, उसे बचाए रखो, बड़ी नियामत है खुदा की। कभी संकट की घड़ी में काम आएगा, उसे हर जगह घिसो मत। श्रीलाल शुक्ल ने भी लिखा है–सोचना चिड़ीमारों का काम है।

कहते हैं भूत के पांव उल्टे होते हैं। बात सोलहों आने दुरुस्त है। अगर हम भूत की तरफ बढ़ें तो पैर के पंजे भी उसी ओर होंगे। हां, भविष्य की ओर बढ़ने के वक्त एड़ियां वर्तमान की तरफ और पंजे भविष्य की ओर होंगे। जाहिर है, वर्तमान में हम पंजों पर खड़े होते हैं। एड़ियां घिस-घिस कर लहू-लुहान होती हैं और उन्हें जमीन पर रखकर खड़ा रहना दर्ददेह होता है। बड़े-बड़े विद्वान कह गए हैं कि हमेशा वर्तमान में जियो-भूत की तरफ न देखो, वह बीता हुआ कल है, एक परछाई है, जो हो चुका वो हो चुका। बीती ताहि बिसारिये। गते शोचं न कर्तव्यं। गतं न मन्ये। जो बीत गई वो बात गई। भविष्य की भी चिंता न करो। होनी होय सो होय। बस, वर्तमान में जियो।

गरज यह कि सोचो मत-दिमाग पर जोर मत डालो, उसे बचाए रखो, बड़ी नियामत है खुदा की। कभी संकट की घड़ी में काम आएगा, उसे हर जगह घिसो मत। श्रीलाल शुक्ल ने भी लिखा है- सोचना चिड़ीमारों का काम है। बात तथ्यात्मक भी है। जीवन केवल वर्तमान में ही है। भूत में जीना यादों में जीना है। कोई समय के बहाव के उलटे तो चल नहीं सकता। अतः भूत में जीना अपने-आप में बेतुकी बात है। ठीक उसी तरह कोई भविष्य में नहीं जी सकता-समय से तेज चले तो भविष्य में जिए, जो संभव ही नहीं। अतः भविष्य में जीना ख्याली पुलाव पकाना है, लेकिन वर्तमान केवल एक क्षण होता है। वह एक तंग-सा झरोखा है, जिससे भविष्य गुजरता है और भूत बन जाता है। पलक गिरते ही भविष्य भूत बन जाता है। वर्तमान का टिकाव इतना क्षणिक है कि उसमें जीना-जीने को महसूसना संभव ही नहीं। हम वर्तमान में जी नहीं सकते और हमें भूत या भविष्य में जीना नहीं चाहिए तो हम जियें तो जियें कहां? कहने वाले बिना सोचे ही लेक्चर झाड़ देते हैं। बुजुर्ग प्रायः भूत में जीते हैं, क्योंकि या तो उनका कोई भविष्य नहीं है या भविष्य बड़ा भयावना है। बच्चे प्रायः भविष्य में जीते हैं, क्योंकि उनका कोई भूत नहीं है (अगर है भी तो जीने के लिए काफी संकरा है)। यह भी एक कारण है कि बच्चे भूतों से डरते हैं। बीच में तो कुछ होता ही नहीं। इस मामले में अंग्रेज लोग बड़े तथ्य प्रेमी होते हैं, सबको एक ही लाठी से हांकते हैं- हाउ ओल्ड आर यु? अंग्रेज कभी जवान नहीं होते, जन्म के साथ अधिकाधिक बूढ़े होते जाते हैं।

मेरे एक शिक्षक कहा करते थे- जो देश (यानि जिस देश के नागरिक) भूत में जीने लगते हैं, हर बात पर अपनी पुरानी सभ्यता की बात करते रहते हैं। सारा ज्ञान वेदों और पुराणों से खींचना चाहते हैं, वे कभी उन्नति नहीं कर सकते। वहीं जो देश अपने भविष्य को देखने, बनाने, संवारने में ज्यादा वक्त देता है, उसका विकास होता है। हम समझ नहीं सकते कि क्या सही है-वर्तमान में जीना या भविष्य में जीना। शायद हमारी तकदीर में उलझनों में जीना ही लिखा है।

# डेबिट कार्ड पर दुर्घटना बीमा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कुछ बुनियादी शर्त पूरा करने पर कुछ बैंकों के डेबिट कार्ड होल्डर्स को दुर्घटना हित लाभ का प्रावधान किया गया है। यह बात कम उपभोक्ता ही जानते हैं। इसमें एक शर्त यह भी है कि खाता एक्टिव होने के साथ-साथ एक निश्चित अवधि के अंदर एटीएम से केश निकासी की गई हो। हम जब भी बैंक में खाता खुलवाते हैं तो उस खाते पर हमें एक डेबिट कार्ड भी मिलता है।

यह ऑनलाइन पेमेंट से लेकर कैश निकालने में लोगों की मदद करता है, लेकिन कैश विड्रॉल के अलावा एटीएम कार्ड के कुछ ऐसे लाभ हैं, जिसके बारे में हमें आमतौर पर पता नहीं होता है। यह लाभ एटीएम कार्ड पर मिलने वाले इंश्योरेंस के बारे में है।

बैंक क्लासिक, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम जैसे कार्ड जारी करते हैं। इसी हिसाब से इंश्योरेंस की रकम होती है। क्लासिक कार्ड पर एक लाख, प्लेटिनम कार्ड पर 2 लाख, सामान्य मास्टर कार्ड पर 50 हजार, प्लेटिनम मास्टर कार्ड पर 5 लाख, वीजा कार्ड पर डेढ़ लाख से 2 लाख तक का इंश्योरेंस कवरेज मिलता है। किसी अनहोनी होने पर या दुर्घटना होने पर खाते के कानूनी वारिस/नामिनी बैंक से निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर इस क्लेम की मांगकर सकते हैं।

# आरक्षण पर राहुल के नाटक से रहें सावधान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नाटक से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में जातिगत जनगणना नहीं करा पाएगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में शिक्षक भर्ती के मामले में आरक्षित वर्ग के लोगों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें संवैधानिक हक जरूर मिलना चाहिए।

सरकार इस मामले में अपना ईमानदार रुख अपनाए, ताकि इनके साथ कोई भी नाइंसाफी न हो। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए उन्होंने कहा कि केंद्र में काफी लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया। कांग्रेस देश में जातीय जनगणना कराने के बयान के बहाने सत्ता में आने का सपना देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भी नाटक से सतर्क रहें।



▸▸ **कहा, कांग्रेस नहीं करा पाएगी जातिगत जनगणना**

राहुल ने विदेश में कहा था कि जब भारत बेहतर स्थिति में होगा, तो वह एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है। आरक्षित वर्ग के लोग राहुल गांधी के घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में डॉ भीम राव आंबेडकर को कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अभी भी हालात नहीं बदले हैं।

# आठ पुलिस अधीक्षक समेत 17 आईपीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने मंगलवार को आठ पुलिस अधीक्षक समेत 17 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईजी अलीगढ़ शलभ माथुर को आईजी स्थापना पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। प्रभाकर चौधरी को डीआईजी स्थापना मुख्यालय से तबादला कर डीआईजी अलीगढ़ परिक्षेत्र बनाया गया है। एसएसपी झांसी राजेश एस. को एसपी शाहजहांपुर बनाया गया है।

सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद सुधा सिंह को एसएसपी झांसी बनाया गया है। एसपी सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह को एसपी रायबरेली बनाया गया है। एसपी उन्नाव सिद्धार्थ शंकर मीना को डीसीपी प्रयागराज, एसपी औरैया चारू निगम को सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, एसपी महोबा अपर्णा गुप्ता को डीसीपी लखनऊ, एसपी शाहजहांपुर अशोक कुमार मीना को एसपी सोनभद्र बनाया गया है। डीसीपी प्रयागराज दीपक भूकर को एसपी उन्नाव, एसपी रायबरेली, अभिषेक अग्रवाल को डीसीपी आगरा, एएसपी नगर गोरखपुर कृष्ण कुमार को एसपी संभल, एसपी संभल कुलदीप सिंह गुनावत को डीसीपी प्रयागराज, डीसीपी लखनऊ अभिजीत आर. शंकर को एसपी औरैया, एएसपी ग्रामीण अलीगढ़ पलाश बंसल को एसपी महोबा बनाया गया है। एएसपी कुशीनगर अभिनव त्यागी को एएसपी गोरखपुर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन को प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलीगढ़ बनाया गया है।

# बच्चों के गर्म भोजन में खेल 36.15 करोड़ का हिसाब नहीं

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलों पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए दोबारा शुरू हुई हॉट कुक्ड मील योजना यानी पका पकाया गर्म भोजन खिलाने के लिए अप्रैल और मई में निकाले गए 36,15,24,670 रुपये का हिसाब नहीं है।

यह कन्वर्जन कास्ट भोजन बनाने और रसोइयों को मानदेय भुगतान में केवल उपभोग प्रमाण पत्र में दर्शाई गई है। जबकि पीएफएमएस पोर्टल पर समायोजन नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में सामग्री की खरीद करना और भोजन बनाकर वितरण करना स्पष्ट नहीं है। इसी तरह रसोइयों को मानदेय

▸▸ **जिलों में अप्रैल व मई माह में निकाली गई कंवर्जन कास्ट का पोर्टल पर नहीं किया समायोजन**

▸▸ **सिर्फ उपभोग प्रमाण पत्र में भोजन और रसोइयों को दिखाया मानदेय**

में असमंजस है। कई जिलों में रसोइयों को भुगतान ही नहीं किया गया। इससे विभाग की छवि खराब होने पर वित्तीय अनियमितता मानते हुए निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र जारी करके एक सप्ताह में धनराशि समायोजन के निर्देश दिए हैं। साथ ही आख्या मांगी है।

**93.77 करोड़ में सिर्फ 4.35 करोड़ का हिसाब :** अप्रैल और मई में जिलों को कन्वर्जन कास्ट के 93,77,79,728 रुपये एडवांस दिए गए थे। इनमें दो माह में कुल 40,50,25,094 रुपये निकालकर भोजन और रसोइयों को मानदेय भुगतान करना दिखाया गया है। जबकि पीएफएमएस पोर्टल पर 4,35,00,424 रुपये का समायोजन किया गया है। शेष 36,15,24,670 का समायोजन न होने के कारण भुगतान की पुष्टि नहीं है।

## नहीं बनवाते भोजन

पोर्टल पर समायोजित न होने वाली धनराशि में गोलमाल की आशंका है। क्योंकि कई विद्यालयों में प्रधान व अध्यापक भोजन नहीं बनवाते हैं और धनराशि निकाल ली जाती है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग उपभोग प्रमाण पत्र तैयार कर लेता है, लेकिन समायोजन के लिए बिल बाउचर आदि नहीं मिलते हैं।

## एक नजर

### प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया में आज से तीन दिन होगी कॉन्फ्रेंस

अमृत विचार, लखनऊ : प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के अंतर्गत 11 से 13 सितंबर के बीच कई प्रकार के विषयों पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीसीबी व ईएमएस, सर्फेस माउंट टेक्नोलॉजी (एसएमटी), केबल्स-क्वॉयल्स व हाइब्रिड, सेमीकंडक्टर, फ्यूचर प्रोडक्शन व ओवरऑल प्रोडक्शन सपोर्ट जैसे विषयों को कवर किया जाएगा। इस दौरान कंपनियों द्वारा अपने प्रोडक्ट्स की नुमाइश भी की जाएगी और दुनियाभर के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां व देशों के एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में कुल विजिटर्स में से 58 प्रतिशत विदेशी होते हैं जिनमें से 54 प्रतिशत विदेशी एग्जीबिटर्स होते हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा उत्तर प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) प्रतिभाग कर रहे हैं। विभाग की ओर इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर व चिप निर्माण के क्षेत्र में सेक्टर फेवरिंग नीतियों का प्रमोशन किया जाएगा। साथ ही, यहां इनवेस्टर्स के साथ बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

# दो चकबंदी अधिकारियों समेत तीन निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर दो चकबंदी अधिकारियों समेत तीन का निलंबन कर दिया गया है। इसके साथ ही कई के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत आरोप पत्र जारी किए गए हैं।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाराजगंज के ग्राम बैठवलिया में प्रारंभिक चकबंदी योजना तैयार करने में अनियमितता पर सहायक चकबंदी अधिकारी अखिलेश चंद्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उप संचालक चकबंदी को अनियमितताओं को दुरुस्त करने और लंबित निगरानियों का ग्राम अदालत के माध्यम से शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह बांदा के ग्राम सिलेहटा में अनियमितताओं पर चकबंदी अधिकारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसी गांव के संबंध में अनियमितताओं के लिए पूर्व में निलंबित सहायक चकबंदी अधिकारी अरुण नारायण सिंह के खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने और तत्कालीन

▸▸ **बांदा के चकबंदी अधिकारी मुजफ्फरनगर के बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी और महाराजगंज के सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित**

▸▸ **मुख्यमंत्री के निर्देश पर चकबंदी कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार करने पर कई के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई**

## सेवानिवृत्त अधिकारी भी आए कार्रवाई की जद में

कार्रवाइयों की ही कड़ी में आजमगढ़ जिलाधिकारी की आख्या के आधार पर चकबन्दी कार्यों के शिथिल पर्यवेक्षण एवं कार्य में शिथिलता के दोषी चकबन्दी अधिकारी (से.नि.) शैल राजीव कमल, सहायक चकबंदी अधिकारी (से.नि.) मोहन लाल श्रीवास्तव, राधेश्याम वर्मा, चक्रधर त्रिगुनायत और जैनेंद्र प्रताप के खिलाफ भी अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुजफ्फरनगर में चकबंदी कार्यों में अनियमितता पर चकबन्दी अधिकारी तत्कालीन वीरेन्द्र प्रकाश सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी के खिलाफ पिछले 10 वर्षों से चल रही जांच रिपोर्ट अब तक निदेशालय को न दिए जाने पर जांच अधिकारी उप संचालक चकबंदी से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

चकबंदीकर्ता कामता प्रसाद, संप्रति सहायक चकबंदी अधिकारी को अनियमितता के लिए निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, चकबंदी लेखपाल विकास सिंह, जो पूर्व से इसी ग्राम में अनियमितताओं के लिए निलंबित हैं, उनके खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में तरह चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप (जो पूर्व से ही निलम्बित हैं), उनके खिलाफ भी अतिरिक्त आरोप पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए गए।

चकबंदी आयुक्त के मुताबिक, बिजनौर में चल रही चकबंदी में अनियमितता को लेकर विभिन्न गांव के किसानों ने शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद निदेशालय स्तर पर समिति गठित कर जांच कराई गई। जांच में चकबंदी के दौरान अनियमितता की शिकायत सही मिलने पर तत्कालीन बंदोबस्त अधिकारी विजय कुमार, सम्प्रति बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी मुजफ्फरनगर को निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उप संचालक चकबन्दी को अनियमितताओं को दूर करने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा गोंडा के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी देवेंद्र सिंह को वादों के निस्तारण न करने एवं शिथिल पर्यवेक्षण पर अनुशासनिक कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने अपने यहां संबद्ध मीरजापुर के चकबंदी लेखपाल राजेंद्र कुमार यादव द्वारा अनियमितताओं की शिकायत की थी। इस पर सम्बद्धीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए मीरजापुर के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को लेखपाल के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# यूपी सिडको को बनाएंगे प्रदेश की महारत्न कंपनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपी सिडको) के अध्यक्ष वाईपी सिंह ने कहा कि यूपी सिडको को प्रदेश की महारत्न कंपनी की श्रेणी में पहुंचाने की पूरी कोशिश होगी।

वाईपी सिंह ने मंगलवार को यूपी सिडको कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उक्त बात कही। प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों नोएडा के वाईपी सिंह को यूपी सिडको को अध्यक्ष मनोनीत किया था। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में यूपी के लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। गुंडे और माफिया का बोलबाला खत्म हुआ है। यूपी सिडको को ए क्लास एजेंसी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। अब यूपी सिडको और अच्छी गुणवत्ता का काम करेगी। काम के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी और संस्था की आर्थिक दिक्कतों को दूर कराया जाएगा। इससे पहले उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण किया।

▸▸ **2023-24 में संस्था ने 1160 करोड़ का काम पूरा किया**

यूपी सिडको के एमडी प्रकाश बिंदु ने कहा कि संस्था को अधिकतम वह काम आवंटित होते हैं, जो सांसदों और विधायकों की निधि से होते हैं। संस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। 2021-22 में यूपी सिडको ने 11 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। जबकि 2022-23 में यह बढ़कर 25 करोड़ हो गया। 2023-24 के लाभ की गणना हो रही है। इसी तरह 2022-23 में यूपी सिडको ने 800 करोड़ रुपये का काम था, जबकि 2023-24 में यूपी सिडको ने 1160 करोड़ का काम मिला था, जो पूरा किया गया।



उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति ने मंगलवार को युवा कल्याण विभाग की बैठक के दौरान सचिव (युवा कल्याण) सुहास एल.वाई. को पेरिस पैरालंपिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया। अमृत विचार

# डिजिटल हस्ताक्षर से अब 19 तक लॉक कर सकेंगे डाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में परीक्षा परिणाम घोषित न होने व अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों का डॉटा अब 19 सितंबर तक लॉक किया जा सकेगा। छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति माह के अंतिम सप्ताह में जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए नई समय सारिणी जारी की गई है। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के स्तर से शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा अग्रसारित करने के लिए 10 सितंबर तक की तिथि तय की गई थी। जबकि जिला स्तर पर विभागीय अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से लॉक डाटा एवं वर्ष 2023-24 के ट्रांजेक्शन फेल वाले छात्र-छात्राओं की मांग सृजन के लिए नई तिथि 19 सितंबर नियत की गई है। साथ ही जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल डाटा वर्ष 2023-24 के ट्रांजेक्शन फेल वाले छात्र-छात्राओं को पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से आधार सीडेड/एनपीसीआई से बैंक खातों में धनराशि 26 सितंबर तक भेजी जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति और अन्य कार्यों का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

# टास्क फोर्स के जरिए नोएडा बनेगा डायनमिक सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने नोएडा को 'डायनमिक सिटी' बनाने के लिए टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। इसके जरिए इसकी पहचान केवल औद्योगिक ही नहीं, बल्कि एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर होगी।

शासन के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निर्देश पर नोएडा में वाइब्रेंट कल्चरल स्पेस को चिह्नित कर उनके विकास प्रक्रिया को गति देने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इस क्रम में प्रक्रिया शुरू करते हुए नॉलेज पार्टनर के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके पूरा होने से टास्क फोर्स के गठन प्रक्रिया को गति मिलेगी।

टास्क फोर्स में प्राधिकरण व जिला स्तर के विभिन्न अधिकारी भी शामिल होंगे। यह टास्क फोर्स विभिन्न परियोजनाओं पर जारी कार्य की रिपोर्ट से लेकर डाटाबेस निर्माण, निवेश के अवसर तलाशने, रचनात्मकता बढ़ाने आदि कार्यों को पूरा किया जाएगा। टास्क फोर्स इंटीग्रेटेड इंप्लिमेंटेशन विंग के तौर पर कार्य करेगी। इसके द्वारा नोएडा की ब्रांडिंग की एक कार्ययोजना बनाई जाएगी, जिसे एक्शन प्लान नाम दिया जाएगा।

▸▸ **केवल औद्योगिक ही नहीं एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर होगी पहचान**

▸▸ **नोएडा क्षेत्र में 'वाइब्रेंट कल्चरल स्पेस' को चिह्नित कर उनके विकास की प्रक्रिया को दी जाएगी गति**

## जीवंत व आत्मनिर्भर शहर के रूप में पहचाना जाएगा नोएडा

नोएडा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने कई लाभ के बावजूद, नोएडा को उभरते शहरों या 'नियोजित शहरों' से जुड़ी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, इसकी चुनौतियों को दूर करके से एक जीवंत, आत्मनिर्भर और रहने योग्य शहरी समुदाय के तौर पर ब्रांडिंग की जाएगी जो जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि पर आधारित होगा।

## वर्ग पहेली-188

**बाएं से दाएं**

1.1. समझ, बुद्धि, अकल 2. ज्ञान, विद्या 3. तमीज़।

4.1. ईंट का भट्ठा 2. भाड़।

6. न्यायालय या किसी कार्यालय में अभिलेखों की देखभाल करने वाला कर्मचारी या अधिकारी; (रिकॉर्ड कीपर)।

7. हठ करने वाला, ज़िद्दी, दुराग्रही; टेकी।

8.1. धनुष, कमान, चाप 2. धनुर्धर 3. (ज्योतिष) बारह राशियों में से एक, (सैगिटेरिअस) 4. रेतीला तट 5. (ज्योतिष) फलित ज्योतिष में एक लग्न।

**ऊपर से नीचे**

2. एक ही महल्ले में रहने वालों में होने वाला आपसी बरताव या लेन-देन।

3.1. करूणामय कृपा, अनुग्रह 2. दया 3. हमदर्दी, (कंपैशन)।

5.1. कहकर मुकर जाना; इनकार करना 2. (घोड़े का) धीमी चाल से चलना।

6.1. भीषण ताप, अत्यधिक गरमी 2. अधिक क्षेत्र में आग लगाना और उससे वस्तुओं को जलाना।



## वर्ग पहेली -187 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | क | चा | ■ | ■ | 2 म |
| सी | ■ | ■ | 3 ए | ■ | हि |
| ■ | 4 दा | ■ | 5 क | 6 रा | ला |
| 7 अ | व | ले | प | न | ■ |
| 8 म | ना | ■ | दी | ■ | 9 पा |
| री | ■ | ■ | ■ | 10 रे | ट |
| 11 का | पा | लि | क | ■ | न |

## सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | | | 8 | | |
| 4 | 3 | 7 | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | 7 | | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 3 |
| 9 | | | 8 | | 1 | | | 2 |
| 2 | | | 7 | | 5 | | | 6 |
| | | 1 | 4 | | 2 | | | |
| | 2 | | | | | 1 | 4 | 8 |
| | | 5 | | | 8 | | 9 | |

## सुडोकू - 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 23.46 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज सरकारी अधिकारियों के ऊपर काम का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों में समस्या हो सकती। अपनी कार्यशैली में ज्यादा बदलाव न करें।

**वृष** – आज व्यापार में तीव्र उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी। मित्र और परिजन आपकी सफलता से हर्षित होंगे। वैवाहिक संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को सुलझाने के लिए दिन अनुकूल है।

**मिथुन** – आज पुराने नुकसान की भरपाई होने के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। नए संबंधों का आनंद उठाएंगे। निर्माण कार्य से जुड़े कारोबारियों को काफी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – आज दूसरों के व्यवहार से आपको ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। संतान की पढ़ाई और व्यवहार पर नजर बनाए रखें। यदि शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो बजट का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कारोबार में कुछ नकदी की समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज का दिन व्यापार जगत से जुड़े लोगों के लिए शुभ है। राजनीतिक व्यक्तियों के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। दिखावा करने के कारण उपहास का पात्र बन सकते हैं। आपकी मेहनत का श्रेय कोई दूसरा व्यक्ति ले सकता है।

**कन्या** – आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आप प्रसन्न रहेंगे। सोशल मीडिया में आपके नए दोस्त बन सकते हैं। विदेश से आपको व्यापार के लिए अवसर मिल सकते है। घर में शुभ आयोजन होने की सम्भावना है।

**तुला** – आज प्रेम संबंध अमर्यादित न हों इसका ध्यान रखें। पुरानी संपत्ति के विक्रय से धन लाभ हो सकता है। घरेलू मामलों में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सभ्य व्यवहार करें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक** – आज कला और साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। स्थान परिवर्तन की योजना बना रहे हैं तो दिन आपके लिए अनुकूल है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। काफी दिनों बाद आप तनावमुक्त महसूस करेंगे।

**धनु** – आज नए प्रोजेक्ट्स को लेकर जल्दबाजी न करें। किसी सहकर्मी के साथ तनाव उत्पन्न हो सकता है। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें। परिवार के साथ आपको अधिकाधिक समय बिताना उचित होगा। छात्रों को पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए।

**मकर** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा लाभ हो सकता है। सहकर्मियों के साथ संबंध अच्छे रखें। संतान को करियर में सफलता मिलेगी। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों का नाम व सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** – आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। उपलब्धियों के मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। जॉब में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। करियर में आ रहा व्यवधान दूर होगा। व्यापार में नए समझौते हो सकते हैं।

**मीन** – आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की परीक्षा होगी। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग आपको महत्वपूर्ण सलाह दे सकते हैं। एक साथ कई सारे कार्यों को हाथ में न लें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 21.22 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- ये है जलवा – दोपहर : 12.00
- फालतू – रात : 09.00

&pictures
- मक्खी – सुबह : 10.58
- तनु वेड्स मनु रिटर्न्स – रात : 08.00

Sony Pix
- एंजेल हैज फॉलेन – दोपहर : 12.00
- क्लैश ऑफ द टाइटन्स – रात : 09.00

Zee Cinema
- डी ब्लॉक – सुबह : 11.24
- बजरंगी 2 – शाम : 04.53

Colors Cineplex
- दिल है तुम्हारा – सुबह : 11.07
- गार्जियन – रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.53 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिट्टू – तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
सिट्टू – नर्स बार-बार कह रही थी डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
बिट्टू– तो इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
सिट्टू– अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू–अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

## एक नजर

### महिला ने गटकी डाई, ले जाते समय रास्ते में मौत

**मौदहा।** गृह कलह के चलते महिला ने घर में राखी डाई पी ली। सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। कस्बा निवासी संध्या (30) पत्नी सुशील ने गृहकलह के चलते घर में रखी डाई पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजनों ने कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालात नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका के एक दुधमुंहा पुत्र है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शिविर में मानसिक रोगियों को किया गया जागरूक

**सुमेरपुर।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके मरीजों को दवाओं के साथ सलाह प्रदान की गई। शिविर में कुल 18 मानसिक रूप से परेशान लोगों को उपचार किया गया। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर आयोजित शिविर में 18 मानसिक रोगियों का उपचार करके उन्हें उचित सलाह के साथ दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में साइकोथैरेपिस्ट डॉक्टर नीता, डॉ .मुकेश कुमार, डॉ .प्रगति, डॉ .तरुण पाल, डॉ .बिंदेश, डॉ .शशांक कुमार, डॉ .परवेज अहमद कादरी ने मौजूद रहकर मरीजों को उचित सलाह देते हुए। दवाओं का वितरण कराया।

### कुरारा पुलिस ने शराब के साथ युवक को दबोचा

**कुरारा।** हमीरपुर कालपी हाईवे में खिरवा मोड में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को 19 देशी क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के खिरवा मोड पर एक युवक देसी शराब लेकर कहीं जाने के फिराक में खड़ा है। सूचना पर उप निरीक्षक रिंकू तिवारी ने हमराहियों के साथ पहुंच उसे पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस ने 19 देशी क्वार्टर शराब बरामद की। आरोपी ने अपना नाम सोनू पुत्र राम प्रकाश निवासी कस्बा कुरारा वार्ड नंबर दो बताया है।

### बनारस प्रांतीय अधिवेशन के लिए प्रतिनिधि मंडल रवाना

**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को प्रांतीय अधिवेशन बनारस में शामिल होने के लिए रवाना हुआ। इस प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष के साथ महामंत्री शैलेंद्र कुमार सचान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार धुरिया, संयुक्त सचिव नीतेश कुमार सैनी एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार त्रिपाठी भी गए है। प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश के अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय अधिवेशन बुधवार को संपन्न होगा।

### मंडी समिति की सड़कों की होगी मरम्मत

**कुरारा।** कृषि मंडी उत्पादन समिति का झांसी मंडी परिषद के उप निदेशक शिवकुमार राघव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में टूटी सड़क को शीघ्र ठीक करवाने के निर्देश दिए। वहीं फुटकर व्यापारियों को मंडी समिति से बाहर गल्ला खरीद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश शिवहरे ने मंडी की सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। व्यापारियों ने फुटकर गल्ला विक्रेताओं द्वारा मंडी के अंदर अनाज खरीद करने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने मंडी सचिव को फुटकर गल्ला व्यापारियों को मंडी के बाहर ही खरीद कराने के निर्देश दिए। मंडी सचिव विनीत गौतम, जयकरण, धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल ने कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

# जिले के गुंडों पर कठोर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


मंगलवार को कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के प्राथमिकता वाले बिंदुओं कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का जमीनी स्तर पर ही निस्तारण हो। इस पर मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान है। विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और विकास कार्य प्रभावी ढंग से किए जाएं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं, पूरी ऊर्जा के साथ निर्वहन करें। श्रम विभाग अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराएं। पात्रों के गोल्डन कार्ड बनाकर उन्हें एक्टिवेट कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता रहे। नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह समय से राशन आदि वितरित किया जाए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में कहा समय से काम पूरे किए जाएं।

- निष्ठा से काम करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करने और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए

उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निष्ठा से काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश संबंधितों को दिए। जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा में कहा कि अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर कार्रवाई की जाए।

बैठक में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, उनके प्रतिनिधि अशोक तिवारी, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### छह लोग जिला बदर किए गए

**हमीरपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई और प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद के थाना सुमेरपुर, कोतवाली नगर, मझगवां व थाना चिकासी से संबंधित छह गुंडा अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर किया है।

आदेश में कहा है कि जिला बदर अपराधी छह माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। जिस स्थान पर रहेंगे, उसकी सूचना न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। जिला बदर किए गए अपराधियों में शिवराज पुत्र शिवकरन निवासी मेरापुर कोतवाली नगर, शुभम द्विवेदी पुत्र अवध किशोर द्विवेदी निवासी लक्ष्मीबाई पार्क कस्बा सुमेरपुर, हरेंद्र सिंह उर्फ प्रमोद सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी मुंडेरा थाना सुमेरपुर, मोहित पुत्र स्व.उमा दत्त त्रिपाठी निवासी ग्राम बरेल व ओमेंद्र पुत्र अशोक राजपूत निवासी ग्राम गिरवर थाना मझगवां तथा मोहित राजपूत पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम ग्राम हरदुआ थाना चिकासी हैं।

## स्वदेशी गौ संवर्धन योजना का करें वृहद प्रचारः जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा प्रदेश में प्रारम्भ की गई नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन योजना व शासन द्वारा गठित जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में दुग्ध निरीक्षक कमलेश कुमार ने मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के उद्देश्य, स्वरूप, आवेदन की प्रक्रिया, स्थलीय सत्यापन, धनराशि स्वीकृत किए जाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि लाभार्थी के चयन उपरान्त अनुदान के लिए निर्धारित छह मदों में क्रमशः भारतीय नस्ल की दो गाय हरियाणा, साहीवाल, थारपारकर एवं गिर की क्रय की रसीद, ट्रांजिट बीमा की रसीद, भाड़े की रसीद, 03 वर्षों के लिए बीमा की रसीद, चारा काटने की मशीन की खरीद रसीद, गायों के रखरखाव के लिए पशु शेड निर्माण पर व्यय के बिल वाउचर पुनः आवेदन के साथ संलग्न कर फार्म विकास भवन कुछेछा स्थित उप दुग्धशाला विकास अधिकारी कार्यालय में जमा किए जाएंगे। दो गायों की स्थापित की जाने वाली इकाई की अधिकतम लागत दो लाख रुपये होगीं। योजना के अन्तर्गत अनुदान की धनराशि पर 40 प्रतिशत अधिकतम धनराशि 80 हजार रुपये देय होगी।

जिलाधिकारी ने दुग्ध विकास अधिकारी से कहा कि यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका प्रचार प्रसार कराकर अच्छे लाभार्थियों का चयन किया जाए। उन्होंने समिति के सदस्य मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी से कहा कि आगामी आयोजित की जाने वाली ग्राम चौपालों, कृषक गोष्ठियों में योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।


छानी सीएचसी में घटना की जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना बिवांर क्षेत्र के निवादा गांव के पास मंगलवार को हमीरपुर राठ हाईवे पर दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना बिवांर के निवादा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति (24) अपनी पत्नी वंदना के साथ बाइक से निकला था। तभी गांव में घर से सड़क पर आते ही उसकी दूसरी बाइक से गुजर रहे जनपद महोबा के थाना खरेला के जरौली गांव निवासी अमित कुमार (21) की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को छानी सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने मृतक की पत्नी वंदना और अमित का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर किया है।

## पुरस्कृत हुए मेधावी छात्र-छात्राएं

संवाददाता, सुमेरपुर



मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि स्वामी रामानंद महाराज।

**अमृत विचार।** मां गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करके शिक्षक दिवस पर कराई गई रंगोली, चित्रकला ,मेहंदी प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण स्थान पाने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि और शील्ड देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी रामानंद व अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी अनिल पालीवाल, विशिष्ट अतिथि गायत्री विद्या मंदिर बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या दीपिका द्विवेदी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली मधु राशिका, द्वितीय स्थान पाने वाली गौरी, खुशी, कामिनी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दिव्या, माही, रितु, जान्हवी तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम प्रेमवती, द्वितीय देवेंद्र ,तृतीय धीरेंद्र और मेहंदी प्रतियोगिता प्रथम आकांक्षा सिंह, द्वितीय कौशल्या कुशवाहा, गौरी, तथा तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा सलोनी को नगद धनराशि व शील्ड देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस अवसर पर बोलते हुए स्वामी रामानन्द महाराज ने कहा प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं का निखार होता है। अनिल पालीवाल ने कहा की किसी प्रतियोगिता में भाग लेना ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। बच्चों को हर छोटी बड़ी प्रतियोगिता मैं भाग लेते रहने चाहिए। कालेज के प्रबंधक डॉ.आलोक पालीवाल, गायत्री बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक पुनीत पालीवाल, प्रधानाचार्य भारत प्रसाद, नसीम खान, गुलाब साहू, राकेश सोनी, कुलदीप अवस्थी, आशीष द्विवेदी, अभिषेक विश्वकर्मा, अनुराग तिवारी, श्यामेन्द्र सिंह, आजम, खान, राकेश प्रजापति, विमलेश, मोहनी, उषा, संगीता सहित समस्त स्टाप मौजूद रहा।

- वक्ता बोले, प्रतियोगिताओं से निखरती हैं प्रतिभाएं

## सार-संक्षेप

### नलकूप में निकला अजगर, वन विभाग ने पकड़ा

**सुमेरपुर।** सोमवार को रात करीब 9 बजे लखनीपुरवा में जगत सिंह के मकान के पीछे लगे नलकूप के पास एक विशालकाय अजगर टहलता देखकर किसानों में दहशत पैदा हो गई। किसानों ने दूरभाष के माध्यम से इसकी सूचना वन विभाग के साथ डायल 112 को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम रात 10 :00 बजे मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़कर सुरौली बुजुर्ग के जंगल में ले जाकर छोड़ा है। वन विभाग की टीम में वन दरोगा रामलखन यादव, वनरक्षक मनोज कुमार आदि वनकर्मी शामिल रहे। वन क्षेत्राधिकार इफ्तिखार खान ने बताया कि बड़ा गांव से लेकर भौरा तक बेतवा एवं यमुना नदी का किनारा है। इस क्षेत्र में अजगर बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं। पकड़े गए अजगर को सुरौली बुजुर्ग के जंगलों में छोड़ा गया है।

### क्रांतिकारी बाघा जतीन की मनाई गई पुण्यतिथि


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ .भवानीदीन।

**सुमेरपुर।** कस्बे की वर्णिता संस्था के तत्वावधान में शौर्य के साक्षी बाघा जतीन (जतीन्द्रनाथ मुखर्जी) की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा .भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाघा जतीन सचमुच एक बेमिसाल योद्धा थे। उनका वास्तविक नाम जतीन्द्रनाथ मुखर्जी था। इनका जन्म ब्रिटिश हुकूमत में भारत के बंगाल के कुष्टिया जिले के (अब बांग्लादेश) काया गांव में 07 दिसंबर 1879 को उमेश चंद्र मुखर्जी तथा शशि शरत के घर हुआ था। इन्होंने हाईस्कूल करने के बाद नौकरी कर ली थी। यह प्रारंभ से देशप्रेमी थे। अंग्रेजो से लडने के लिये हथियारों की जरूरत थी। इसके लिये धन की व्यवस्था करने के लिए डकैती डालते थे। इनके नेतृत्व में गार्डन रीच और बलिया घाट की डकैतियां बहुचर्चित हुई थी। अंग्रेजी पुलिस से मुठभेड़ में यह बुरी तरह घायल हो गये थे। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था और 10 सितंबर 1915 को इनका अस्पताल में निधन हो गया था। कार्यक्रम में दिलीप अवस्थी, आयुष शिवहरे, बाबूलाल, सिद्धा, संतोष प्रजापति, पंकज सिंह, भोलू सिंह, आशुतोष, विकास, प्रेम प्रजापति, दस्सी व अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।


नलकूप का खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

### चंडौत में ट्रांसफार्मर खराब होने से जलापूर्ति बाधित

**सरीला।** क्षेत्र के चंडौत गांव में रविवार को नलकूप का ट्रांसफार्मर ख़राब हो गया जिससे पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोग पानी के लिए परेशान हो गए। बिजली गुल होने से नलकूप नहीं चल पा रहा है। ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। सुबह-शाम लोग हैंडपंप पर पानी भरने के भीड़ लगाए रहते हैं। वहीं ग्रामीण अनिल कुमार, प्रवेश, हरिश्चंद्र, राहुल, अनूप, राजेश, गयादीन, पुष्पेंद्र, भूपेंद्र, राजू आदि लोगों ने बताया कि नलकूप का ट्रांसफार्मर ख़राब होने से पानी की आपूर्ति ठप हो गई है, बीते दो दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है सुबह उठते ही पानी की व्यवस्था सबसे पहले करनी पड़ती है। हैंडपंपों पर भीड़ लग जाती है कभी कभी तो पहले पानी भरने की होड़ में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने लगती हैं। पंप ऑपरेटर संतोष ने बताया कि रविवार को ट्रांसफॉर्मर ख़राब हो गया है, पेयजल आपूर्ति के लिए मोटर नही चलाया जा सका,जिससे पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी विभाग को दे दी गई है।

### प्रदीप गुप्ता व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष बने


प्रदीप कुमार गुप्ता।

**राठ ।** अभी हाल ही में आगरा में संपन्न हुए उप्र उद्योग व्यापार मण्डल के दो दिवसीय अधिवेशन में निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गये मुकुंद मिश्रा ने हमीरपुर जनपद से राठ कस्बे के व्यापारी कोट बाजार निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता को अपनी टीम में शामिल करते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। व्यापार मण्डल का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर स्थानीय व्यापारियों में खुशी व्याप्त है और उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया है। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि मिलनसार छवि व व्यापारियों के हक की लड़ाई में हमेशा प्रयासरत रहने वाले स्थानीय प्रदीप गुप्ता की कार्यशैली को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व दिया है। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि संगठन द्वारा दिये गये पद के दायित्वों पर खरा उतरने का वह पूरा प्रयास करेंगे।

### बिना बुलाए पिता के घर जाने पर होता है अपमान

**राठ।** जल विहार मंच पर चल श्रीराम कथा के चौथे दिन जगतगुरु धीरेंदराचार्य महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती ने अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई। भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही। इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित करदिया। इसलिए कभी भी मायके पक्ष से बुलावा न आने तक नहीं जाना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने भरत चरित्र की कथा में सभी अयोध्या वासी, मंत्रीगण भरत के साथ महर्षि भारद्वाज के आश्रम व भरत चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। महाराजज़ी ने कहा कि भरत ने हाथ जोड़कर महर्षि भारद्वाज से कहा कि मैं भैया राम के पास जाकर उनसे क्षमा याचना करना चाहता हूं। मैं उनसे अयोध्या लौटने की प्रार्थना करना चाहता हूं। भरद्वाज बोले भरत तुम वास्तव में महान हो मैं तुम्हे आशीर्वाद देता हूं राम सीता और लक्ष्मण चित्रकूट में निवास करते हैं। तुम कल सुबह वहां चले जाना। मुनि भरद्वाज से अनुमति लेने पहुंचे तो उन्होंने भरत को समझाते हुए कहा कि भरत तुम अपनी माता के प्रति दुराग्रह नहीं रखना। इसमें उनका कोई दोष नहीं है। कैकई द्वारा किए गए कार्य में परमात्मा की प्रेरणा हैं।

## युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन

संवाददाता, कुरारा



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न भेंट करते समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा के किशोरी धाम गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्व समाज के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।

कस्बा के किशोरी धाम गेस्ट हाउस में मंगलवार को अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्व समाज के तत्वावधान में आंचलिक प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद (उप्र), प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता (सर्राफ) रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कुरारा, हमीरपुर, राठ, मुस्करा, कालपी, उरई, जालौन, कानपुर आदि क्षेत्र के दृढ़ोमर वैश्व समाज के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इसमें प्रशांत गुप्ता उरई, हर्ष गुप्ता उरई, शिवांश गुप्ता कानपुर, वर्षा गुप्ता कालपी, अक्षत गुप्ता सहित 23 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने उनका सम्मान करते हुए शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ब्रज किशोर गुप्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, नागेंद्र गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता, रवि गुप्ता, शिवम गुप्ता, अशोक गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सिद्ध गोपाल गुप्ता, मुनीश गुप्ता, मोहित गुप्ता, संगीता गुप्ता, मिलन गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, महेश गुप्ता, लक्ष्मी कांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

- कुरारा कस्बे में एकत्र हुए पड़ोसी जनपदों के लोग

## डेंगू प्रभावित मरीजों का नहीं हो पा रहा समुचित इलाज

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुरारा नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैनडेंगू पीड़ित बेटे को कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। इस मामले में उनका कहना है कि जिला चिकित्सालय में कर्मचारियों एवं डॉक्टरों के वेतन आदि में प्रति माह खर्च होते हैं, लेकिन उपचार की समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं।

जिले में फिर से डेंगू ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। सोमवार को नगर पंचायत कुरारा की पूर्व अध्यक्ष माया बाल्मीकि के पुत्र शोभित (24) को जांच में डेंगू निकला तो सनसनी फैल गई। माया ने बताया कि बेटा लखनऊ में पीसीएस की तैयारी कर रहा है। कई दिनों से उसे बुखार आ रहा था। उन्होंने घर बुला लिया। सोमवार को जब जांच कराई तो डेंगू की पुष्टि हुई। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डेंगू का बेहतर इलाज न हो पाने से कानपुर हैलट रेफर कर दिया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि यदि सरकार जनता के लिए बड़ी बीमारी की सुविधा देने में असमर्थ है तो कम से कम डेंगू बुखार जैसी छोटी बीमारियों के इलाज के लिए सक्षम डॉक्टरों की तो व्यवस्था जिला चिकित्सालय में कराए। इस संबंध में सीएमएस डा.एसपी गुप्ता का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। कहा डेंगू संक्रमितों के लिए अलग से भर्ती वार्ड की व्यवस्था है।

- कुरारा की पूर्व चेयरमैन के डेंगू प्रभावित बेटे को किया रेफर

**धूम मचाई** — सुमेरपुर में गणेश सेवा समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, झांकियों ने दर्शकों का मोहा मन, रैपुरा में जल विहार कार्यक्रम की धूम

# लाला हरदौल नाटक का मंचन देखकर छलक पड़े आंसू

संवाददाता, सुमेरपुर


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


शिव-पार्वती के रूप में कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में गणेश सेवा समिति के पंडाल में सोमवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वहीं पारा रैपुरा में जल विहार कार्यक्रम में झांसी के मास्टर मुशर्रफ कंपनी के कलाकारों ने शानदार अभिनय कर लोगों को जमकर सराहा।

नगर पंचायत के समीप गणेश सेवा समिति की ओर से स्थापित गणेश पंडाल में कानपुर के सत्यम शिवम सुंदरम ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण, शिव पार्वती,खाटू श्याम,राम दरबार सहित अन्य देवी देवताओं की धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, जयकरन सिंह, सोनू तिवारी, बाल गोपाल गुप्ता, संजय ओमर, अंकित ओमर, गंगा सोनी, पुष्पराज सोनी, अनुज शिवहरे, संदीप गुप्ता आदि गणेश भक्त मौजूद रहे।

इसी तरह पारा रैपुरा के जल विहार कार्यक्रम में सोमवार की रात झांसी के मशहूर नाटक कंपनी मास्टर मुशर्रफ के कलाकारों ने वीर बुंदेला लाला हरदौल का जीवंत मंचन करके जमकर वाहवाही लूटी। भाभी देवर के अटूट प्रेम की इस कहानी में भाभी द्वारा जहर देने के सीन पर लोगों के आंसू छलक पड़े।

इस नाटक में मुबीन झांसी ने हरदौल, रजी अहमद ग्वालियर ने रानी चंपावती, मास्टर राजाराम अकौना ने राजा जुझार सिंह, मुरलीधर राठ ने बहन कुंजा का सफल मंचन किया। कंपनी मास्टर मुशर्रफ की कॉमेडी ने सभी को लोटपोट कर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बिहारीलाल प्रजापति, प्रधान शिवदयाल प्रजापति, विजय कुमार, पूर्व प्रधान राकेश शर्मा, अवधेश प्रजापति सहित सैकड़ो लोग रात भर रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

# प्रधानों ने बीडीओ और लिपिक पर लगाए गंभीर आरोप

अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ (चित्रकूट)

- कहा- मनरेगा के भुगतान में मांग रहे कमीशन, दोनों ने आरोपों को नकारा
- लिपिक ने कहा कि कई माह पहले उनका ट्रांसफर प्रयागराज हो चुका है पर जाने नहीं दिया गया

**अमृत विचार।** मऊ ब्लाक इस समय चर्चा में है। बरगढ़ के ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी के नाम शपथपत्र देकर बीडीओ रामजी मिश्रा पर मनरेगा के भुगतान के लिए सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मऊ इकाई अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय व अन्य प्रधानों ने बीडीओ के साथ एक लिपिक पर भी कमीशन मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है।

मुख्य विकास अधिकारी के नाम शपथपत्र में बरगढ़ प्रधान शैलेश शुक्ला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि खंड विकास अधिकारी मऊ रामजी मिश्रा द्वारा पेमेंट के नाम पर एक लाख रुपये एडवांस लिए गए हैं साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि वह पचास हजार रुपये और मांग रहे थे। मेरे पास और पैसा नहीं था, तो मेरा मनरेगा का भुगतान नहीं किया गया। शैलेश का यह भी कहना है कि बीडीओ ने कहा कि तुमने पूरा पैसा नहीं दिया, इसलिए तुम्हारा भुगतान नहीं किया, जहां तुम्हें जाना हो जाओ, जहां शिकायत करना हो करो, मेरा कुछ बिगाड़ नहीं पाओगे। बताया कि उसने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल में भी शिकायत की है। उसने सीडीओ से भी मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है।

### सारे आरोप बेबुनियाद : बीडीओ


बीडीओ रामजी मिश्रा।

बीडीओ रामजी मिश्रा ने सारे आरोपों को सिरे से खारिज किया। कहा कि लोगों द्वारा लगाए जा रहे सारे आरोप बेबुनियाद हैं। जो लोग आरोप लगा रहे हैं उनके गांव में ही 60 - 40 के रेशियो का पालन नहीं किया गया। ऐसे में उनका भुगतान नहीं हुआ। **वहीं इस मामले में** आरोपी लिपिक ने कहा कि कई माह पहले उनका ट्रांसफर प्रयागराज हो चुका है फिर भी उन्हें यहां से जाने की स्वीकृति नहीं दी जा रही। आरोपों को नकारते हुए उन्होंने कहा कोई कुछ भी कह सकता है लोगों का क्या। कहा कि विगत दिनों पहले मनरेगा के भुगतान के लिए साइट सिर्फ पंद्रह मिनट के लिए खुली थी उस पर भी जितना पैसा चाहिए था उसमें से सिर्फ 33 प्रतिशत ही जनपद के लिए अवमुक्त हुआ था। ऐसे में दो दो ब्लॉक की जिम्मेदारी और ऊपर से सिर्फ पंद्रह मिनट के समय में जितना भुगतान हो सका उन्होंने किया। उन्होंने बताया की उनके पास रामनगर का अतिरिक्त चार्ज है। मऊ और रामनगर में तीन तीन अकाउंटेंट होने चाहिए लेकिन वह अकेले ही सब कुछ देख रहें हैं। उन पर लगाए जा रहे सारे आरोप बेबुनियाद हैं। वह व्यक्तिगत कारणों से भी काफी परेशान हैं ऐसे में दो दो ब्लॉक के कामों का दबाव भी उन पर है।

### डीएम से भी की गई शिकायत


प्रधान संघ मऊ अध्यक्ष प्रभात पांडेय।

उधर, अखिल भारतीय प्रधान संगठन मऊ अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय ने भी बीडीओ के खिलाफ शिकायत की है। इसमें प्रभात ने कहा है कि मनरेगा के भुगतान में बीडीओ रामजी मिश्रा और एक लिपिक ने भारी अनियमितता की है। एक ही फर्म के नाम पेमेंट किया गया है। रेशियो का ध्यान नहीं रखा गया। इनसे प्रधान असंतुष्ट हैं और कई ने तो काम करने में असमर्थता जताई है। जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। पत्र में प्रधान बरगढ़ और गोइया खुर्द के भी हस्ताक्षर हैं।

## सर्पदंश से गई विवाहिता की जान

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत बरुआ मजरा खुटहाई का पुरवा में एक विवाहिता की सर्प दंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रीतू (25) पत्नी बजरंगी को बीती रात सोते समय सर्प ने डस लिया। उसके डेढ़ माह का पुत्र है।

## पिकअप लोडर से भैंस ले गए चोर

**भरतकूप (चित्रकूट)।** थानांतर्गत बैहार निवासी प्रमोद सविता ने थाने मंश तहरीर देकर भैंस चोरी की बात बताई है। उसने बताया कि सोमवार की रात किसी ने उसकी भैंस चुरा ली। पास के एक ढाबे में लोगों ने बताया कि रात में एक पिकअप से कुछ लोग आए थे और उसकी भैंस ले गए।

## सार-संक्षेप


बाल भोग उत्सव पर व्यंजन खाते बच्चे। अमृत विचार

### बाल भोग उत्सव पर बच्चों ने खाए स्वादिष्ट व्यंजन

**चित्रकूट।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन खाए। अवसर था बाल भोग उत्सव का। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा की देखरेख में हुआ। आंगनबाड़ी केंद्र शिवरामपुर में लगभग 60 बच्चों को पूड़ी-सब्जी व खीर खिलाई गई। बच्चों को खिलौने भी दिए गए। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम प्रधान, अभिभावक, मुख्य सेविका एवं संबंधित परियोजना के अधिकारी ने हिस्सा लिया। डीपीओ ने बताया कि केंद्रों पर जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम पाक्षिक रूप से होगा।


भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भागवत कथा सुनने से पापों का क्षरण होता है

**सीतापुर (चित्रकूट)।** बूढ़े हनुमान मंदिर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर से खाकी अखाड़ा तक पहुंची। कथा व्यास कामतन के आचार्य मनोज ने नारद मोह की कथा का वर्णन किया उन्होंने कहा कि भागवत सुनने से पापों का क्षरण होता है। हर तरह की व्यथा का निवारण और व्यक्ति के दैहिक, दैविक तापों का शमन होता है। कथा के पूर्व धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई, जो बूढ़े हनुमानजी मंदिर से शुरू होकर खाकी अखाड़ा तक गई। पुजारी रामजीदास, केशरी तिवारी, आनंद सिंह पटेल, अजीत सिंह के साथ विभिन्न मठ -मंदिरों के पुजारी-संत आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने नालियों की सफाई की उठाई मांग

**भरतकूप (चित्रकूट)।** रेलवे स्टेशन रोड के पास के दुकानदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर नालियों की सफाई के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। ग्राम पंचायत अकबरपुर के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र के व्यापारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान की राजनीतिक खुन्नस के चलते रेलवे स्टेशन रोड की नालियों की सफाई नहीं हो रही है। गंदगी से दर्जनों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी उनके घरों में भर गया है। इससे इनके गिरने का खतरा भी पैदा हो गया है। साथ ही गंदगी और जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि हाल ही में संपन्न सोमवती अमावस्या पर तीर्थयात्रियों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने कहा है कि अगर एक सप्ताह के भीतर नालियों की सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो वे भरतकूप बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### कर्मचारियों ने बैठक कर जताया रोष

**सीतापुर (चित्रकूट)।** दलित एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ व संयुक्त कर्मचारी संघ की अगुवाई में मंगलवार को ग्रामोदय विवि के कर्मचारियों ने बैठक की। इसमें गुरुप्रकाश शुक्ला ने कहा कि विवि में कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। प्रबंध मंडल की स्वीकृति के बाद भी पेंशन नहीं लागू की गई। भविष्यनिधि की राशि का अता-पता नहीं है। आरोप लगाया कि अधिकारियों एवं बैंक की मिलीभगत से भविष्य निधि की राशि में हेराफेरी हुई है। कर्मी समय पर वेतन के लिए भी मोहताज हैं। शिवकुमार ने आक्रोश जताया कि प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं के रखने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही।

### क्षेत्राधिकारी ने 3 जेसीबी सहित 9 ट्रैक्टर किए सीज

**मऊ (चित्रकूट)।** सोमवार की रात क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह ने अवैध खनन व परिवहन के आरोप में एक जेसीबी सहित सात ट्रैक्टर बरगढ़ थाने में सीज करा दिए। कलचिहा के तालाब से मिट्टी खनन की सूचना पर सीओ ने रात लगभग ग्यारह बजे प्रभारी निरीक्षक मऊ के साथ छापेमारी की और राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के पास से ट्रैक्टर पकड़ा। क्षेत्राधिकारी की कार्रवाई से अवैध खनन माफिया में खलबली मची हुई है।

# जमीन अधिग्रहण के काम में लाई जाए तेजी : जिलाधिकारी

## निर्माण कार्यों और उद्योग स्थापना के लिए दिए निर्देश, अधीनस्थों के कसे पेच

चित्रकूट कार्यालय


जमीन अधिग्रहण की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन साथ में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विभिन्न निर्माण कार्यों और उद्योग आदि स्थापित करने के लिए जमीन अधिग्रहण का काम धीमा है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीएम ने मंगलवार को मूल्य निर्धारण समिति एवं भूमि अधिग्रहण के संबंध में बैठक की। एडीएम से कहा कि रामवन गमन मार्ग, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, देवांगना हवाई पट्टी संपर्क मार्ग, उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की सभी तहसीलों में प्रगति कराई जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण के साथ मूल्य निर्धारण कराने और बैनामा कराकर धनराशि खातों में भेजने की हिदायत दी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज के अधिकारियों ने बताया कि राम वनगमन मार्ग पैकेज पांच में सड़क निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया करा दी गई है। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जिन गांवों में जमीन खरीदनी बची है, उन गांवों के संबंधित भू स्वामियों से बैनामा कराया जाए। जिनकी जमीन के हिस्से का निर्धारण नहीं है, तत्काल कराया जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद रहे।

### लापरवाह लेखपालों के साथ दूसरे लेखपालों को भी लगाएं

डीएम ने भूमि अधिग्रहण कार्य में लेखपालों के कामों की भी समीक्षा की। उन्होंने एडीएम को निर्देश दिए कि जिन गांवों के लेखपाल ठीक से काम नहीं कर रहे हैं तो उनके साथ अन्य लेखपालों को लगाकर काम कराएं।

### वन विभाग के प्रकरणों का करें निस्तारण

डीएम को बताया गया कि अधिग्रहण के संबंध में वन विभाग की जमीन के प्रकरण लंबित हैं। इस पर डीएम ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग की जिस भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसके बदले सरकारी जमीन उपलब्ध कराएं।

### नंद बाबा दुग्ध मिशन की योजनाओं का करें प्रचार

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें और ज्यादा से ज्यादा पात्रों को इसका लाभ दिलाएं। मंगलवार को डीएम ने इस संबंध में गठित जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की। मंडल के वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा ने समिति के सदस्यों को जिले में लागू मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि आवेदन पत्र सीवीओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इनको सीडीओ या सीवीओ कार्यालय में जमा किया जाएगा। डीएम ने सीवीओ डा. सुभाष चंद्र को निर्देश दिए कि ग्राम चौपालों और कृषक गोष्ठियों में योजना के बारे में बताया जाए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, कार्यालय प्रभारी प्राणेश थापक आदि मौजूद रहे।

## मौके पर करें आईजीआरएस की शिकायतों का निपटारा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को आगाह किया कि समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) संबंधी मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर करें।

डीएम ने मंगलवार को आईजीआरएस कार्यशाला में अधिकारियों से कहा कि शिकायत करने वाले को भी इसकी जानकारी दी जाए। किसी भी दशा में प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए नहीं तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर गाइडलाइन व शासनादेश दिए जाते हैं। इसके बाद भी अधिकांश विभागों द्वारा पालन नहीं किया जाता। ऐसे में आख्या संतोषजनक एवं अंतरिम होने पर संदर्भ सी श्रेणीकृत कर दिए जाते हैं। इससे जिले की प्रदेश स्तरीय रैंक कम होती है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व के जो भी प्रकरण हैं, उनका शासन की मंशानुरूप निस्तारण कराएं। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण पर कहां पर कमियां हैं, इसकी जानकारी देने को कार्यशाला की गई है। सभी अधिकारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अच्छी तरह से समझ लें और समय से आवेदन पत्रों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराएं। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, सीएमएस डा. वंदना श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, डीसी राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, उप कृषि निदेशक राजकुमार आदि अधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।


स्मार्ट फोन पाने वाले विद्यार्थी। अमृत विचार

## स्मार्ट फोन पाकर खुश हुए विद्यार्थी, खिले सबके चेहरे

**मऊ (चित्रकूट)।** शंकर भगवान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्मार्टफोन का वितरण हुआ। मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की।

छात्रों को संबोधित करते हुए अमित ने कहा कि सरकार छात्रों को स्मार्टफोन देकर आज के समय में डिजिटल हो चुकी पढ़ाई को सर्वसुलभ बनाने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में मऊ मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र उर्फ बालाजी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण शुक्ला, मुख्य लिपिक अरविंद जाटव, शिक्षक हिमांशू जाटव, मोहन सहित आदि मौजूद रहे। स्मार्टफोन पाकर छात्र और छात्राओं के चेहरे खिल गए। सभी ने सरकार का धन्यवाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से हर्षदीप द्विवेदी, अंकित त्यौंथा, शुभम द्विवेदी, जयशंकर आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अब नहीं लगाने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


नवागंतुक एसडीएम का स्वागत करते सभासद शंकर यादव और समाजसेवी वीपी।

**अमृत विचार।** नवागंतुक उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनको अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे लोगों के काम बिना किसी परेशानी के समय पर किये जायेंगे।

एसडीएम ने मंगलवार को भी लोगों की समस्याएं सुनीं और निराकरण का भरोसा दिया। परसौंजा प्रधान राजा श्रीवास ने गांव में अंत्येष्टि स्थल, बारातघर, मिनी पार्क और खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर एसडीएम ने तत्काल लेखपाल को इसके लिए आदेशित किया। पटिया कहेटा निवासी द्वारिका, भारतपुर के दिलीप कुमार, खोह निवासी कृष्णगोपाल की समस्याओं को सुनकर संबंधित कर्मचारियों को निराकरण के निर्देश दिए। सभासद शंकर यादव, समाजसेवी बीपी पटेल ने उनसे मुलाकात की और चित्रकूट में स्वागत किया। मूल रूप से छत्तीसगढ़ के गांव मगरलोड निवासी पूजा 2021 बैच की आईएएस हैं। बताया कि उन्होंने ट्रेनी के रूप में अयोध्या में काम किया और चित्रकूट जिले में उनकी पहली तैनाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह प्रार्थनापत्र में मोबाइल नंबर अवश्य लिखें और उनके सीयूजी नंबर 9454416565 पर इस संबंध में जानकारी ले सकते हैं। फोन पर सारी जानकारी दे दी जाएगी। एक ही समस्या के लिये किसी को उनके कार्यालय में बार-बार नहीं आना पड़ेगा।

## साइबर फ्रॉड के 10 पीड़ितों के लाखों रुपये कराए वापस

**चित्रकूट।** साइबर सेल प्रभारी निशीकांत राय व उनकी टीम ने अगस्त में साइबर क्राइम से पीड़ित 10 व्यक्तियों के कुल नौ लाख 41 हजार 35 रुपये खातों में वापस कराए। टीम में आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आनलाइन बैंकिंग सेवा लेने के दौरान जरा सी असावधानी होने पर लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जाता है। शिकायत दर्ज कर बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों की धनराशि वापस कराई जाती है।

**पुनर्विचार करें साहब!** खंड विकास अधिकारी के स्थानांतरण से ग्रामीण और प्रधान हैं आक्रोशित

# बीडीओ के तबादले पर प्रधानों ने उठाये सवाल

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)


जिलाधिकारी और सीडीओ को ज्ञापन देने पहुंचे प्रधान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दो महीने से कम समय में खंड विकास अधिकारी का तबादला होने से ब्लाक के प्रधानों में नाराजगी है। इनका कहना है कि बीडीओ को काम करने का मौका तक नहीं दिया गया और तबादला कर दिया। इससे विकास कार्य तो बाधित होंगे, साथ ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठेंगे। मंगलवार को ग्राम प्रधानों ने मुख्यालय पहुंचकर इस संबंध में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन दिए और बीडीओ के स्थानांतरण पर पुनर्विचार करने की अपील की।

गौरतलब है कि रामनगर के बीडीओ ओमप्रकाश यादव को जिला विकास अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने जिला विकास कार्यालय से संबद्ध किया है। इस आदेश को लेकर आश्चर्य, आक्रोश और आलोचना के स्वर मुखरित हो रहे हैं। मंगलवार को प्रधान संघ रामनगर अध्यक्ष पुष्पलता सिंह की अगुवाई में ब्लाक के प्रधानों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को अलग-अलग पत्र सौंपा। इसमें प्रधान सावित्री देवी, गोलकी, कमला देवी, रामसूरत, बच्ची, संतशरण, रज्जन देवी आदि लगभग पंद्रह प्रधानों के हस्ताक्षर या मुहर हैं।

### आकांक्षी ब्लाक के काम प्रभावित

अफसरों के नाम पत्र में प्रधानों का कहना है कि रामनगर आकांक्षी ब्लाक है। ब्लाक में कर्मचारियों की कमी है। जब कोई बीडीओ सामंजस्य बनाकर योजनाओं में गति लाने का प्रयास करता है तो उसका अल्पावधि में स्थानांतरण कर दिया जाता है। इनका कहना है कि बीडीओ ओमप्रकाश यादव का कम समय में स्थानांतरण कर दिया गया, जो प्रधानों और आम आदमी के हित में नहीं है।

### ज्ञापन देने के पूर्व की बैठक

गौरतलब है कि ओमप्रकाश यादव ने 18 जुलाई को बीडीओ रामनगर का चार्ज लिया। इनके तबादले की जैसे ही खबर फैली, क्षेत्र के प्रधानों में रोष व्याप्त हो गया। प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय पर बैठक की और यहीं पर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर स्थानांतरण रोकने की गुहार लगाने की बात पर सब एकमत हुए। बैठक में प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष लौरी ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अरुण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, गोपाल प्रधान सिंहपुर, अयोध्या प्रसाद प्रधान लोधौरा बरेठी, कामता प्रसाद प्रधान रामनगर, संतशरण त्रिपाठी प्रधान तीरमऊ, अवधेश प्रसाद प्रधान चोरहा, अरुण कुमार प्रधान करौंदी, रामकेश प्रधान रामपुर, रामसूरत प्रधान घुनूवां, प्रमोद कुमार प्रधान बाधी, बच्चा प्रधान भखरवार आदि प्रधान तथा प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर-चित्रकूट।

पत्रांक: 1210/लेखा/टेंडर/2024-25 दिनांक 09.09.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नांकित योजनान्तर्गत विकास खण्ड रामनगर की निम्नांकित ग्राम पंचायत में कार्य कराया जाना है जिसके लिए जी0एस0टी0 में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से दिनांक 18-09-2024 तक टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र0 | योजना | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण एवं मात्रा | प्राक्कलन धनराशि लाख रू0 में | जमानत धनराशि | टेंडर फार्म फीस | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त | ग्रा0पं0 रेरूवा में रामजस तिवारी के खेत से रामदास हरिजन के खेत तक डब्लू0बी0एम0 निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 9-95 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 2 | राज्य वित्त | विकास खण्ड रामनगर के परिसर में मेन गेट से खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय तक आयरन रेलिंग का अधि0 कार्य | तदैव | 9-97 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 3 | पन्द्रहवां वित्त | ग्राम पंचायत रेरूवा में डामर रोड से ननकू गरग के घर तक डब्लू बी एम निर्माण कार्य | तदैव | 9-99 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 4 | पन्द्रहवां वित्त | ग्राम पंचायत खजुरिहा खुर्द के मजरा नोनमई में तूफान सिंह के घर से पुलिया तक, नाली एवं इ0ला0 | तदैव | 9-98 | 20000 | 500 | 03 माह |
| 5 | पन्द्रहवां वित्त | विकास खण्ड कार्यालय रामनगर में कम्प्यूटर रूम में एल्यूमिनियम पार्टीशन एवं अनुरक्षण कार्य | तदैव | 5-43 | 11000 | 500 | 03 माह |

इच्छुक सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/पंजीकरण ठेकेदारों से अपेक्षा है कि दिनांक 11.09.2024 से दिनांक 18-09-2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उक्त कार्य हेतु टेंडर फार्म मु0 500 (पांच सौ मात्र) का भुगतान प्राप्त कर प्राप्त कर उसी तारीख को टेंडरफार्म, जमानत, आवश्यक प्रपत्र जमा कर सकते हैं। जमानत के साथ मात्र व मात्र एफ0डी0 ही स्वीकार की जायेगी। आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों द्वारा जमा किए गये टेंडर उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में खोले जायेगें। टेंडरदाता किसी भी दिन कार्यालय अवधि में उक्त अवधि में कार्यो के प्राक्कलन का परीक्षण कर सकते हैं

ओम प्रकाश यादव
खण्ड विकास अधिकारी
रामनगर

# टक्कर के बाद पलटी कार,चालक व महिला की मौत

❍ टक्कर मारकर भाग रहा था वाहन चालक ❍ दुर्घटना में घायल हुए छह लोगों में तीन की हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी क्षेत्र के ग्राम रिवई के समीप एक बोलेरो वाहन चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी और भागने के प्रयास करने लगा, तभी सड़क किनारे अपने दो वर्षीय बेटे को शौचक्रिया करा रही मां और उसके पुत्र को भी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मां की मौत हो गई। घटना के बाद बोलेरो वाहन चालक घबरा गया और तेज रफ्तार वाहन भगाने के चक्कर में सड़क किनारे पड़े पत्थर पर चढ़ा दी जिससे वाहन पलट गया और चालक ने भी दम तोड़ दिया जबकि वाहन में बैठे वन दरोगा सहित पांच लोग घायल हो गए। बाइक चालक सहित सभी घायलों को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सीएचसी चरखारी पहुंचाया गया, जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़, मृतका का रोता बिलखता परिवार व घायलों से जानकारी करता पुलिस कर्मी। अमृत विचार

बताया जाता है कि चरखारी वन रेंज में तैनात वन दरोगा पुष्पेंद्र अपने साथियों के साथ सोमवार की देर शाम बोलेरो में सवार होकर खरेला जा रहे थे। मुस्कुरा रोड पर बोलेरो चालक दशरथ ने गांव जा रहे राजेंद्र (27) निवासी ग्राम रिवई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक भागने लगा और ग्राम रिवई में सड़क किनारे शौचक्रिया कर रहा दो वर्षीय रितिक और पानी लिए खड़ी उसकी मां गायत्री प्रजापति (23) को भी टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक घबरा गया और वाहन तेज रफ्तार से निकालने का प्रयास करने लगा तभी सड़क पर पड़े पत्थर पर वाहन चढ़ गया और दो तीन बार पलटने बाद बोलेरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर पलट गई ।बोलेरो वाहन पलटने और उसमे सवार लोगों की चीख पुकार सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने गायत्री और दशरथ को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऋतिक, राजेंद्र और बोलेरो में सवार पुष्पेंद्र, श्याम, राकेश सहित छह घायलों का उपचार किया गया, जिसमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बोलेरो में सवार सभी लोग शराब के नशे में थे, जिस कारण यह हादसा हुआ। वहीं कोतवाली चरखारी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी की गोली मार कर की हत्या, 6 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता महोबा

- हत्या की वरदात सीसीटीवी में हुई कैद
- मृतक के भाई ने तहरीर देकर की गिफ्तारी की मांग

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी में एक इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी का शराबियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर दबंगों ने दुकानदार को गोली मार दी। मोहल्ले वासियों द्वारा आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हमलावर मौके से फरार हो गए। मृतक के भाई ने छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।



अनिल।

कस्बा चरखारी के मोहल्ला बजरिया निवासी अनिल चौरसिया (43) चौरसिया लाइट के नाम से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान किए हुए था। सोमवार की रात दस बजे वह कानपुर से दुकान का माल खरीदकर वापस आया और दुकान खोलकर माल रख उसे बंद करके वह घर गया नहाने और खाना खाने के बाद बड़ी माता मंदिर जा रहा था, तभी रास्ते में धीरेंद्र सिंह और उसके पांच साथी मंदिर के समीप शराब पी रहे थे और अनिल को आता देख उसे रोक लिया और बेवजह विवाद करने लगे। अनिल द्वारा मना किया गया तो नशे में धुत एक शराबी ने तमंचा से गोली मार दी, जिससे अनिल जमीन में गिर गया।

गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए और देखा तो अनिल जमीन में घायलावस्था में पड़ा था, जिसे उठाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के भाई अखिलेश द्वारा धीरेंद्र सहित छह लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर कोतवाली चरखारी में दी गई है। मृतक के भाई ने बताया कि धीरेंद्र उर्फ हेमू राजा किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास का सजायाफ्ता अपराधी है और दो महीने पहले ही पैरोल पर जेल से बाहर आया था। वहीं सीओ चरखारी रविकांत गौंड ने बताया कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है जिस संबन्ध में मृतक के भाई द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है। सीसी टीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



सर्वर आने के इंतजार में बैठे राशनकार्ड धारक। अमृत विचार

# सर्वर की वजह राशन वितरण कार्य प्रभावित

संवाददाता जैतपुर महोबा

- दिन-दिन भर सर्वर न आने से राशनकार्ड धारकों के साथ साथ कोटेदार भी हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** हर माह सरकारी राशन की दुकानों पर मुफ्त खाद्यान्न को पाने के लिए राशनकार्ड धारक समय से पहुंचते हैं, लेकिन नेटवर्क समस्या के चलते ईपॉस मशीन काम न करने के कारण राशनकार्ड धारक घंटों बैठने के बाद बिना खाद्यान्न लिए वापस घर लौटने को मजबूर हैं, जिससे ज्यादातर ग्रामीण मजदूरों को समय के साथ साथ दिन भर की मजदूरी से भी हाथ धोना पड़ रहा है। जहां एक तरफ राशनकार्ड धारक इस नेटवर्क की समस्या से परेशान हैं, वहीं कोटेदार भी इस समस्या के चलते राशन वितरण कार्य करने में असुविधा हो रही है। पिछले तीन दिनों से सर्वन की समस्या के चलते सितम्बर माह का वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है।

विकासखंड जैतपुर के अस्सी से अधिक राशन की दुकानों पर कोटेदारों द्वारा हर माह समय से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है, लेकिन कनेक्टीविटी न होने के कारण ईपॉस मशीने सर्वर से जुड़ नहीं पाती है, जिससे सितम्बर माह की सात तरीख से राशनकार्ड धारकों को वितरण करने वाला खाद्यान्न सर्वर की समस्या से जूझ रहा है और कार्डधारकों को समय से राशन मुहैया नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को कार्डधारक निर्धारित समय से सरकारी राशन की दुकानों पर पहुंच गए और कोटेदार द्वारा मशीन चालू करने के बाद कुछेक लोगों का अंगूठा और तौल कर राशन दिया गया, लेकिन फिर अचानक से सर्वर डाउन हो गए और राशन वितरण कार्य अधर पर लटक गया।

ग्राम जुगयाना निवासी कनीज, मकबूल, आजाद खंदियापुरा निवासी पिंकी रैकवार के अलावा लखनलाल सैन आदि ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क न आने के कारण तीन दिनों से वह राशन की दुकान के चक्कर काट रहे हैं। सुबह से शाम तक बैठने के बाद भी सर्वर न आने से खाली हाथ वापस घर लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया कि ग्रामों के ज्यादातर लोग मजदूरी कर अपना भरण पोषण करते हैं, लेकिन पिछले तीन दिनों से सर्वर की दिक्कत के चलते उनका समय के साथ साथ उनका काम भी प्रभावित हो रहा है साथ ही महिलाओं को भी खेतों और घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उधर सरकारी राशन के विक्रेता प्रताप गोवर्धन, नरगिस मुस्ताक आदि का कहना है कि हर माह सर्वर फेल होने से राशन वितरण कार्य प्रभावित होता है और उस पर कार्डधारकों से भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।

# शतरंज में छात्रों ने खूब दौड़ाये दिमागी घोड़े

कार्यालय संवाददाता महोबा

- दो दिवसीय इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में 13 से 17 वर्ष आयु के छात्रों ने किया प्रतिभाग
- रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल कुलपहाड़ में आयोजित हो रही है शतरंज प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल कुलपहाड़ में मंगलवार से दो दिवसीय इंटरस्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन अंडर 13 व अंडर 17 आयु वर्ग में चार राउंड के मुकाबले खेले गए ।

शतरंज चैम्पियन की शुरुआत जिला शतरंज संघ के महामंत्री अमित अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। मंगलवार से प्रारंभ हुए इंटरस्कूल शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन अंडर 13 आयु वर्ग में 4 राउंड खेले गए। पहले राउंड में आरबीपीएस तथा सैंट जोसेफ अकादमी के 134 स्टूडेंट्स के बीच मुकाबले हुए। सैंट जोसेफ अकादमी के नावेद, गिरिका, भुवनेंद्र समीर, वेदांत, प्रिंस, पारुष, आरबीपीएस के करन, देवांश यादव, मृत्युंजय, सत्यम, वैष्णवी, रघुवंशी, श्रेयश गुप्ता समेत कुल 67 खिलाड़ियों ने



प्रतियोगिता में शतरंज खेलते प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे तथा तीसरे राउंड में भी जोरदार मुकाबले हुए जिनमें 32 खिलाड़ी जीतकर चौथे राउंड में पहुंचे। चौथे राउंड में हुए मुकाबलों में सेंट जोसफ एकेडमी के उत्कर्ष तथा वेदांत के साथ आरबीपीएस श्रेयस, मयंक, अंश पटेल, सक्षम, कपिल रैकवार, वैभव, अंतश चौरसिया ने जीत हासिल कर बुधवार को होने वाले मुकाबलों के लिए क्वालीफाई किया। स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में चल रहे सीनियर वर्ग के अंडर 17 के पहले राउंड में कुल 70 खिलाड़ी जिसमें नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज के हिमांशु, नितिन, जिगर अली, योगेंद्र, सौरभ, रीनाए मोहिनी, अंकित, दीपिका आलिया आदि के साथ आरबीपीएस के कैलाश, अनुज, सैफ, मृगांक, गजेंद्र, अर्पित, आदित्य, प्रज्ञा, आराध्या आदि ने दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में कैलाश, अनुज, अथर्व, आदर्श, अंशिका, आराध्य, ऋषभ, आर्यन, आदित्य, प्रद्युम तथा प्रज्ञा आदि ने अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया।

इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि शतरंज दिमाग को निखारने वाला खेल है। इस खेल से एकाग्रता बढ़ती है। जीतने के लिए रणनीतियां बनाना अभी से बच्चे सीखते हैं। उन्होंने बताया कि यह इकलौता ऐसा खेल है जिसे सात साल के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खेल सकते हैं। जिला शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु खरे के अनुसार अंडर 9 आयु वर्ग के मुकाबले बुधवार को एवं अन्य आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे ।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कोहराम

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

- पुलिस ने परिजनों और मोहल्ले वासियों से की पूछताछ

**अमृत विचार।** कस्बा कुलपहाड़ में एक युवक ने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों के जागने पर कमरे की कुंडी लगी होने पर कई बार खटखटाई गई लेकिन दरवाजा न खुलने पर उसने खिलाड़ी से झांका तो युवक को फांसी के फंदे लटका देख उनके होश उड़ गए और आनन फानन में दरवाजा तोड़ा और उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गये, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बे के मोहल्ला सोनगंज निवासी पुष्पेंद्र उर्फ नंदू (32) पुत्र जगदीश सोनी ने सोमवार की रात परिजनों के साथ खाना खाया और सभी लोग अपने अपने कमरे में सोने चले गए। तभी नंदू ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन जागे और काफी देर तक नंदू के कमरे से बाहर न आने पर दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो खिलाड़ी देखा तो युवक फांसी के फंदे पर झूल रहा था, जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# पं.जगप्रसाद बने संस्कृति निदेशालय के सदस्य

**महोबा।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति सांस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति अनुभाग) के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी को निदेशालय का सदस्य मनोनीत किया गया है। तिवारी को सदस्य मनोनीत किए जाने पर उन्हें लखनऊ में संस्कृति निदेशक द्वारा मनोनयन पत्र सौंपा गया।

आकाशवाणी कलाकार पं. जगप्रसाद तिवारी को उ0प्र0 संस्कृति निदेशालय का सदस्य मनोनीत किए जाने से जिले को पहली बार यह गौरव प्राप्त हुआ है। संगीताचार्य को सदस्य मनोनीत किए जाने पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य



मनोनयन पत्र लेते संगीताचार्य।

जीतेंद्र सिंह सेंगर, राजेशसिंह, देवेंद्र शुक्ला, नीरत रावत, समाजसेवी मनोज तिवारी, शिवकुमार गोस्वामी, श्यामबिहारी निगम, संगीतज्ञ अवोध सोनी सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

# बाजार में सज गईं झंडे व झालरों की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश को लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बढ़ी चलह-पलह

**अमृत विचार।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश को लेकर तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। बाजार में हरे झंडे और झंडियों की दुकानें सज गई हैं। तमाम दुकानदारों ने आज कल अन्य सामान के साथ साथ झंडों की दुकानें भी सजा ली हैं, जहां पर झंडे और झंडियां खरीदने वालों की भारी भीड़ जुट रही है। उधर बारावफात कमेटी ने भी जगह जगह शहरों के चौराहों और मार्गों को सजाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं तो लोगों ने घरों को हरा परचम और बिजली झालर व आकर्षक सजावट करने का काम शुरू कर दिया है।

इस्लामी कलेंटर के मुताबिक इस दफा अंग्रेजी की 16 सितंबर को जश्न ए ईद मीलादुन्नबी



दुकान से झंडा खरीदते युवक। अमृत विचार

मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां मुस्लिम समुदाय के लोगों में अभी से शुरू हो गई हैं। बाजार में बिक रही रंग बिरंगी झालरों, झंडियों और झंडों की खरीददारी में लोग जुटे हुए हैं। चारों तरफ लोग सजावट के काम में लगे हुए हैं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खासी चहल पहल बढ़ गई है ।

हरी झंड्डियों और बिजली की रंग बिरंगी सजावट भी घरों में की जा रही है। बाराह रबीउल अव्वल को पैदाइशी मोहम्मदी के दिन घर रोशनी से जगमगाएंगे।

### यौम ए पैदाइश के वक्त का रात भर जागकर करते हैं इंतजार

- मौलाना कारी सैयद आफाक हुसैन का कहना है कि हजरत मोहम्मद साहब की यौम ए पैदाइश पर खुशियां मनाई जाती है। यही वजह है कि लोग मस्जिदों और घरों में सजावट करते हैं और बारह रबीउल अव्वल की रात जागकर यौम ए पैदाइश के वक्त का इंतजार करते हैं। पैदाइश के वक्त चारों तरफ नारा ए तकवीर अल्लाह हो अकबर, सबसे प्यारा नबी हमारा, हुजूस की आमद मरहवा, मक्के की आमद मरहवा से पूरा शहर गूंज उठता है। छोटे बच्चे भी यौम ए पैदाइश के वक्त का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

**गणेश महोत्सव का चौथा दिन** देर रात तक जयकारों और भजनों से गूंजता रहा समूचा शहर, जगह –जगह सजे हैं पंडाल

# गजानन की भक्ति को जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** गणेश उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर में जगह-जगह गणपति बप्पा घरों और पंडालों में विराजे हुए हैं। जहां पर देर रात तक गणपति बप्पा के पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। गणपति बप्पा के स्वागत में शहर की विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल स्थापित कराए गए है। चौराहा और सड़कों के किनारे बनाए गए पंडालों में देर रात तक भजन और जयकारों की गूंज सुनाई देती है। चौथे दिन भी सभी पंडालो पर पूजा अर्चना का सिलसिला शाम से शुरू हुआ। इसके बाद काफी देर तक चलता रहा। शाम को हुई आरती में भक्तों की भारी भीड़ जुटी।

गणेश उत्सव के चौथे दिन पंडालो में बाहर से आए भजन गायको द्वारा देर रात तक भजन प्रस्तुत किए गए। महिलाएं भी शाम को जल्दी घरेलू कामकाज निपटने



पंडाल में सजे गणपति बप्पा ।

के बाद गणेश जी की पूजा अर्चना के लिए पहुंच जाती हैं। इसके अलावा तमाम महिलाएं घरों में विराजे गणेश जी की पूजा कर रही है। शहर के विभिन्न मार्गो और चौराहा में पंडाल लगाकर बिराजे गणपति बप्पा की पूजा अर्चना के लिए शाम से ही लोगों का पंडाल में पहुंचना शुरू हो जाता है। जहां पर महिलाओं की अधिक भीड़ होती है भक्ति गीतों से समूचे नगर भक्तिमय हो गया है। शहर में अलग-अलग स्थान पर बनाए गए पंडालो की भव्य सजावट की गई है बिजली की आकर्षक सजावट और जनरेटर की व्यवस्था करने से श्रद्धालुओं को अंधेरे में नहीं रुकना पड़ता है। बिजली आए चाहे चली जाए भजन कीर्तन अनवरत जारी रहते है। भजन सुनने के लिए शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी महिलाएं पुरुष पहुंच रहे हैं।

गणेश महोत्सव कार्यक्रम में बाहर से कलाकारों को बुलाया गया है कार्यक्रम आयोजकों का कहना है कि इस साल गणेश पंडालो को भव्य तरीके से सजाया गया है। युवाओं की टीमों में इस साल अधिक उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर के तमराई बाजार, पान मंडी, टूरिस्ट बंगला रोड छतरपुर रोड, गांधीनगर सहित तमाम स्थानों पर गणपति को पंडालो में विराजमान किया गया है जहां पर दिन-रात जयकारों की गन से समूचा शहर गूंज रहा है। गणपति बप्पा की पूजा के लिए शाम से ही मार्गों और सड़कों पर महिलाओं की आवाजाही तेज हो जाती है। जिससे देर रात तक सड़कों पर खासी चहल पहल रहती है।

# महिलाओं ने व्रत रखकर की संतान की लंबी उम्र की कामना

कार्यालय संवाददाता महोबा

- मंगलवार को संतान सप्तमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार को संतान सप्तमी का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना कि इसके बाद संतान की लंबी आयु की कामना भी की। घर घर पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

संतान सप्तमी पर संतान दंपति को संतान सुख प्रदान होता है। इस व्रत के प्रभाव से महिलाओं की सूनी गोद जल्द भर जाती है, वहीं जिन महिलाओं के बच्चे हैं वह यह व्रत संतान के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए रखते हैं। संतान सप्तमी पर महिलाएं चांदी के छल्ले और चूड़ियां खरीदती हैं जिसके चलते मंगलवार को सराफा की दुकानों पर भारी भीड़ जुटी। आज के दिन चांदी के छल्ले या चूड़ियां खरीदने की बरसों पुरानी परंपरा आज भी चली आ रही है जिसे महिलाएं व खूबी निभाती हैं और संतान सप्तमी पर चांदी की चूड़ियां या छल्ला अवश्य खरीदती हैं।

उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग के मुख्य पुजारी शिवकिशोर पांडे बताते हैं कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को यह व्रत और पूजा की जाती है कुछ लोग यही पूजा अष्टमी के दिन भी करती है। संतान सप्तमी पर महिलाएं सुबह से ही नहा धोकर पूजा अर्चना के लिए तैयार हो जाती हैं अधिकांश महिलाएं व्रत रखते हैं और बच्चों की लंबी उम्र के लिए पूजा करते हैं।

# ई-रिक्शा से महिला हुई घायल कानपुर रेफर

**सुमेरपुर।** कानपुर से लौट कर कस्बा सुमेरपुर स्थित अपने घर जाते समय एक महिला को एक ई रिक्शा रौंदता हुआ निकल गया, घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हिंदुस्तान फैक्ट्री कर्मी पुरुद्दीन की पत्नी फातमा 50 वर्ष कानपुर घर जा रही थी तभी पशु बाजार के पास एक तेज रफ्तार से आ रहा रिक्शा उसे रौंदता हुआ निकल गया, घायल अवस्था में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया ।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में की चर्चा

**गोहांड।** स्थानीय विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया ने की। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप, सहायक विकास अधिकारी अनूप कुमार शर्मा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में पंचायत राज विभाग व शासन की तमाम योजनाओं के बारे में बताया।



भजन कीर्तन में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# धर्म सभा में आर्जव धर्म से भक्तों को कराया रूबरू

कार्यालय संवाददाता महोबा

- धर्म सभा के बाद प्रश्न मंच प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर में धर्म की आराधाना की गई साथ ही धर्म सभा में आर्जव धर्म के विषय में प्रवचन दिए गए। धर्म सभा के पश्चात भक्तों द्वारा भजन कीर्तन एवं भक्ति भाव के साथ आरती की गई। इस मौके पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में धर्म की आराधाना करते हुए मुन्ना जैन ने कहा कि मायाचारी के आभाव रूप से आर्जव धर्म प्रकट होता है। कहा कि अपने ज्ञान स्वभाव में लीन रहने से राग द्वेष के भाव क्षय हो जाते है।

धर्म सभा के पश्चात भक्तों द्वारा ढोलक मंजीरों के साथ भजन प्रस्तुत किए गए, जिसे सुन उपस्थित लोग भगवान की आराधना में लीन नजर आए साथ ही आरती की गई। पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन समाज के सभी लोगों की एक प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजित की गई। धर्म सभा के मौके पर देवेंद्र कुमार, सुनील, राजेश, शैलेश, अनलि जैन, प्रदीप जैन, रितिक, सुकश, रागिनी, संध्या, रंजना, मोना एवं सभी समाज के लोग मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का करें निस्तारण

## मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता बांदा

**अमृत विचार।** मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारण करते हुए उद्योगों को बढ़ावा देने के मंडलायुक्त ने निर्देश दिए। कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों का गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने बांदा-महोबा के बीच एनएच मार्ग में कबरई से महोबा की सड़क की मरम्मत कराये जाने के निर्देश एनएच अधिकारियों को दिये।

मंडलायुक्त सभागार में मंगलवार को मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने व्यापार बन्धु की नियमित बैठक कराये जाने के सम्बन्ध में उपायुक्त प्रशासन, राज्यकर को निर्देशित किया। आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की समस्या के लिए स्वीकृत किये गये 1.61 करोड़ की धनराशि से जल निगम के द्वारा पेयजल की व्यवस्था के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में यूपीसीडा मुख्यालय द्वारा रिक्त समस्त भूखण्डों के आवंटन के लिए विज्ञापन की कार्रवाई, विद्युत संबंधी मामलों को शीघ्र निस्तारण किये जाने के लिए अधिशाषी अभियंता विद्युत को, उद्यमियों के विद्युत कनेक्शन किए जाने तथा ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने भूरागढ़ में खराब सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट को और अधिक विकसित किये जाने तथा भूरागढ़ रोड के किनारे एकत्र ईटों को हटवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्लोबल इनवेस्टर्स समिटि में एमएसएमई के अन्तर्गत जीबीसी के लिए तैयार इकाइयों की जानकारी प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकता के अनुसार इन इकाइयों को धरातल पर स्थापित कराये जाने के लिए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कर उद्योगों को मंडल के जनपदों में स्थापित कराये जाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने बांदा से महोबा के बीच एनएच मार्ग में कबरई से महोबा के रास्ते की सड़क की मरम्मत कराये जाने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिये। बैठक में संयुक्त निदेशक उद्योग ने बताया कि उद्यमियों के लिए एक योजना संचालित है, जिसमें सूक्ष्य एवं लघु उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेशन पोर्टल में पंजीकृत इकाइयों को पांच लाख तक सीएम सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना त्रिबीमा योजना का लाभ प्रदान किया जाता है।


उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी।

बैठक में जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत सिंह, सहायक आयुक्त जीएसटी अनिल कुमार, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा सहित उद्यमी डा.मनोज शिवहरे, अशोक कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनोज जैन व अन्य उद्यमियों सहित मण्डल स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ई-ऑफिस से शासकीय कार्यों में आयेगी गति

कार्यालय संवाददाता उरई


ई-आफिस कक्ष का फीताकाट कर उद्घाटन करते मंडलायुक्त झांसी विमल दुबे।

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त विमल दुबे ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने नए ई-आफिस कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।

मंडलायुक्त विमल दुबे ने कहा कि जनपद जालौन में ई-ऑफिस प्रणाली (पेपर लेस ऑफिस) की शुरुआत की है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के अंतर्गत आज ई-आफिस कक्ष का उच्चीकरण किया गया। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्य किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ई-ऑफिस उ.प्र.शासन का एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो एन.आई.सी. के सॉफ्टवेर पर कार्य करता है। इस प्रणाली में पारंपरिक फाइलिंग प्रणाली की तुलना में अतिरिक्त लाभ हैं। ई-ऑफिस को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यालयों को पेपरलेस बनाते हुए शासकीय कार्यों को गति प्रदान करना है। ई-ऑफिस में किसी भी समय पत्रों एवं फ़ाइलो पर कार्य किया जा सकता है। साथ ही ई-ऑफिस प्रणाली पेपरलेस होने के कारण पर्यावरणनुकूल भी है और सभी प्रपत्रों के ऑनलाइन होने के कारण उनके गायब होने अथवा किसी अन्य प्रकार की त्रुटि होने की आशंका समाप्त हो जायेगी। सारे कागजात क्लाउड पर सुरक्षित रहते हैं। अधिकारी तथा कर्मचारी ई-फाइल पर डिजिटल रूप में हस्ताक्षर करते है। ई-ऑफिस प्रणाली में अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही को पारदर्शी तरीके से तय किया जा सकेगा। ई-ऑफिस में अगर कोई फाइल आती है तो उसका नोटिफिकेशन सम्बंधित को मिल जाता है। तय समय के अंतर्गत उस फाइल का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाता हैं। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गजानन के आशीर्वाद को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,कालपी जालौन

**अमृत विचार।** गणेश उत्सव के तीसरे दिन उपजिलाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग आरती कार्यक्रम में शामिल हुए। तथा गजानन की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

विदित हो कि इन दिनों नगर में गणेश उत्सव की धूम चारो ओर देखने को मिल रही है नगर में गत कई वर्षो पूर्व गणेश उत्सव मनाने की शुरुआत हुई थी जो अब परम्परा बन गई है और प्रतिवर्ष समिति द्वारा 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और इसी परम्परा के चलते शनिवार गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्याम पैलेस में विधि विधान के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। मंगलवार शाम को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। आरती पूजन के बाद उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से लोगों में आस्था बढ़ी है। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। आरती के उपरांत कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने मंगल गीत गाये और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाये। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह,कैप्टन अनूप मेहरोत्रा, रविन्द्र पुरवार,रामकुमार तिवारी एड,रवि तिवारी एड,सिन्टू गुप्ता,अजीत सिंह यादव, अरविन्द सोनी,शरद खन्ना,शिवसिंह,नमन अग्रवाल, सत्यम पाण्डेय, विशाल पोरवाल,रजनी पाल,मोहिनी गुप्ता, शारदा मिश्रा,मुक्ता पुरवार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।गणेश दरवार के सेवक बल्लू महाराज (मिश्रा) ने भक्तजनों को प्रसाद दिया।


गणेश पंडाल में आरती करते उप जिला अधिकारी सुशील कुमार सिंह। अमृत विचार

- गणेश पंडाल में पहुंच कर एसडीएम ने की पूजा-अर्चना

# रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग एसडीएम से की

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** आम रास्ते में अतिक्रमण होने की लेखपाल की रिपोर्ट के बाद भी अब तक आतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस में राधे कॉलोनी निवासी निशांत, अखिलेश, संजय कुमार, कमलेश सोनी, सुरेश कुमार, नरेश बाबू आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि राधे कॉलोनी में प्रवेश के लिए 70 फीट का रास्ता है। इसी रास्ते में प्रवेश द्वार के पास ही एक महिला व एक पुरुष ने आम रास्ते में बांस बल्ली का टाल रखकर आम रास्ते को बाधित कर दिया है। इसको लेकर पूर्व में एसडीएम को शिकायती पत्र दिया गया था। जिस पर तत्कालीन एसडीएम ने संबंधित लेखपाल को मौके पर जाकर रास्ते की पैमाइश करने और अतिक्रमण पाए जाने पर अतिक्रमण को हटवाने का आदेश दिया था। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर रास्ते की पैमाइश की थी। पैमाइश में रास्ते में अतिक्रमण पाया गया था। जिसे हटाने के निर्देश अतिक्रमणकारियों को दिए थे। लेखपाल ने एक जून को इस रिपोर्ट को एसडीएम को भेजा था। लेकिन इसके बाद आज तक अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। जिससे कॉलोनी में आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

# जलाभिनंदन आज कैबिनेट व राज्यमंत्री करेंगे शिरकत

**बांदा।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित जलाभिनंदन कार्यकम बुधवार को आयोजित होगा। जिला सूचना अधिकारी राम जी दुबे ने बताया कि जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2019 को की थी।

इसी क्रम में प्रदेश में प्रथम चरण की विंध्य एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की पेयजल परियोजनाओं के कार्य लगभग होने को है। इसी क्रम में तिंदवारी विकास खंड के सहूरपुर गांव में सुबह 11. 30 बजे जलाभिनंदन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जलशक्ति कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व दिनेश खटीक आदि भागीदारी करेंगे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में बनेगा आगंतुक कक्ष

कार्यालय संवाददाता उरई

- बोर्ड की बैठक में 13 विकास कार्यो को मिली हरी झंडी
- स्ट्रीट लाइट लगवाने पर दिया गया विशेष जोर

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त विमल दुबे झॉसी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उरई विकास प्राधिकरण की 27वीं बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें एक दर्जन से अधिक कार्यां की स्वीकृति प्रदान की गयी।

बोर्ड बैठक में अहम प्रस्तावों में कलेक्ट्रेट परिसर में आगन्तुक कक्ष का निर्माण कार्य, बेसिक शिक्षा अधिकारी कैम्पस कार्यालय में टीन शेड का निर्माण कार्य, सांसद कार्यालय से रजिस्ट्री ऑफिस होते हुये जेल रोड तक आर सी सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, एन०आई०सी० गेट से ऑफीसर कालोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का कार्य, मामू भांजे मजार के सामने तिराहा का सौन्दर्यीकरण का कार्य, राजपाल रिसोर्ट के सामने चौराहे का सौन्दर्यीकरण आदि का विकास कार्य कराने की स्वीकृति दी गयी।

बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) संजय कुमार, मुख्य कोषाधिकारी आनंद सिंह एवं कमलेश कुमार, सहायक अभियंता उरई विकास प्राधिकरण उरई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**जालौन।** परिवहन अधिकारी ने मंगलवार को नगर के आसपास की सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग टीम ने पांच वाहन पकड़े जिन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर उनपर जुर्माना की कार्रवाई की गई।

मंगलवार को परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने नगर व आसपास की सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान उन्होंने बंगरा मार्ग पर एक ट्राला व एक ओवरलोड डंपर पकड़ लिया। इसके साथ ही औरैया मार्ग पर तीन चार पहिया वाहनों को बिना वैध कागजात व सवारियों का परिवहन करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# एसडीएम ने कोटेदारों की दुकानों का किया निरीक्षण

संवाददाता, कालपी जालौन

- राशन दुकानों में पहुंचकर गेहूं व चावल का स्टॉक किया चेक

**अमृत विचार।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा नवांगतुक पूर्ति निरीक्षक ने नगरीय कालपी क्षेत्र की 2 सरकारी उचित दर की दुकानों का औचक निरीक्षण किया ।

कालपी नगर के मोहल्ला गणेशगंज स्थित कोटेदार वीर सिंह की सरकारी उचित दर की दुकान का एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने डीएसओ सुशील कुमार के साथ निरीक्षण किया। डीएसओ के साथ एसडीएम ने गेहूं, चावल खाद्यान्न का स्टॉक चेक करके अभिलेखों से मिलान किया। दुकान में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने हिदायत दी कि परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। दुकान में मौजूद राशनकार्ड धराकों से बातचीत करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि अगर किसी भी राशनकार्ड धारक को कोई समस्या आती है तो वो कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए, शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तत्परता से उसका निस्तारण कराया जाएगा। इसी क्रम में अधिकारियों ने कालपी के टरननगंज बाजार में स्थित कोटेदार प्रदीप गुप्ता की दुकान का निरीक्षण किया।

# एक दिवसीय रोजगार मेला कल

**बांदा।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला 12 सितंबर (गुरुवार) को आयोजित होगा। चित्रकूटधाम मंडल क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय सहायक निदेशक वकील अहमद अंसारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देश पर क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के बाद अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। उन्होंने अभ्यर्थियों से मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो लाने को कहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया संतान सप्तमी का पर्व

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** भाद्रपद मास की सप्तमी को महिलाओं ने संतान सप्तमी का पर्व मनाया और पुत्रों की दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना करते हुए शिव व पार्वती की पूजा अर्चना की।

बुंदेलखंड में महिलाओं के बीच संतान सप्तमी के व्रत का बहुत महत्व है। विवाहित महिलाएं अपनी संतान की भलाई के लिए भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को यह व्रत रखती हैं। यह व्रत शिव और देवी पार्वती को समर्पित है। संतान सप्तमी के पर्व पर महिलाओं ने संतान की खुशहाली और दीर्घायु के लिए यह व्रत रखा।

महिलाओं ने निराहार व्रत रखकर, दोपहर को चौक पूरकर चंदन, अक्षत, धूप, दीप, नैवेध, सुपारी और नारियल आदि से शिव- पार्वती की पूजा की। साथ ही संतान की रक्षा की कामना करते हुए भोलेनाथ को कलावा अर्पित कर स्वयं इसे धारण किया और व्रत की कथा सुनी। संतान सप्तमी को लेकर पंडित देवेंद्र दीक्षित ने बताया कि संतान सप्तमी के दिन सूर्य, माता पार्वती और भोले शंकर की -आराधना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन का व्रत करने से संतान की प्राप्ति होती है संतान की आयु लंबी होती है।

## सार-संक्षेप

### टीबी रोग खोज अभियान में पहले दिन 22 संदिग्ध मिले

**कालपी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में नगर में 6 अलग-अलग टीमों के द्वारा टीबी रोग खोज अभियान शुरू किया गया। पहले दिन टीम ने 22 संदिग्ध टीबी के मरीज चिह्नित किए । चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि 9 सितंबर से 20 सितंबर तक टीबी रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके चिकित्सालय से नि:शुल्क दवाई मरीजों को दी जाएगी।

### डीडीओ ने की शिकायतों की जांच

**कोंच।** डीडीओ महेंद्र प्रताप चौबे ने मंगलवार को खंड विकास कार्यालय में आकर बीडीओ और सीडीपीओ के विरुद्ध दर्ज करायी गयीं 3 शिकायतों की जांच की। डीडीओ ने जांच के दौरान संबंधित अभिलेखों को जांचते हुए संबंधित विभागीय कर्मियों सहित शिकायतकर्ताओं से जानकारी ली। जांच को लेकर डीडीओ ने बताया कि गत समय पूर्व ग्राम पंचायत सतोह की महिला प्रधान द्वारा बीडीओ पर जानबूझकर जॉबकार्ड निरस्त करने की शिकायत की गयी थी। जांच में सामने आया है कि उक्त जॉब कार्ड प्रधान की सहमति से ही निरस्त किए गए हैं और अब नए सिरे से पात्रों के जॉब कार्ड बन सकेंगे। दूसरी शिकायत को लेकर उन्होंने बताया कि आगनबाड़ी महिलाओं ने सीडीपीओ पर हर माह 500 रुपये लेने की शिकायत दर्ज करायी थी। महिलाओं को बुलाकर पूछा गया तो उन्होंने रुपये लेने से मना कर दिया। महिलाओं से 2 दिन में शपथ पत्र पर लिख कर देने को कह दिया गया है। तीसरी शिकायत की जांच पर डीडीओ ने कहा कि गत कार्यकाल में ग्राम पंचायत बिरासनी के तत्कालीन प्रधान द्वारा गबन से जुड़ा मामला है लेकिन तत्कालीन प्रधान इस मामले में न्यायालय चले गए हैं जिसको लेकर फ़िलहाल कुछ नहीं बताया जा सकता है।

तैयारी — एनबीएजीआर के कुनबे में जल्द शामिल होंगीं बुंदेली बकरियां

# बुंदेली बकरियों के संवर्धन व संरक्षण के लिये बीयूएटी आया आगे

जान्हवी कुमार द्विवेदी, बांदा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड के पशुधन में बकरियों का अहम स्थान है। यहां पाई जाने वाली बकरी खासियत से भरपूर हैं, फिर भी अभी तक बुंदेलखंडी इस नस्ल का करनाल (हरियाणा) के एनबीएजीआर (नेशनल ब्यूरो आफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सिंग) में पंजीकरण नहीं हो पाया पर अब बांदा कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय (बीयूएटी) इनके संरक्षण व संवर्धन के साथ जल्द एनबीएजीआर में इनका रजिस्ट्रेशन कराएगा।

बुंदेलखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है। खेती के साथ यहां बड़ी संख्या में पशुपालन का काम होता है। पशुधन में गाय, भैंस के अलावा बकरी, भेड़ आदि का किसान पालन कर अपना रोजगार चलाते हैं । बुंदेलखंड में बकरी क़ी एक स्थानीय नस्ल है जिसका संरक्षण व संवर्धन कृषि विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय में बुंदेलखंडी बकरी को पाला जा रहा है । बुंदेलखंडी बकरी का एनबीएजीआर करनाल (हरियाणा) में पंजीकरण नहीं है । लेकिन भारत सरकार क़ी इस संस्था में पंजीकरण कराने को बांदा कृषि विश्वविद्यालय में पिछले काफी समय से काम चल रहा है। बुंदेलखंड में बुंदेली बकरी के अलावा जमुनापारी, बरबरी व जखराना को भी पाला जाता है। जो यहां के पशुपालकों की आय का एक प्रमुख साधन है।


कृषि विश्वविद्यालय में पाली जा रहीं बुंदेलखंडी बकरियां। अमृत विचार



"बुंदेलखंडी बकरी बुंदेलखंड की एक प्रमुख पहचान है, ये बकरी बुंदेलखंड क्षेत्र की जलवायु एवं भौगोलिक दशाओं के लिए उपयुक्त है ये बकरी बुंदेलखंड क्षेत्र के अधिक तापमान में भी अच्छा उत्पादन देने में समर्थ है बकरी की ये नस्ल इस क्षेत्र के संसाधन रहित व्यक्तियों के लिए लाभप्रद उद्यम एक साधन बन सकता है ।

-प्रो . एनपी सिंह, कुलपति

- अब तक पंजीकृत हैं बकरी की 39 नस्लें, बुंदेलखंड में हैं नौ लाख से अधिक बकरियां

### वर्ष 2018 से चल रहा है शोध व संरक्षण

**बांदा ।** कृषि विश्वविद्यालय में बुंदेली नस्ल क़ी बकरी के संरक्षण व शोध का काम 2018 से चल रहा है। पशु विज्ञान महाविद्याल के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर मयंक द्विवेदी बताते हैं कि विश्वविद्यालय में करीब 6 वर्षो से भारत सरकार से वित्त पोषित एक परियोजना के अंतर्गत बकरी के संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया जा रहा है । बुंदेली नस्ल क़ी बकरी क़ी और क्या विशेताएं हैं उस पर वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं इसे कैसे गरीबो के उद्यम के रूप में और उपयोगी बनाने का साथ ज्यादा उत्पादन बढ़े इस पर भी काम हो रहा है । बताया क़ी एनबीएजीआर में बकरी क़ी कुल 39 नस्ले पंजीकृत हैं।


डॉ . मयंक दुबे ।

### बुंदेलखंडी बकरी की पहचान

- **बांदा ।** बुंदेलखंडी बकरी क़ी अपनी कई विशेताएं है । इसका रंग काला, शरीर मध्यम से बड़े आकर का बेलनाकार सुगठित होता है । पैर लंबे, संकीर्ण चेहरा, रोमन प्रकार क़ी नाक, मध्यम सींग, शरीर पर लंबे बाल, काली पलकें व थूथन, लटकते कान व झाड़ीदार पूंछ होती है ।

### विशेषताएं

- व्यस्क नर का वजन 35-40 किलोग्राम व व्यस्क मादा का वजन 25- 40 किलोग्राम होता है ।
- औसतन दैनिक दूध का उत्पादन 0 .60 किलोग्राम से एक किलोग्राम व दुग्धकाल 120 से 150 दिन होता है।
- इन बकरियों को मुख्यत: मांस के उद्देश्य से पाला जाता है। यह कठोर जलवायु परिस्थितियों के लिए अत्यधिक अनुकूलित हैं ।
- बुंदेलखंडी नस्ल की बकरी जुड़वा बच्चे व कभी - कभी तीन बच्चे भी दे सकती हैं। जिसकी बहु प्रसव क्षमता 30-40 प्रतिशत तक आकी गईं है ।
- उत्तर प्रदेश में 16 लाख बकरियों में से काफी संख्या (लगभग 70 प्रतिशत ) बुंदेलखंड़ी बकरियों क़ी है ।

# मार्ग दुर्घटना में बाबा की मौत नाती घायल

**बांदा :** सड़क दुर्घटना में बोलेरो में सवार दुर्घटना में बाबा की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई जबकि नाती गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल का सतना के अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। यह घटना एमपी के सतना जिले के महुआ डांडी गांव के पास हुई है।

जानकारी के मुताबिक कालिंजर निवासी शिवप्रसाद कुशवाहा 60 वर्ष सोमवार को अपनी बोलेरो से बहू लक्ष्मी और दो नाबालिग नातियों को साथ बहू के मायके बराज(नागौद) जा रहे थे। रात में लगभग रात 9 बजे सतना जिले के बरौधा थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद को फोन कर दुर्घटना होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर दुर्घटना में मृतक शिवप्रसाद के बेटे और भाई दुर्घटना स्थल महुआ डांडी पहुंचे। दुर्घटना में घायल नाती भरतलाल 7 वर्ष पुत्र चईया को रात में जिलाअस्पताल पहुंचाया गया चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे कानपुर के लिए रेफर किया था लेकिन मौके पर मौजूद बच्चे के नाना इसे इलाज के लिए सतना के अस्पताल ले गए हैं। लक्ष्मी और उसके दूसरे बेटे रिशु को भी चोट लगी है। उन दोनों का भी इलाज किया जा रहा है।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते छात्र नेता व अन्य छात्र । अमृत विचार

# छात्रों ने कुलपति को रक्त से लिखकर भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** सीट बढ़वाए जाने के लिए छात्र नेताओं ने राज्यपाल व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति को रक्त से लिखा हुआ पत्र भेजा है। छात्र नेताओं ने कहा की उनके द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन कुलपति, प्राचार्य व प्रशासन द्वारा सीट बढ़ाए जाने को लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा रही है।

छात्रों ने अपने मांग पत्र में कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बांदा में सीट बढ़ोतरी का मानक पूरा है एवं शिक्षकों की भी पूर्ति है लेकिन कुलपति सीट नहीं बढ़वा रहे हैं। कहा की छात्र छात्राओं को झूठा आश्वासन देकर धरने से उठवा दिया जाता है जिससे छात्र नेताओं व छात्र-छात्राओं में काफी आक्रोश है।अपनी मांगों को पूरा कराए जाने के लिए छात्र नेता लव सिन्हा, सुधांशु चौहान, दीपक गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, बाबू राम निषाद,योगेंद्र पाल, भूपेंद्र निषाद, रचित गोस्वामी, अभिषेक तिवारी ने अपने रक्त से लिखा हुआ पत्र जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा । छात्र नेता लव सिन्हा ने कहा की सीट बढ़ोतरी के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे वहीं छात्र नेता उदय प्रताप ने सीट न बढ़ाए जाने पर आमरण अनशन में बैठने की चेतावनी दी है। इस मौके पर बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी के छात्र नेता सुधांशु चौहान, बाबू राम निषाद,भूपेंद्र यादव, योगेंद्र पाल, उदय प्रताप,अभिषेक तिवारी, रचित गोस्वामी,जय सिंह, गगन सागर, विक्की यादव, प्रिंस शिवहरे, रुद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625-2650 आर.आर.21 2725-2750 गेहूँफारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400-2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 8500-9000 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूँग 7500-8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 9000-9100 मटरदाल 4575-4675 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000-13800 उड़द धोवा 10000-12800 मूँगदाल 8500-9700 मूँग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500-5600 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूँगफलीदानाषिवपुरी 9500-11200 बटाली 8800-11000 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 13300-13400 अलसी 10500-10600 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1610-1610 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी .1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1625-1622 मयूर 1625-1622 मंगलौरलड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73475 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54800-55000 |

# सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भारत ले आए वाहन उद्योग : मोदी

## बोले- हम 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



• सियाम के वार्षिक सम्मेलन के लिए मोदी ने दिया लिखित संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटर वाहन विनिर्माता उद्योग के प्रतिनिधियों से वैश्विक स्तर पर अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम तौर-तरीकों को भारत में लाने और हरित व स्वच्छ परिवहन पर काम करने का मंगलवार को आह्वान किया। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन के लिए अपने लिखित संबोधन में मोदी ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग आर्थिक वृद्धि को अधिक बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा कि जैसा कि हम 2047 तक विकसित भारत के अपने सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि सियाम जैसे संगठन सभी हितधारकों को एक साथ लाना जारी रखेंगे और इस मिशन की गति दोगुनी करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की मांग है कि देश की प्रगति तेज होने के साथ ही सतत भी हो। हरित व स्वच्छ परिवहन पर काम करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह महत्वपूर्ण है कि जलवायु के लिहाज से सतर्कता वाला और सतत दृष्टिकोण घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के बीच अपनी जगह बनाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और विश्व के लिए इस महत्वपूर्ण मोड़ पर यह आवश्यक है कि हमारा मोटर वाहन क्षेत्र न केवल दूसरों के लिए अनुकरणीय मिसाल पेश करे, बल्कि वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भारत में लाने की दिशा में भी काम करे। मुझे विश्वास है कि वार्षिक सम्मेलन में होने वाली चर्चाएं और विचार-विमर्श इसके लिए उत्प्रेरक का काम करेंगे। मुझे यकीन है कि नवाचार तथा उद्यम के जरिये मोटर वाहन उद्योग और भी अधिक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और बदले में, अनिवार्य रूप से उत्पन्न होने वाली मांग पर फलेगा-फूलेगा।

# शेयर बाजार में प्रमोटर होल्डिंग का ज्यादा हिस्सा

प्रमोटर होल्डिंग एक सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है जिसे शेयर बाजार में काम करने वाले हर निवेशक या व्यापारी को जानना चाहिए। अगर आप छोटी या मध्यम-कैप कंपनियों में निवेश कर रहे हैं तो यह ज़रूरी है। लेकिन प्रमोटर होल्डिंग क्या है और आपको इसके बारे में क्यों जानना चाहिए? अगर आपको प्रमोटर होल्डिंग के बारे में गहराई से समझने की जरूरत है आइये जानते हैं इसके बारे में ...

### प्रमोटर होल्डिंग का महत्व

**प्रबंधन नियंत्रण :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग का मतलब है कि प्रमोटर के पास कंपनी पर अधिक नियंत्रण और प्रभाव है। यह प्रबंधन की दिशा और कंपनी की दीर्घकालिक योजनाओं में स्थिरता को दर्शाता है।

**निवेशक विश्वास :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग निवेशकों को यह आश्वासन देती है कि प्रमोटर कंपनी की भविष्यवाणी और विकास में व्यक्तिगत शामिल हैं। इससे निवेशक का कंपनी के प्रति विश्वास बढ़ सकता है।

**निवेशक हितों का संरक्षण :** जब प्रमोटर की होल्डिंग अधिक होती है, तो प्रमोटर की वित्तीय स्थिति और प्रदर्शन का असर कंपनी के शेयर मूल्य पर पड़ता है। यह उनके लिए अच्छा संकेत होता है जो स्थिरता और सुसंगत प्रबंधन को महत्व देते हैं।

**नियामक अनुपालन :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग यह भी संकेत देती है कि प्रमोटर कंपनी के लंबे समय तक निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे किसी भी अल्पकालिक बाजार उतार-चढ़ाव से कंपनी पर कम असर पड़ता है।



### निवेशकों को लाभ

**विश्वास और स्थिरता :** जब प्रमोटर की होल्डिंग अधिक होती है, तो यह निवेशकों को कंपनी की स्थिरता का विश्वास दिला सकती है क्योंकि प्रमोटर की प्राथमिकता कंपनी के दीर्घकालिक लाभ और विकास पर होती है।

**प्रशासनिक नियंत्रण :** यदि प्रमोटर का हिस्सा अधिक होता है, तो यह संभावित रूप से कंपनी के संचालन में पारदर्शिता और ईमानदारी को निर्धारित करता है, जिससे निवेशक अपने निवेश की सुरक्षा महसूस कर सकते हैं।

**लाभांश वितरण :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग वाली कंपनियां अक्सर अपने लाभांश वितरण में भी निवेशकों के हितों का ध्यान रखती हैं, क्योंकि प्रमोटर स्वयं भी लाभांश प्राप्तकर्ता होते हैं।

### प्रमोटर होल्डिंग कैसे देखें और मानक

**मात्रा :** 25% से अधिक प्रमोटर होल्डिंग सकारात्मक संकेत है, लेकिन ये कंपनी और उद्योग पर निर्भर करता है।

**गतिविधियां :** केवल होल्डिंग प्रतिशत ही नहीं, बल्कि प्रमोटर की कंपनियों के प्रति निष्ठा और उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों को भी देखना चाहिए। यदि प्रमोटर अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं, तो यह एक लाल झंडा हो सकता है।

**बदलाव :** प्रमोटर होल्डिंग में समय के साथ बदलाव महत्वपूर्ण है। यदि होल्डिंग घट रही है, तो हो सकता है कि प्रमोटर अपनी हिस्सेदारी बेचना चाह रहे हैं या वह कंपनी में कम रुचि ले रहे हैं।

**संरचना :** संस्थागत निवेशकों और शेयरधारकों की होल्डिंग भी मुख्य है। संतुलित शेयरहोल्डर संरचना स्थिरता और पारदर्शिता को दर्शाती है।

# जमा की तुलना में ऋण वृद्धि से गहरा सकता है नकदी संकट

नई दिल्ली, एजेंसी



• फिक्की और भारतीय बैंक संघ की संयुक्त रिपोर्ट में हुआ खुलासा

बैंकों से दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि दर जमा वृद्धि से अधिक होने से बैंकिंग प्रणाली के समक्ष आने वाले समय में नकदी की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की एक संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि ऋण वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए जमा को बढ़ाना और ऋण लागत को कम रखना बैंकों के एजेंडा में सबसे ऊपर है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण के मौजूदा दौर में 67% उत्तरदाता बैंकों ने कुल जमा में चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम होने की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिभागी बैंकों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में उच्च और आकर्षक दरों के कारण सावधि जमा में तेजी आई है। भाग लेने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के 80 प्रतिशत बैंकों ने 2024 की पहली छमाही के दौरान बचत खाते एवं चालू खाते में जमा की हिस्सेदारी घटने की सूचना दी। निजी क्षेत्र के भी आधे से अधिक बैंकों ने कासा जमा कम होने की सूचना दी। इस सर्वेक्षण का 19वां दौर जनवरी से जून, 2024 के दौरान चला। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 22 बैंकों ने भाग लिया। इनकी कुल बैंकिंग उद्योग में करीब 67% हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 71 प्रतिशत बैंकों ने पिछले छह महीनों में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के स्तर में कमी की सूचना दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के 90 प्रतिशत बैंकों का एनपीए इस अवधि में घटा है जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत ने कमी का हवाला दिया है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि बुनियादी ढांचा, धातु, लोहा और इस्पात जैसे क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। इसके पीछे बुनियादी ढांचे क्षेत्र पर सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना एक कारण हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा देने, सेवा वितरण में सुधार करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

# मिल्कोमोर के वितरक व सेल्सकर्मी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड द्वारा निर्मित मिल्कोमोर पशु आहार का वितरक महासम्मेलन मसूरी में हुआ। कंपनी प्रबंधन ने सबसे टॉप सेल्स स्टाफ में वीरेंद्र गुप्ता को शील्ड, टॉप थ्री विक्रेता अभय सिंह, पंकज कुमार, नीरज गुप्ता को मेडल देकर सम्मानित किया।

कंपनी के सीईओ सौरभ शिवहरे ने कहा कि वितरक व्यवसायिक भागीदर होने के साथ कंपनी की शक्ति हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड व बिहार आदि राज्यों में कंपनी द्वारा प्रति माह उत्पादन किए 10,00,000 मैट्रिक टन पशु आहार का वितरण 800 से अधिक



सम्मानित वितरक और कर्मचारियों के साथ कंपनी के अधिकारी।

वितरक करते है। कंपनी को 2016 में यूपी ब्रांड अवार्ड, 2017 में विजनरी आफ यूपी व 2018 में मुख्यमंत्री से पशु आहार के क्षेत्र में अग्रणीय कंपनी का अवॉर्ड दिया है। सम्मेलन में बेस्ट परफॉर्मेंस मेडल से अमित बाजपेई, अशोक सोनी, हर्षित पटेल, रवि कटियार, दीपक नरेश, हरी नारायण, हीरामन वर्मा, आशीष बाजपेई, इमरान शेख, बजेन्द्र सिंह आदि को पुरस्कृत किया। इस दौरान राजेश्वरी शिवहरे, सूर्याश जैन, रिषी सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों ने विशाल रैली निकाली

## पुलिस ने रैली को रोका तो धरना प्रदर्शन किया शुरू, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव व दो अधीनस्थ के इस्तीफे की मांग की

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य सचिवालय तक विशाल रैली निकाली और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव नारायण स्वरूप निगम और उनके दो अधीनस्थ के इस्तीफे की मांग की। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि ये तीनों अस्पताल के सेमिनार हॉल को ध्वस्त करने और जीर्णोद्धार के लिए जिम्मेदार हैं।

आंदोलनकारी चिकित्सकों ने राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के पास करुणामयी में उस समय धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जब पुलिस ने रैली को आगे बढ़ने से रोक दिया। चिकित्सकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं, वे धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के अधिकारी समाधान खोजने को डॉक्टरों से चर्चा को तैयार हैं। उच्चतम न्यायालय के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी शाम पांच बजे तक प्रदर्शन समाप्त करने के अनुरोध के बावजूद जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने से इनकार किया है। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को पांच नई मांगों को लेकर अल्टीमेटम दिया है, जिसमें पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, प्रमुख सचिव और उनके दो डिप्टी की बर्खास्तगी, हत्या में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देना तथा कार्यस्थल तथा अस्पतालों में अनुकूल माहौल बनाना शामिल है।



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

### जूनियर चिकित्सकों ने की कोर्ट के निर्देश की अवज्ञा

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे मांगें पूरी होने और पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। शीर्ष अदालत ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष 23 तक न्यायिक हिरासत में

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को विशेष सीबीआई अदालत ने 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने उनके सुरक्षाकर्मी अफसर अली और दो कथित सहयोगियों (ठेकेदार वेंडर बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा) को भी 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरी ओर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने धमकी मे मामले में 51 डॉक्टरों को नोटिस भेजा और उन्हें 11 को जांच समिति के समक्ष पेश होने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि उन्हें समिति के समक्ष अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी।

# भाजपा को समझ नहीं है, उसकी निंदा भारत की निंदा नहीं है : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा भारत की निंदा नहीं है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि विपक्षी दल के रूप में जब कांग्रेस भारत में सरकार की आलोचना करती है, तो पूरी दुनिया सुनती है तथा जब प्रधानमंत्री मोदी कपड़ों से पहचानने की बात और हिंदू-मुसलमान करते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कब से भारत हो गई कि भाजपा की निंदा का मतलब भारत की निंदा है। भाजपा या नरेन्द्र मोदी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी निंदा करना भारत की निंदा करना है। यह धारणा गलत है। भारत के राष्ट्र निर्माताओं की निंदा जब प्रधानमंत्री करते हैं, तो किसकी निंदा करते हैं? उस समय हम इनकी नीतियों की निंदा करेंगे, सवाल उठाएंगे, हमारा काम है। इनको क्या आपत्ति है।

### भाजपा-कांग्रेस में ठनी

#### मोदी को लेकर राहुल ने सच बोला : वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी ने अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बात कही है वह सत्य है और इसको देखकर भाजपा में हड़कंप मचा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा का तंत्र इससे घबराया हुआ और परेशान है क्योंकि गांधी ने सच बोला है। राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस की नफरत और विभाजन की राजनीति के बारे में चेतावनी दी है। भाजपा के लिए अमेरिका में राहुल के बयानों के बारे में शिकायत करना और बड़ा पाखंड है।

## एक नजर

### कोलकाता में बस में महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा क्षेत्र में मंगलवार सुबह चलती बस के अंदर एक महिला से एक सहयात्री ने कथित रूप से छेड़खानी की। पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे बस में यह महिला चिल्लाने लगी जिसके बाद यात्रियों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। महिला की उम्र करीब 25 साल है। आरोपी ने बस से उतरकर भागने की कोशिश की लेकिन आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और वे उसे कस्बा थाने ले गये। उन्होंने कहा कि महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करायी और बाद में उसे (आरोपी को) गिरफ्तार कर लिया गया। महिला कस्बा से फूलबागान काम करने जा रही थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### राज्यसभा सदस्य की मिशन और राजीब ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नवनिर्वाचित मिशन रंजन दास और राजीब भट्टाचार्जी को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। धनखड़ ने संसद भवन में अपने कक्ष में दोनों सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष और सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा मौजूद थे। राज्यसभा सचिवालय की वरिष्ठ अधिकारी और नवनिर्वाचित सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे। दास असम से और भट्टाचार्जी त्रिपुरा से भाजपा के टिकट पर राज्यसभा के सदस्य के रूप में चुने गए हैं।

# न्यायालय ने थरूर के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगायी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को राहत देते हुए उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता एवं भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया।

**प्रधानमंत्री पर टिप्पणी**

थरूर को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार मंगलवार को यहां निचली अदालत में पेश होना था। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब देने को कहा जाता है। इस बीच, आगे की कार्यवाही पर रोक लगायी जाती है। थरूर ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही निरस्त करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ 29 अगस्त को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था।

# आप ने नौ नामों की दूसरी सूची की जारी

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** आप ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नौ नामों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह को बरवाला से उम्मीदवार बनाया गया है। सिंह एक दिन पहले ही भाजपा से आप में शामिल हुए थे। सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत विफल रहने के बाद सोमवार को पार्टी ने पहली सूची जारी की थी। नयी सूची में रीता बामनिया को साढौरा, किशन बजाज को थानेसर और हवा सिंह को इंद्री, रतिया से मुख्तियार सिंह बाजीगर, आदमपुर से भूपेंद्र बेनीवाल और बरवाला से छत्रपाल सिंह को टिकट दिया है।

# पीएसी बैठक में सेबी प्रमुख को लेकर हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

टीएमसी नेता सौगत रॉय ने मंगलवार को हितों के टकराव के आरोपों का सामना कर रहीं सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष तलब करने की मांग की। जिसे लेकर हंगामा हो गया। जल जीवन मिशन के ऑडिट को बुलाई बैठक में रॉय ये बात कही। इसका विरोध करते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यह नियमों के खिलाफ है।

बैठक में दुबे ने कहा कि सीएजी के प्रधान लेखा परीक्षक केंद्र सरकार के आदेश के बिना सेबी का ऑडिट नहीं कर सकते हैं, इसलिए पीएसी भी नियामकों के अधिकारियों को वित्त संबंधी खामियों के सबूत के बिना नहीं बुला सकती। दुबे ने कहा था कि सबसे पुरानी संसदीय समिति होने के नाते पीएसी के अपने नियम हैं और यदि स्वतः संज्ञान लेना है तो उसे साक्ष्य के साथ प्रमाणित करना होगा। हिंडनबर्ग ने बुच के खिलाफ हितों के टकराव का आरोप लगाया था। कांग्रेस इसको लेकर माधवी पर हमले कर रही है। बुच ने आरोपों को खारिज किया है।





• टीएमसी नेता की मांग पर भड़के भाजपा सांसद, बोले- नियमों के खिलाफ

### महिंद्रा ने बुच को भुगतान के आरोपों को झूठा बताया

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच को किए भुगतान पर हितों के टकराव के आरोपों का खंडन किया और कांग्रेस के लगाए आरोपों को झूठा तथा भ्रमित करने वाला करार दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि माधबी बुच की अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में उस समय 99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी जब यह परामर्शदाता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह को सेवा प्रदान कर रही थी। कांग्रेस ने दावा किया कि माधबी के पति धवल को 2019-21 में महिंद्रा से 4.78 करोड़ मिले।

# इंजीनियर रशीद को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण के मामले में मंगलवार को लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को दो अक्टूबर तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। इंजीनियर रशीद उर्फ शेख अब्दुल रशीद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने रशीद को राहत प्रदान की, जिसने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी।

# भाजपा नेता की हत्या के मामले में एनआईए का नौ जगह पर छापा

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने 2023 में भाजपा नेता बिजय कृष्ण भुइयां के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार मध्यरात्रि के बाद पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना इलाके में नौ स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रात दो बजे शुरू की गई तलाशी के दौरान एनआईए ने नौ स्थानों पर छापे मारे, लेकिन कई आरोपी घरों पर मौजूद नहीं थे। भाजपा के बूथ प्रभारी भुइयां का मार्च 2023 में अपहरण कर उन्हें घायल कर दिया गया था। गंभीर घावों से अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित के रिश्तेदारों ने मोयना थाने में प्राथमिकी दी थी और कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने एनआईए को घटना की जांच करने का निर्देश दिया था, जिसमें शक्तिशाली विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था।

# महिलाएं वे सब कर सकती हैं जो पुरुष करते हैं : भागवत

नागपुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि महिलाएं वे सब काम कर सकती हैं जो पुरुष कर सकते हैं और महिलाएं वह काम भी कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर सकते। यहां महिला बहुप्रदेशीय सहकारी सोसायटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने महिलाओं की मुक्ति शब्द के इस्तेमाल पर भी विस्तार से चर्चा की। भागवत ने कहा कि महिलाओं की मुक्ति की बात कहना गलत है। अगर महिलाओं को वे सब करने की आज़ादी दी जाए, जो वे करना चाहती हैं, तो हर कोई अपने आप ही मुक्त हो जाएगा। भारत में महिलाएं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचती हैं। उनमें वात्सल्य का गुण अंतर्निहित है और इसीलिए वे सबके बारे में सोचती हैं। हम अपने घरों से संस्थानों तक देखते हैं कि महिलाएं सभी के कल्याण के बारे में सोचती हैं।

# हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती, 24 को सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति को अवैध करार देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर 24 सितंबर को सुनवाई करेगा। बंगाल सरकार और अन्य ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को कुछ अन्य मामलों की सुनवाई के कारण सूचीबद्ध याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर पा रही है।

**25,753 शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति**

# निष्क्रियता के लिए सरकार की केरल हाईकोर्ट ने की आलोचना

कोच्चि, एजेंसी

• हेमा समिति की रिपोर्ट वर्षों पहले मिली तो सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए थी

केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को राज्य की वाम मोर्चे की सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट पर उसकी निष्क्रियता चिंताजनक है। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सीएस सुधा की विशेष खंडपीठ ने कहा कि सरकार को रिपोर्ट वर्षों पहले मिल गई थी और उसे तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी।

पीठ ने निर्देश दिया कि आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी जाए। उसने यह भी पूछा कि राज्य इतने वर्षों तक चुप क्यों रहा। पीठ ने कहा कि केरल में महिलाओं की संख्या अधिक है और पूछा कि समाज में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में राज्य क्या कर रहा है। सरकार ने रिपोर्ट मिलने के चार से अधिक वर्ष बाद ही इस पर कार्रवाई की।

# ग्रेटर नोएडा में दूसरे दिन भी नहीं हो सका खेल

**अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट**

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**


ग्रेटर नोएडा में आउटफील्ड लगाते कर्मचारी। ● एजेंसी

आउटफील्ड ढकने के लिए शामियाने का इस्तेमाल, गीली आउटफील्ड सुखाने के लिए इलेक्ट्रिक पंखे, डीडीसीए से ग्राउंड कवर उधार और यूपीसीए से उधार पर सुपर सोपर लेने के बावजूद ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट में दूसरे दिन का खेल नहीं होने से काफी किरकिरी हुई है।

शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में लगातार दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे इस स्टेडियम पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी हो रही है सो अलग।

दोनों टीमों के बीच पहली बार हो रहा टेस्ट सोमवार से शुरू होना था लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर अंपायरों ने पहले दिन का खेल रद्द कर दिया। सोमवार को शाम को एक घंटे बूंदाबांदी को छोड़कर बारिश नहीं हुई लेकिन मंगलवार को खेल की शुरूआत पर असर पड़ा। खेल सुबह आधा घंटा पहले शुरू होना था। आसमान साफ था लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद मैदान को खेलने लायक नहीं बनाया जा सका। मैदानकर्मी अभ्यास परिसर से सूखी घास लाकर मिड आन और मिडविकेट क्षेत्र में लगाने की कोशिश कर रहे थे। आफ साइड में तीन टेबल फैन भी लगाए गए ताकि उसे सुखाया जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद थे जिनकी देखरेख में काम हो रहा था। अंपायरों ने तीन बार मुआयने के बाद दूसरे दिन का भी खेल रद्द कर दिया। स्टेडियम अधिकारियों के अनुसार मैदान में पांच सुपर सोपर लगाये गए लेकिन काम नहीं बना।

## साइ, स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड क्वार्टर फाइनल में

**पुणे।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने मंगलवार को यहां चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

साइ ने पूल ए में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को 5-1 से हराकर पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। साइ के लिए पंकज ने दो जबकि ललित नेगी, नीरज और रजत मिन्ज ने एक-एक गोल दागा। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने पूल बी में देना बैंक से 3-3 से ड्रॉ खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया।

# फिर जीत हासिल करने उतरेगी टीम

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

**हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी**



पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था।

प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा एक अन्य मैच ड्रॉ खेला। भारत ने नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत की है और ऐसे में वह किसी भी टीम को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगा।

## खेल डायरी

### भारतीय टीमों की निगाहें फिर से पदक जीतने पर

बुडापेस्ट। डी हरिका और आर वैशाली की अगुवाई वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू होने वाले 45वें शतरंज ओलंपियाड में पोडियम पर पहुंचने की मजबूत दावेदार होगी जबकि डी गुकेश की अगुवाई वाली पुरुष टीम से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। कोनेरू हम्पी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं लेकिन इससे भारत की संभावनाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए क्योंकि वैशाली ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। हम्पी की गैर मौजूदगी में शीर्ष बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर डी हरिका होंगी। उनके बाद अन्य बोर्ड पर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल अपनी चुनौती पेश करेंगी। तानिया सचदेव को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में चुना गया है लेकिन उन्हें भी कुछ मैच में उतारा जा सकता है। चीन प्रतियोगिता में अपनी कमजोर टीम उतार रहा है। अगर विश्व रेटिंग पर गौर करें तो उसकी शीर्ष चार खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं। रूस प्रतिबंध लगे होने के कारण लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगा जबकि यूक्रेन भी अपनी मजबूत टीम नहीं उतार पा रहा है। ऐसे में भारतीय महिला टीम अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है जिससे उसकी पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।



### रैना, हरभजन, यूएस मास्टर्स टी-10 में बिखेरेंगे जलवा

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूर्नामेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा। पहले संस्करण की तरह इस सीजन में भी कई रोमांचक मुकाबले होने वाले हैं और निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे तेज तथा मनोरंजक प्रारूप में कई बड़ी हिट्स देखने को मिलेंगी। टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए दावेदारी के साथ दुनियाभर के 500 से अधिक क्रिकेटरों ने यूएस मास्टर्स टी-10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया। इस लीग में कैलिफोर्निया बोल्ट्स, डेट्रायट फाल्कन्स, शिकागो प्लेयर्स, न्यूयॉर्क वॉरियर्स, मॉरिसविले यूनिटी कैंप और अटलांटा राइडर्स टीमों के लिए दुनियाभर के खिलाड़ी खेलेंगे। टी-10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है और हम इस खास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस साल आईसीसी टी-20 विश्वकप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं और इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और इस खेल को और अधिक रोमांचक बनाने में मदद करना है।



### दलीप ट्रॉफी: रिंकू को दूसरे दौर के लिए चुना गया



**अनंतपुर।** ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से यहां शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को राष्ट्रीय टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को भी जगह मिली। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं हटाया गया है जिससे संकेत मिलते हैं कि वे चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं होंगे। बीसीसीआई ने बयान में कहा चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकाश दीप की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है। गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत 'ए' टीम का कप्तान बनाया गया है। जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है। भारत 'डी' टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है।

# देश को गौरवान्वित कर लौटे पैरालंपियन

## पैरालंपिक पदक विजेताओं का स्वदेश लौटने पर दिल्ली में जोरदार स्वागत






पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक देश के नाम कर लौटे पैरालंपियंस का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत, साथ में स्वर्ण विजेता सुमित अंतिल को पुरस्कार देते खेल मंत्री। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया। आज सुबह जब खिलाड़ी हवाई अड्डे से बाहर निकले तो ढोल की थाप और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया।

भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सुमित ने 70.59 मीटर के प्रयास के साथ खेलों का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर एफ64 श्रेणी में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वह मौजूदा विश्व चैंपियन निशानेबाज अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाला दूसरा भारतीय खिलाड़ी बना। अवनि ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह अपनी स्पर्धाएं पूरी करने के बाद पिछले सप्ताह देश लौटी थीं। अंतिल ने 2015 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे अपना बायां पैर खो दिया था। दुर्घटना से पहले वह सक्षम खिलाड़ियों के वर्ग में पहलवान थे।

अपने छोटे कद के कारण एफ41 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप को उनके समर्थकों ने उठाया और उनके साथ जश्न मनाया। नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 84 खिलाड़ियों का दल भेजा था जो खेलों के लिए देश का अब तक का सबसे बड़ा दल था। देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण पदक सहित कुल 29 पदक जीते।

### समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर किया प्रतिभाओं का सम्मान

पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे तीरंदाज हरविंदर सिंह स्वागत से अभिभूत थे। बचपन में डेंगू के उपचार के दुष्प्रभावों के कारण उनके पैर खराब हो गए। वह तीन साल पहले तोक्यो में कांस्य पदक के साथ इस खेल में देश के पहले पदक विजेता बनने के बाद पेरिस में पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने। समर्थकों ने हरविंदर और साथी तीरंदाज शीतल देवी पर फूलों की वर्षा की। बिना हाथों के पैदा हुई शीतल ने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता जबकि वह व्यक्तिगत पदक से मामूली अंतर से चूक गईं थी। शीतल ने कहा मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। मैं बहुत खुश हूं कि भारत ने तीरंदाजी में दो पदक जीते। हमें अच्छा समर्थन मिला और इसीलिए हमने इतने सारे पदक जीते। भारत पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा।

### स्वर्ण के लिए 75, रजत को 50 और कांस्य विजेता को 30 लाख रुपये का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए मंगलवार को नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22 .5 लाख रुपये मिलेंगे। यहां पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित भव्य समारोह में खेल मंत्री ने यह घोषणा की। मांडविया ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों से, भारत ने तोक्यो में 19 पदक, पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

# एमबापे के बिना जीता फ्रांस हॉलैंड ने दिलाई नॉर्वे को जीत

**जिनेवा, एजेंसी**

- नेशंस लीग टूर्नामेंट में फ्रांस ने बेल्जियम को 2-0 से हराया
- हॉलैंड के गोल से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से दर्ज की जीत

स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियों रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किए।

फ्रांस अपने पिछले मैच में शुक्रवार को इटली से 3-1 से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इजराइल को 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्लोवेनिया के स्टार बेंजामिन सेस्को ने कजाकिस्तान पर 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई।

### इजराइल के राष्ट्रगान के समय इटली के प्रशंसकों ने दिखाई पीठ

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए नेशंस लीग फुटबॉल मैच से पहले जब इजराइल का राष्ट्रगान बज रहा था तब इटली के काले कपड़े पहने हुए लगभग 50 प्रशंसकों ने इसके विरोध में अपनी पीठ दिखाई। इटली के इन प्रशंसकों ने सोमवार को खेले गए इस मैच में अपने देश का ध्वज भी हाथ में ले रखा था जिस पर लिबर्टा (स्वतंत्रता) लिखा हुआ था। हमास के साथ युद्ध के कारण इजराइल अपने घरेलू मैच हंगरी में खेल रहा है। इटली ने इस मैच में 3-0 से जीत दर्ज की। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन के इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

# त्रिसा-गायत्री प्री-क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग, एजेंसी**

- हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन में चिराग और मानव हारे


मैच के दौरान त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी।

भारत के चिराग सेन और मानव चौधरी को हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा, जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी महिला युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के विश्व टूर सुपर 500 स्तर के स्पर्धा में त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने यूक्रेन की पोलिना बुग्रोवा और एवगेनिया कांतेमिर के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने अंतिम-32 के इस मुकाबले को 21-14 21-13 से अपने नाम किया। रुतापर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को महिला युगल के अंतिम 32 मैच में हालांकि चीनी ताइपे की सीह पेई शान और हंग एन-त्जु से 11-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। चिराग सेन ने क्वालीफायर दौर में अंतिम 16 दौर के मैच में कनाडा के लाई यिन चुंग ने शिकस्त दी।

मानव चौधरी ने क्वालीफायर के अंतिम 16 में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव को 21-14 21-19 हराया लेकिन अगले दौर में हांगकांग के चान यिन चाक के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार गए।

## बॉलीवुड हलचल

### रश्मिका ने हाल ही में हुई दुर्घटना का किया खुलासा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि हाल ही में उनके साथ एक छोटी सी दुर्घटना हुई। रश्मिका ने उन्होंने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों को अपनी स्थिति के बारे में जानकारी दी। रश्मिका ने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा मुझे पता है कि जब से मैं यहां आई हूं या यहां जब सार्वजनिक रूप से देखी गई थी तब से काफी समय हो गया है। पिछले महीने में मैं आप लोगों से मिलने या सोशल मीडिया मंच पर बहुत सक्रिय नहीं रही हूं इसका कारण यह है कि मेरे साथ एक छोटी सी दुर्घटना हो गई थी, इसलिए मुझे डॉक्टर ने घर पर रहने और आराम करने की सलाह दी थी। अपने संदेश में उन्होंने आत्म-देखभाल के महत्व को भी साझा किया और कहा हमेशा अपना ख्याल रखना प्राथमिकता बनाएं, क्योंकि जीवन बहुत नाजुक और छोटा है और हम नहीं जानते कि हमारे पास कल होगा या नहीं इसलिए हर दिन खुशियाँ चुनें।

### 13 को रिलीज होगी द बकिंघम मर्डर्स

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर खान स्टारर फिल्म द बकिंघम मर्डर्स इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस मिस्ट्री-थ्रिलर के ट्रेलर ने सस्पेंस और इंटेंसिटी का माहौल बना दिया है, जिसकी वजह से दर्शकों की एक्साइटमेंट अलग लेवल पर पहुंच गया है। ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिला है, जिसने इसे एक मस्ट-वॉच मिस्ट्री-थ्रिलर बना दिया है। द बकिंघम मर्डर्स नई और ओरिजनल कंटेंट पेश करती है। कहानी नई है और पहले कभी नहीं देखी गई है। जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है, फिल्म कई उतार-चढ़ाव का वादा करती है, जो दर्शकों को एक अनोखे और रोमांचक अनुभव कराएगी। यह फिल्म फिल्म जसमीत भामरा (जिसे जैज के नाम से भी जाना जाता है) की कहानी बताती है, जो एक पुलिस ऑफिसर और सिंगल माँ है, जिसने हाल ही में एक गोलीबारी में अपने बच्चे को खो दिया है। करीना कपूर खान ने जैज की भूमिका निभाई है। उनके किरदार का हालिया दर्द तब फिर से सामने आता है जब उसे एक लापता बच्चे का मामला दिया जाता है। कहानी कई सरप्राइजेज से भरी है, जो इसे एक्साइटिंग होने के साथ इमोशंस से भरी हुई बनाती है। इस फिल्म से करीना कपूर खान बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत कर रही हैं। वैसे तो वे पिछले 25 सालों से लीडिंग एक्ट्रेस हैं, लेकिन यह फिल्म उनके करियर में एक खास कदम है। उन्होंने बतौर प्रोड्यूसर अपने डेब्यू प्रोजेक्ट के लिए एक अनोखे जॉनर, एक मिस्ट्री थ्रिलर को चुना है। द बकिंघम मर्डर्स ने बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में अपने ग्लोबल प्रीमियर के साथ अपनी इंटरनेशनल अपील दिखाई है। इसे वहां शानदार रिव्यू और फीडबैक मिला है। यह फिल्म 2023 मुंबई फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाई गई है। इस फिल्म में करीना कपूर खान वह एक गंभीर पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं, जो मुश्किल हालात से जूझती है। ट्रेलर देख पहले ही पता चल गया है कि यह एक बहुत ही एंटरटेनिंग और सस्पेंस से भरी थ्रिलर होने वाली है। यह फिल्म एंटरटेनमेंट की दुनिया के दो बड़े नाम, प्रोड्यूसर एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच होने वाला एक और कॉलेबोरेशन है। वीरे दी वेडिंग और क्रू जैसी पॉपुलर कॉमेडी ड्रामा बनाने के बाद, यह जोड़ी अब एक नए जॉनर को एक्सप्लोर कर रही है।



### हर्षवर्धन राणे की सनम तेरी कसम का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे की फिल्म सनम तेरी कसम के सीक्वल की घोषणा कर दी गयी है। वर्ष 2016 में रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम की खूब तारीफ हुई थी, वहीं अब मेकर्स ने घोषणा कर दी है कि वे बहुत ही जल्द सनम तेरी कसम 2 भी लेकर आ रहें हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सनम तेरी कसम 2 का ऐलान करते हुए कैप्शन में लिखा सनम तेरी कसम 2 बन रही है, एक शानदार प्रेम कहानी के बाद हम एक और बेहतरीन कहानी के साथ वापसी कर रहें हैं, अन्य जानकारियों के लिए हमारे साथ जुड़े रहिए। सनम तेरी कसम 2 के लिए अभिनेता हर्षवर्धन राणे का नाम कन्फर्म हो चुका है, जो पहले पार्ट से भी थे, लेकिन अभिनेत्री कौन होंगी इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

### गांधारी में काम करेंगी तापसी पन्नू



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्म गांधारी में काम करती नजर आएंगी। तापसी पन्नू की आगामी फिल्म गांधारी है, जिसकी अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर एक वीडियो और फोटो के साथ की गयी है। गांधारी के क्लिप में देखा जा सकता है कि बैकग्राउंड वॉइस में तापसी ने कहा कहते हैं मां की दुआ हमेशा साथ चलती है, लेकिन जब उसकी बच्ची पर आती है तो काली भी वही बनती है। वीडियो के साथ एक तस्वीर भी शेयर की गई है, जिसमें तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों साथ में पोज दे रहे हैं। ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में तापसी लाजवाब लग रही हैं, वहीं कनिका ब्लैक लुक में दिख रही हैं। तापसी के सामने लगे टेबल पर स्क्रिप्ट रखी हुई है। फिल्म अनाउंसमेंट पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया, हसीन राइटर और एक्ट्रेस दोबारा वापसी कर रही हैं। तापसी पन्नू की फिल्म गांधारी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट और बाकी स्टार कास्ट की अनाउंसमेंट नहीं हुई है। कनिका ढिल्लों फिल्म गांधारी का निर्माण कर रही हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

